दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शुक्रवार 3 नवंबर 2023, वर्ष-12 अंक- 233 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

बक्सों में पैसा भर भरकर ला रही ईडी और सीआरपीएफ : भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाया है। सीएम बघेल ने केंद्र सरकार पर एजेंसियों के दुरूपयोग का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, सीआरपीएफ के प्लेन में जो बड़े-बड़े बक्से भरकर आए हैं, उनकी चेकिंग नहीं हो रही है। मैं निर्वाचन आयोग से कहना चाहूंगा कि इनके (ईडी, सीआपीएफ) वाहनों की भी अनिवार्य रूप से चेकिंग होनी चाहिए। भाजपा हार मान चुकी है और ये आखिरी दांव है कि बक्सों में पैसे भरकर लाए जा रहे हैं, जिसका उपयोग मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए किया जाएगा। इसलिए सभी वाहनों खासकर ईडी और सीआरपीएफके वाहनों की चेकिंग होनी चाहिए। सीएम ने कहा, भाजपा सत्ता के लिए किसी भी स्तर पर जा सकती है। कांग्रेस चुनाव आयोग से इस मामले की शिकायत करेगी और ईडी, सीआपीएफ के वाहनों की चेकिंग की मांग करेगी। सीएम ने सवाल उठाते हुए कहा कि यहां पहले से ही सीआरपीएफ हैं और लाने की क्या जरुरत है ? मतलब यही है कि बक्से में नोट या कुछ और भी हो सकता है। स्पेशल प्लेन बुधवार को आया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी को चेक करना चाहिए। जब सब जगह सीसीटीवी कैमरा लगा है सब की चेकिंग होती है तो इनकी क्यों नहीं हो रही है। सीएम ने कहा कि प्रजातंत्र की हत्या करने के लिए भाजपा किसी भी स्तर पर जा सकती है। कुर्सी का प्रेम इतना है कि बिना कुर्सी के यह लोग रह नहीं सकते। अब ये जान चुके हैं कि पूरे देश में उनके खिलाफ माहौल है। इसलिए कई हाथकंडे अपना रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने जगदलपुर में बोला था कि वहां मैंने फोन चार्ज पर लगाया उसके बाद से मेरा फोन बंद हो गया। कई कोशिश की लेकिन इसके बावजूद फोन चालू नहीं हुआ। जब मैं मीडिया के सामने बताया कि मेरा भी फोन बंद हो गया है। तब 2 घंटे बाद मेरा फोन चालू हो गया।

सीएम के बयान पर रमन का पलटवार

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आरोपों पर पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह ने पलटवार किया है। उन्होंने ट्वीटर पर लिखा है कि यह डर अच्छा लगा। चुनाव हारने के बाद कांग्रेसी ईवीएम पर सवाल उठाते थे। अब हारने के पहले ही बहाना तैयार करके बैठे हैं। दाऊ,। भूपेश बघेल बाकी सब तो ठीक है, लेकिन सीआरपीएफ के जवानों पर ऐसे आरोप लगाते हुए थोड़ी तो शर्म कर लेते। यह जवान हमारे देश की धरोहर हैं। इनकी निष्ठा पर प्रश्न चिन्ह लगाने का अधिकार किसी को भी नहीं है।

भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई पूरी ताकत से रहेगी जारी : मोदी

कांकेर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा हैं कि चोर लुटेरों के भ्रष्टाचार को रोकने और उन पर कार्रवाई के लिए लोगों ने उन्हें सत्ता में बिठाया है और यह काम वह पूरी ताकत से कर रहे हैं। कोई कुछ भी कर ले, लेकिन वह यह काम कतई रोकने वाले नहीं है। पीएम मोदी गुरूवार को कांकेर के गोविंदपुर मैदान में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। पीएम मोदी ने गोंडी भाषा में भी सभी को जय जोहार कहते हुए भाषण की शुरुआत की। मोदी ने नारा लगवाया कि, अऊ नहीं सहिबो, बदल के रहिबो। मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ हो या कोई राज्य, कहीं भी जिसने लोगों को लूटा है, उनको सब कुछ लौटाना पड़ेगा। यह मोदी की गारंटी है कि एक भी बचने वाला नहीं है। भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई के लिए आपने मुझे सत्ता में बिठाया है। उन्होंने भीड़ से अपनी चिरपरिचित शैली में पूछा कि चोर लुटेरों को ठीक करना चाहिए कि नहीं..फिर कहा कि गरीब के हक का पैसा लूटने वालों को वापस करना ही होगा। यह काम मैं रोकने वाला नही हूं, भले ही लाखों गाली मिले या फिर कोई कुछ कर ले। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चुनावी वादे नहीं किए पूरे

कांग्रेस पर राज्य में किए चुनावी वादे पूरे नहीं करने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने देश की राष्ट्रपति आदिवासी बेटी का भी अपमान किया। उनके खिलाफ क्या क्या नही कहा। उनका विरोध किया। उन्होंने लोगों से कहा कि वह आदिवासी बेटी का अपमान करने का बदला ले और कांग्रेस को चुनावों में जरूर सजा दें। उन्होंने कांग्रेस पर ओबीसी वर्ग को भी धोखा देने का आरोप लगाया और कहा कि उन्हें भी इस वर्ग का होने के नाते गाली दी गई।

कांग्रेस और विकास का आंकड़ा 36 का

मोदी ने कहा कि कांग्रेस और विकास का छत्तीसगढ़ का आंकड़ा है। जहां कांग्रेस सत्ता में रहेंगी, वहां पर विकास हो ही नहीं सकता। उन्होंने छत्तीसगढ़ की राज्य स्थापना दिवस का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली की यूपीए सरकार उस समय की भाजपा सरकार से दुश्मनी निकालती रही। फिर भी भाजपा सरकार उसे विकास के पथ पर ले गई। जल्द ही वह 25 वर्ष का होगा तो ऐसे में मतदाताओं को बहुत सोच समझ कर निर्णय लेना है। यह चुनाव विधायक, मंत्री या मुख्यमंत्री बनने का नही हैं बल्कि आपके और आपके बच्चों के भविष्य को तय करने वाला है।

आज बेबाक

दींपावली का बंफर ऑफर, एक पर एक फ्री की तर्ज पर इन दिनों लोगों का मुफ्त में दोहरा मनोरंजन हो रहा है। एक ओर आईसीसी वर्ल्डकप में दुनिया की नामचीन टीमों के खिलाड़ी चौकों और छक्कों की बरसात कर रहे है। वहीं दूसरी ओर पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों में राजनीतिक धुरंधरों के बीच भी दिलचस्प जुबानी जंग तेज होती जा रही है। कोई गुगली डाल रहा है तो कोई बाउंसर मार रहा है। इससे लोगों का घर बैठे भरपूर मनोरंजन हो रहा है। वे चैनल बदल-बदल कर क्रिकेट व पालिटिक्स दोनों का मजा ले रहे है।

ईडी के सामने पेश नहीं हुए केजरीवाल लेटर लिखकर पूछा- मैं संदिग्ध हूं या गवाह

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल शराब नीति केस में पूछताछ के लिए गुरूवार को जांच एजेंसी ईडी के सामने पेश नहीं हुए। इसके बदले केजरीवाल ने ईडी को एक लेटर भेजकर समन को वापस लेने को कहा। साथ ही केजरीवाल ने जांच एजेंसी से सवाल किया कि, आपने समन में मुझे यह नहीं बताया कि मैं संदिग्ध हूं या गवाह। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जांच एजेंसी केजरीवाल को नया समन जारी कर सकती है। ईडी ने 30 अक्टूबर को केजरीवाल को पूछताछ के लिए आने का समन भेजा था। इसे लेकर गुरूवार सुबह करीब 9 बजे केजरीवाल ने ईडी को जवाब भेजा था कि ये नोटिस गैर-कानूनी और राजनीति से प्रेरित है। इसके बाद केजरीवाल पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ मध्यप्रदेश के सिंगरौली पहुंचे और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत ने लंका का बजाया डंका

मुंबई/नवप्रदेश। शानदार फॉर्म में चल रही टीम इंडिया ने वर्ल्ड कप में श्रीलंका को 302 रन से हरा दिया। यह वर्ल्ड कप इतिहास में भारत की अब तक की सबसे बड़ी जीत है। भारत ने 16 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा है। टीम ने 2007 में बरमूडा को 257 रन से हराया था। भारत ने इस वर्ल्ड कप में लगातार 7वां मैच जीता है और सेमीफाइनल में सबसे पहले जगह पक्की की है। भारत के 7 मैचों में 14 अंक हो गए और टीम टूर्नामेंट में अजेय है।

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट पर 357 रन बनाए। दूसरी पारी में भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका को 19.4 ओवर में 55 रन पर ऑलआउट कर दिया। टीम इंडिया से मोहम्मद शमी ने 5 मोहम्मद सिराज ने 3 और जसप्रीत बुमराह ने 1 विकेट लिए। एक विकेट स्पिनर रवींद्र जडेजा को मिला। इनसे पहले शुभमन गिल (92 बॉल पर 92 रन), विराट कोहली (94 बॉल पर 88 रन) और श्रेयस अय्यर (56 बॉल पर 82 रन) शतक बनाने से चूक गए। श्रीलंकाई तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका ने 5 खिलाड़ियों को शिकार बनाया। 358 रनों के टारगेट के जवाब में श्रीलंकाई टीम 19.4 ओवरों में 55 रनों पर ही सिमट गई। इस हार के साथ श्रीलंका सेमीफाइनल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एथिक्स कमेटी ने सांसद से पूछा- रात में किससे बात करती हैं, भड़की महुआ

नई दिल्ली (एजेंसी)। पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा से लोकसभा एथिक्स कमेटी ने गुरुवार 2 नवंबर को पूछताछ की। महुआ मोइत्रा, दानिश अली और अन्य विपक्षी सांसद भड़कते हुए 3:35 बजे एथिक्स कमेटी के दफ्तर से बाहर निकले। जब इनसे गुस्से का कारण पूछा गया तो दानिश अली बोले- चेयरमैन पूछ रहे हैं कि रात में किससे बात करती हैं, क्या बात करती हैं। ये कैसी एथिक्स कमेटी है, जो अनैतिक सवाल पूछ रही है। विपक्षी सदस्यों, टीएमसी सांसद महुआ के हंगामे के बाद भी एथिक्स कमेटी ने विचार-विमर्श जारी रखा। विपक्षी सदस्यों के बहिष्कार पर एथिक्स कमेटी प्रमुख विनोद सोनकर ने कहा- सदस्यों ने पैनल की कार्यप्रणाली और मेरे खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज छग आएंगे

रायपुर/नवप्रदेश। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का भी छत्तीसगढ़ दौरा होगा। वे आज 3 नवंबर को वह रायपुर पहुंचेंगे इसके बाद सुकमा जाकर सभा लेंगे सुकमा के बाद सीतापुर और महेंद्रगढ़ में भी राजनाथ सिंह की सभाएं होंगी। जहां वह भारतीय जनता पार्टी के लिए माहौल बनाएंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी सभाएं होंगी। योगी आदित्यनाथ 4 और 5 नवंबर को छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। कई विधानसभा में चुनावी प्रचार की कमान योगी आदित्यनाथ संभालेंगे।

मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने तीन ग्रामीणों की गला रेतकर की हत्या

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी सभा के पहले नक्सलियों द्वारा तीन ग्रामीणों की हत्या कर दी। नक्सलियों ने ग्रामीणों पर पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए जन अदालत में गला रेतकर मार डाला। घटना पखांजूर थाना क्षेत्र के धुर नक्सल प्रभावित ग्राम छोटेबेठिया की है। जानकारी के अनुसार नक्सलियों ने चार दिन पहले इन तीनों ग्रामीण को अगवा कर लिया था। इसके बाद गुरूवार सुबह उनकी हत्या कर दी। तीनों ग्रामीणों के शव मुरखोड़ी गांव के पास जंगल में मिली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस बल मौके पर पहुंची और आसपास के इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। तीन ग्रामीणों की नक्सलियों द्वारा हत्या करने की वजह से इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीण शव को लेकर थाने पहुंचे। जिन ग्रामीणों की हत्या की गई उनमें कुल्ले कतलामी 35 वर्ष, मनोज कोवाची 22 वर्ष और डुग्गे कोवाची 27 वर्ष सभी मृतक मोरखंडी तहसील पखांजूर के रहने वाले हैं। नक्सलियों द्वारा ग्रामीणों की हत्या पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गन पॉइंट पर छात्रा से अश्लीलता, युवकों ने रात 1.30 बजे कपड़े उतरवाए

वाराणसी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बनारस आईआईटी बीएचयू में बुधवार देर रात एक छात्रा से छेड़छाड़ हुई। तीन युवकों ने दोस्त के साथ जा रही लड़की को रोका। गन पॉइंट पर लड़की और लड़के को अलग किया। फिर जबरन किस करने के बाद उसके कपड़े उतरवाए। उसका वीडियो बनाने लगे। घटना के विरोध में गुरुवार को हजारों स्टूडेंट्स सड़क पर उतर आए। घटना बीएचयू कैंपस में कर्मन बाबा मंदिर से करीब 300 मीटर दूर एग्रीकल्चर फॉर्म के पास रात करीब डेढ़ बजे की है।

इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में सुको ने फैसला रखा सुरक्षित

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम मामले में गुरुवार यानी 2 नवंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया। हालांकि अगली सुनवाई की तारीख नहीं बताई गई। तीसरे दिन की सुनवाई में कोर्ट ने पार्टियों को मिली फंडिंग का डेटा नहीं रखने पर चुनाव आयोग से नाराजगी जताई। अदालत ने आयोग से कहा कि राजनीतिक दलों को 30 दिसंबर तक इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए जितना पैसा मिला है, उसकी जानकारी जल्द से जल्द दें। सुनवाई के दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने सरकार से पूछा कि इलेक्टोरल बॉन्ड की क्या जरूरत है। सरकार तो ऐसे भी जानती है कि उन्हें चंदा कौन दे रहा है। इलेक्टोरल बॉन्ड मिलते ही पार्टी को पता चल जाता है कि किसने कितना चंदा दिया है। इस पर सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि किसने कितना पैसा डोनेट किया, यह सरकार नहीं जानना चाहती है। चंदा देने वाला ही अपनी पहचान छिपाकर रखना चाहता है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

योजना को पलीता... रायपुर में बढ़ गई अमृत मिशन के वॉटर मीटर की चोरी, नोडल एजेंसी और जिला प्रशासन उदासीन

एक ही रात चोर उखाड़ ले गए 15 वॉटर मीटर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में अमृत मिशन और विवादों में चोली दामन का रिश्ता है। पहले ठेका कार्य, कनेक्शन, फिर पानी सप्लाय, इसके बाद मामूली प्रेशर से पानी आने की शिकायतें अभी सुलझी नहीं थी कि एक रात में ही कइयों के मीटर चोर उखड ले गए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इस चोरों की पड़ताल तो दूर नुकसान की शिकायत तक दर्ज नहीं की गई है। जिस एजेंसी की देखरेख में यह कार्य किया जा रहा है वह भी चोरी की एफआईआर नहीं लिखवा रहे। मीटर की कीमत, भरपाई और जिम्मेदारी भी तय नहीं हैं। यह मामला कटोरा तालाब इलाके का है। फुटकर व्यवसाइयों, घरों और दुकानों में चंद रोज पहले ही वॉटर मीटर लगाया गया था। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि पानी शुरू होने से पहले ही मीटर गायब है। अब सवाल है कि मीटर चोरी की भरपाई कौन करेगा। अमृत मिशन का काम देख रहे तकनीशियनों का कहना है कि जिन इलाकों में चोरी की बात सामने आई है, वहां हमने पुलिस में शिकायत की है। चोरी गई लाइन और मीटर का क्या होगा इसके लिए मार्गदर्शन लिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक मीटर पर बिलिंग किस दर से होगी इसका फैसला राज्य सरकार लेगी, अभी इस पर निर्णय नहीं हुआ है। आने के बाद उसे लागू कर दिया जाएगा। जिन जगहों पर पाइप लाइन या मीटर चोरी हुई, नियमों के अनुसार जिनके घरों से मीटर या पाइप चोरी गई है, उन्हें भरपाई करना होगा। योजना में बिना मीटर के पानी की सप्लाई नहीं की जानी है इसलिए ठेकेदार को बदले में नया मीटर लगाना ही होगा।

बाहरी या फिर ठेका मजदूरों पर संदेह

वॉटर मीटर की चोरी के पीछे और घटनाक्रम को जिस तरीके से अंजाम दिया गया है वह संदेहास्पद है। क्योंकि ठेकेदार के मजदूरों के पास ही इसे लगाने और उखाड़ने का औजार है। इसका कोई ख़ास उपयोग भी आमतौर पर कबाड़ियों के लिए फायदेमंद नहीं है। वैसे पहले आधार कार्ड लेकर नामजद वॉटर मीटर लगाने वाला मीटर चोरी होने के बाद पुनः लगाए जाने का जिसे आर्डर मिलेगा उसके लिए यह फायदेमंद हो सकता है। बता दें इसे लगाने वाले ठेकेदार और मजदूर बाहरी हैं।

ऐसे लगा रहे मीटर

दुकानों, पेड़ों और खुले में लगाए जा रहे वॉटर मीटर ही टार्गेटेड हैं। जांच का विषय यह है कि मीटर लगाने से पहले संबंधित व्यक्ति का आधार कार्ड और पहली बार कम शुल्क में ही लगा रहे हैं। वैसे इसकी कीमत करीब 1200 से 3000 है। ऐसे में मीटर लगाने और फिर चोरी के बाद नए मीटर लगाने की प्रक्रिया और नुक्सान किसके खाते में जायेगा यह भी स्पष्ट नहीं है।

न्यूज गैलरी

मद्रास हाई कोर्ट ने गृह सचिव, डीजीपी को भेजा समन

चेन्नई(वार्ता)। मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु की गृह सचिव पी. अमुधा, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शंकर जिवाल और कुछ अन्य पुलिस अधिकारियों को अदालत के आदेशों की अवमानना करने के लिए समन जारी किया है। न्यायालय ने पूरे राज्य में विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को रूट मार्च करने की अनुमति प्रदान करने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति जी. जयचंद्रन ने न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करने के लिए दायर अवमानना की पांच याचिकाओं पर नोटिस जारी कर चार सप्ताह के अंदर न्यायालय के सामने पेश होने का निर्देश देते हुए कहा कि अवमानना याचिकाओं में नामित सभी अधिकारियों को चार सप्ताह में न्यायालय में उपस्थित होना चाहिए। आरएसएस की ओर से अधिवक्ता राजगोपाल ने न्यायाधीश के संज्ञान में लाया कि अदालत ने 16 अक्टूबर, 2023 को एक सामान्य आदेश पारित किया था, जिसमें पुलिस को 22 और 29 अक्टूबर, 2023 को 35 स्थानों पर आरएसएस को रूट मार्च करने की अनुमति देने का निर्देश दिया था। हालांकि, न्यायिक आदेश की घोर अवज्ञा करते हुए ऐसी कोई अनुमति प्रदान नहीं की गई। अपने वक्तव्य में, अतिरिक्त लोक अभियोजक (एपीपी) आर. मुनियप्पराज ने अदालत को सूचित किया कि उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफदायर अपीलों पर 03 नवंबर को उच्चतम न्यायालय में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध होने की उम्मीद है। हालांकि, न्यायाधीश ने उनके अनुरोध को अस्वीकार करते हुए अवमानना याचिकाओं में नामित लोगों को नोटिस जारी करने का आदेश दिया।

मंडी जिले में हुई सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत, सात घायल

शिमला(वार्ता)। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में धन्यारा के समीप बुधवार शाम एक टेंपो ट्रैवलर गहरी खाई में गिर गई जिसमें चार यात्रियों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने कहा कि एक शादी में शामिल होकर वापस लौट रहे लोगों को लेकर जा रहा एक टेम्पो ट्रैवलर धन्यारा के पास 200 मीटर गहरी खाई में गिर गया। पुलिस ने कहा कि चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि सात अन्य को कोटली सिविल अस्पताल ले जाया गया और गंभीर रूप से घायलों को मंडी जिला अस्पताल स्थानांतरित किया गया। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार सुबह शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। दुर्घटना के कारणों की जांच चल रही है।

मध्य इंडोनेशिया में 6.3 तीव्रता का भूकंप

जकार्ता(वार्ता)। मध्य इंडोनेशिया के पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में गुरुवार तड़के 6.3 तीव्रता का भूकंप आया, लेकिन इसमें कोई बड़ी लहरें नहीं उठीं और सुनामी की आशंका नहीं है। यह जानकारी देश के मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी बीएमकेजी ने दी। एजेंसी ने पहले 6.6 तीव्रता वाले भूकंप का आकलन किया था। जकार्ता के समयानुसार भूकंप आज सुबह 04:04 मिनट (अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार बुधवार 2104) पर आया। भूकंप का केंद्र प्रांत के कुपांग शहर से 15 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में 25 किलोमीटर की गहराई में था। एजेंसी ने कहा कि तिमोर तेंगाह सेलाटन इलाके में भूकंप की तीव्रता सबसे ज्यादा महसूस की गई। एजेंसी के अनुसार, भूकंप के झटकों में सुनामी लाने की क्षमता नहीं थी। विभाग ने कहा कि भूकंप के बाद कुछ कमजोर स्तर के झटके भी महसूस किए गए। हालांकि, प्रांतीय आपदा प्रबंधन एवं न्यूनीकरण एजेंसी की आपातकालीन इकाई के प्रमुख गनी लोसा मनोसा ने कहा कि भूकंप के झटकों से कुपांग शहर और उससे आसपास कई घरों और भवनों को मामूली नुकसान पहुंचा है। उन्होंने सिन्हुआ को फोन पर कहा कि अब तक, प्रांतीय प्रशासन और जिला प्रशासन के कई कार्यालय भवनों को मामूली नुकसान पहुंचा है लेकिन किसी के घायल या हताहत होने की खबर नहीं है। उन्होंने कहा कि भूकंप के बाद जोखिम का आकलन जारी है।

दक्षिण सैंडविच द्वीप समूह में 5.2 तीव्रता का भूकंप

बीजिंग(वार्ता)। दक्षिण सैंडविच द्वीप समूह क्षेत्र में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 23:40:07 बजे 5.2 तीव्रता का भूकंप आया। यह जानकारी जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने गुरुवार को दी। भूकंप का केंद्र 57.21 डिग्री दक्षिणी अक्षांश और 25.68 डिग्री पश्चिमी देशांतर में 10.0 किलोमीटर की गहराई में था।

शिंदे ने किया तेंदुलकर की प्रतिमा का अनावरण

मुंबई(वार्ता)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को दक्षिण मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर सचिन तेंदुलकर और उनका पूरा परिवार, खेल मंत्री संजय बनसोडे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, सचिव जय अमित शाह, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के अध्यक्ष अमोल काले, सचिव अजिंक्य नाइक, बीसीसीआई एवं एमसीए के पदाधिकारी और अन्य लोग मौजूद थे। तेंदुलकर की 14 फीट ऊंची प्रतिमा अहमदनगर के मूर्तिकार प्रमोद कांबले ने बनाई है।

पीएम आवास योजना की तीसरी किस्त जल्द

बागपत(ए.)। बागपत में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में लापरवाही बरतने पर परियोजना निदेशक ने 5 ब्लॉकों को पत्र लिखकर दूसरी व तीसरी किस्त में विलंब को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने किस्त जारी कर लाभार्थियों को योजना का लाभ देने के निर्देश दिए हैं। कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। अब जल्द ही लाभार्थियों के खाते रुपए खाते आएंगे। 28 अक्टूबर को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की ऑनलाइन समीक्षा हुई थी। जिसमें जनपद के 5 ब्लॉकों का कार्य असंतोषजनक पाया गया। ग्रामीण क्षेत्र में कुल 117 मकान बनाए जाने थे, जिनमें से अब तक केवल 76 मकानों का ही निर्माण पूरा हो सका है। यह हालात तब बने है, जब लाभार्थियों का चयन 4 वर्ष पहले ही हो चुका था। इनमें से अधिकतर लाभार्थियों की दूसरी और तीसरी किस्त आवंटित नहीं की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जनपद के 5 ब्लॉकों में बागपत को 15, बिनौली को 31, छपरौली को 28, खेकड़ा को 18 व पिलाना को 25 आवास बनवाने का लक्ष्य मिला था। जिसमें से बागपत ब्लॉक ने 14, बिनौली ने 14, छपरौली ने 18, खेकड़ा ने 11 व पिलाना ने 19 आवास का कार्य ही पूर्ण किया है। कार्यवाहक सीडीओ हरेंद्र सिंह ने बताया कि बड़ौत को छोड़कर पांच ब्लॉकों को पत्र जारी कर दिया है। तीसरी किस्त आवंटित नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जो आवास नहीं बन सके है, उन्हें बची हुई धनराशि आवंटित कर बनवाया जाएगा।

7 अक्टूबर की घटना फिर दोहराएगा हमास

हमास ने इजरायल को दी खुली चेतावनी

तेल अवीव(ए.)। इजरायल पर हमला करने वाले हमास ने एक बार फिर मंसूबे जाहिर कर दिए हैं। हमास के एक अधिकारी ने साफ कर दिया है कि वे इजरायल पर बार-बार हमले करते रहेंगे। हाल ही में दिए एक साक्षात्कार के दौरान उन्होंने कहा कि 'इजरायल को सबक सिखाना जरूरी है।' हमास ने 7 अक्टूबर को इजरायल पर रॉकेट दाग दिए थे। करीब चार सप्ताह से दोनों पक्षों के बीच खूनी संघर्ष जारी है। गाजी हमाद ने कहा, 'अल अक्सा फ्लड सिर्फ पहली बार था और इसके बाद दूसरी बार, तीसरी बार और चौथी बार भी होगा।' हमाद का कहना है कि 7 अक्टूबर को जो भी हुआ, उसके लिए हमास को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा,

'हमने जो भी किया है वह उचित है।' हमाद ने कहा, 'इजरायल एक देश है, जिसकी हमारी जमीन पर कोई जगह नहीं है। हमें उस देश को हटाना ही होगा...' उन्होंने कहा, 'हमें इजरायल को सबक सिखाना होगा और हम यह बार-बार करेंगे। अल अक्सा फ्लड सिर्फ पहली बार था और इसके बाद दूसरी बार, तीसरी बार और चौथी बार भी होगा। क्योंकि हमारे पास समाधान करने का दृढ़ संकल्प है और लड़ने की क्षमता है।' हमास नेता ने कहा, 'अगर हमें कीमत चुकानी होगी? तो हां हम चुकाने के लिए तैयार हैं। हमें शहीदों का देश कहा जाता है और हमें शहीदों की कुर्बानी पर गर्व है।' उन्होंने कहा, 'हम आम नागरिकों को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहते, लेकिन जमीन पर कुछ जटिलताएं थीं।' उन्होंने कहा कि कब्जा खत्म होना चाहिए और सिर्फ गाजा ही नहीं, बल्कि फिलिस्तीन की पूरी जमीन पर। उन्होंने इजरायल पर आरोप लगाए, 'इसकी वजह इजरायल है, हम नहीं हैं। हम कब्जे के पीड़ित हैं।' उन्होंने कहा, 'ऐसे में कोई भी हमें जो 7 अक्टूबर को हुआ, उसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहरा सकता।'

गाजा में भारतीय मूल के इजराइली सैनिक की मौत

इजराइल और हमास के बीच जारी जंग का आज 27वां दिन है। हमास को खत्म करने के मकसद से इजराइली सेना गाजा में ग्राउंड ऑपरेशन चला रही है। इस दौरान बुधवार को हमास लड़कों से लड़ते हुए एक भारतीय मूल के इजराइली सैनिक की मौत हो गई। मारे गए सैनिक का नाम स्टाफसार्जेंट हलेल सोलोमन बताया जा रहा है। हलेल इजराइल के डिमोना इलाके से थे। इस जगह में काफी भारतीय मूल के लोग रहते हैं इसलिए इसे लिटिल इंडिया भी कहा जाता है। डिमोना के मेयर बेनी बिट्टन ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर हलेल की मौत की जानकारी दी। वहीं, डिमोना में भारतीय मूल के लोगों ने भी हलेल की मौत पर दुख जताते हुए कहा कि उसने इजराइल के अस्तित्व को बचाने के लिए जान दी है।

अब तक इजरायल ने तबाह किए हमास के 11 हजार ठिकाने

इजरायल ने गाजा चल रहे अपने सैन्य अभियान में बुधवार को हमास के कई ठिकाने तबाह कर दिए हैं। इजरायल ने बताया है कि उसने अब तक हमास के 11,000 ठिकाने नष्ट कर दिए हैं। जमीनी और हवाई हमलों में हमास के इन ठिकानों को तबाह किया गया है। इसके साथ ही इजरायल ने इस जंग को अब समुंद्र की ओर भी बढ़ा दिया है। इजरायल ने कहा है कि उसने लाल सागर में युद्धपोत तैनात किया है।

समाज कल्याण मंत्री के घर ईडी की छापेमारी

■ राजकुमार आनंद के 12 ठिकानों पर सर्च जारी, मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है मामला

नई दिल्ली(ए.)। इनफोर्समेंट डॉयरेक्टरेट ने मनी लॉन्ड्रिंग केस के तहत गुरुवार को दिल्ली के कैबिनेट मंत्री और आप नेता राजकुमार आनंद के घर छापा मारा। जांच एजेंसी सुबह 7:30 बजे आनंद के सिविल लाइंस स्थित सरकारी आवास पहुंची। ईडी ने आनंद के घर के अलावा एक दर्जन ठिकानों पर छापेमारी की।आनंद के खिलाफ ये जांच प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, आनंद के खिलाफ डॉयरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस ने चार्जशीट दाखिल की है। उन पर अंतराष्ट्रीय हवाला लेनदेन के अलावा 7 करोड़ रुपये से अधिक की कस्टम चोरी के लिए इंपोर्ट की गलत जानकारी देने का आरोप है। एक स्थानीय अदालत ने हाल ही में डीआरआई की शिकायत पर संज्ञान लिया जिसके बाद ईडी ने आनंद के खिलाफ पीएमएलए केस दर्ज किया।

किम जोंग हमास को बेच सकते हैं हथियार

नई दिल्ली(ए.)। इजरायल और हमास की जंग में अब किम जोंग उन शासित उत्तर कोरिया की भी एंट्री हो सकती है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि उत्तर कोरिया मध्य पूर्व में हथियार भी बेच सकता है। कहा जा रहा है कि किम जोंग ने अपने अधिकारियों को जंग में फिलिस्तीन का साथ देने के लिए कहा है। इजरायल और

हमास की जंग में अब किम जोंग उन शासित उत्तर कोरिया की भी एंट्री हो सकती है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि उत्तर कोरिया मध्य पूर्व में हथियार भी बेच सकता है। कहा जा रहा है कि किम जोंग ने अपने अधिकारियों को जंग में फिलिस्तीन का साथ देने के लिए कहा है। इजरायल और हमास की जंग में अब किम जोंग उन शासित उत्तर कोरिया की भी एंट्री हो सकती है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है।

बिखरने लगा इंडिया गठबंधन नितीश बोले कांग्रेस को तो फुर्सत ही नहीं

नई दिल्ली (ए.)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वे लोग कांग्रेस को इंडिया गठबंधन में आगे बढ़ा रहे थे। मगर राहुल गांधी की पार्टी को अभी पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों से फुर्सत नहीं है। ऐसे में गठबंधन पर बात नहीं हो पा रही है। विधानसभा चुनावों के बाद में इस पर बात करेंगे।

इंडिया गठबंधन में आगे की रणनीति पर उन्होंने कहा कि अभी विधानसभा चुनावों के चलते बात नहीं हो पा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के नेता कांग्रेस को बढ़ाना चाहते हैं। यानी कि कांग्रेस को गठबंधन में आगे करना चाहते हैं। सीएम नीतीश ने कहा कि अभी कांग्रेस के नेता राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव में व्यस्त हैं। ऐसे में उन्हें गठबंधन के लिए समय नहीं मिल पा रहा है। अब विधानसभा चुनाव पूरे होने के बाद ही इस पर बात होगी। बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल के बाद ही देशभर के विपक्षी दलों की जून महीने में पटना में पहली बैठक हुई थी। यहीं से इंडिया गठबंधन की नींव रखी गई।

नीतीश ने बीजेपी पर साधा निशाना

सीएम नीतीश कुमार ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार को आजादी से मतलब नहीं है। बापू को बीजेपी वाले भुलवाना चाह रहे हैं। ये लोग देश का इतिहास बदलना चाह रहे हैं। भाजपा हिंदू-मुस्लिम में झंझट में लगी हुई है और हम साल 2007 से कंट्रोल करने में जुटे हुए है। बिहार में हिंदू-मुस्लिम में कोई झंझट नहीं है। कुछ तो गड़बड़ करने वाले रहते ही हैं। बिहार में 95 फीसदी को हम एकजुट किए हैं।

सीएम नीतीश ने गुरुवार को पटना में वाम दल सीपीआई की बीजेपी हटाओ देश बचाओ रैली में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। सीएम ने कहा कि बीजेपी वाले हिंदू-मुस्लिम कराना चाहते हैं। मगर हम लोग ऐसा नहीं होने देंगे। सीएम नीतीश के इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में सरगर्मियां तेज हो गई है।

अपनी धार्मिक मान्यताओं को दूसरों पर थोपने के खिलाफ हैं सीजेआई चंद्रचूड़

मैं संविधान को ध्यान में रख अपना काम करता हूं : सीजेआई चंद्रचूड़

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ आध्यात्मिकता और धार्मिक प्रवृति के हैं। सवाल उठता है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय के सबसे ऊंचे पद पर बैठे जस्टिस चंद्रचूड़ के काम बीच उनकी धार्मिक मान्यताएं नहीं आतीं? बतौर जज उन्हें धर्म से जुड़े कई विवादित मामलों में फैसला सुनाना होता है। पूर्व में वह इस तरह के मामलों में जज रहे भी हैं। डीवाई चंद्रचूड़ अपनी धार्मिक आस्था और काम के बीच कैसे संतुलन बनाते हैं? सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने द वीक की अंजुली मथाई को दिए एक साक्षात्कार में इस विषय पर बात की है। मथाई का सवाल था कि क्या जस्टिस चंद्रचूड़ किसी विशेष ईश्वर में आस्था रखते हैं? जवाब में चंद्रचूड़ ने कहा, निःसंदेह, मेरे अपने पारिवारिक देवता हैं। मेरे पास अपना पारिवारिक पूजा कक्ष भी है, जिसमें महाराष्ट्र की विशिष्टता देखने को मिलती है। जब मैं प्रार्थना करता हूं, तो मुझे एक शाश्वत सर्वोच्च सत्ता की अनुभूति होती है जो ब्रह्मांड की व्यवस्था और इंसान की नियति को नियंत्रित करता है।बता दें कि चंद्रचूड़ बिना प्रार्थना किए कभी घर से नहीं निकलते। वह प्रार्थना करने में काफी समय भी लगाते हैं। उनका मानना है कि ऐसा करने से उन्हें न केवल आंतरिक शक्ति और शांति मिलती है। बल्कि उन्हें इसका लाभ प्रोफेशनल लाइफ (कामकाजी जीवन) में भी मिलता है। जजों और वकीलों को अदालतों की भीड़ में काम करना पड़ता है। ऐसे में डीवाई चंद्रचूड़ सुबह-सुबह प्रार्थना के दौरान एकांत में जो समय बिताते हैं, वह उन्हें पूरे दिन शांति का एहसास देता है। हालांकि डीवाई चंद्रचूड़ यह स्पष्ट करते हैं कि वह अपनी धार्मिक मान्यताओं को किसी पर थोपने के पक्ष में नहीं हैं। वह कहते हैं, लेकिन मैं अपनी धार्मिक मान्यताएं किसी पर नहीं थोपता। वे मेरे लिए अत्यंत व्यक्तिगत हैं। मेरे माता-पिता ने अपने धार्मिक विश्वास मुझ पर नहीं थोपे, और मैं भी अपने विश्वास किसी पर नहीं थोपता। जहां तक काम के बीच में धर्म के आने का सवाल है तो जस्टिस चंद्रचूड़ बताते हैं, "मैं संविधान और उसके मूल्यों के प्रति समर्पित होकर अपना काम करता हूं। जब मैं एक न्यायाधीश के रूप में काम करता हूं, तो मैं संविधान के मूल्यों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

भाजपा इंडिया गठबंधन से डरी हुई है : स्टालिन

चेन्नई(वार्ता)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रमुक अध्यक्ष एम.के.स्टालिन ने विपक्षी दल के नेताओं के फोन कथित तौर पर हैक करने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि इससे पता चलता है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इंडिया गठबंधन से डरी हुई है और उसे आगामी लोकसभा चुनाव में पराजय का भय सता रहा है। श्री स्टालिन ने कहा कि इस तरह के जघन्य कृत्यों में भागीदार होने के बाद केंद्र द्वारा इसकी जांच के आदेश देने को भी 'हास्यास्पद' करार दिया। तकनीकी दिग्गज एप्पल द्वारा हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कम्युनिस्ट मार्क्सवादी पार्टी नेता सीताराम येचुरी सहित कई शीर्ष विपक्षी नेताओं को भेजे गए अलर्ट में कहा गया है कि उनके द्वारा उपयोग किए जाने वाले कंपनी के डिजिटल उपकरणों को 'राज्य-प्रायोजित' द्वारा लक्षित किया जा सकता है। हमलावरों का बयान इस बात का संकेत था कि भाजपा विपक्षी इंडिया गठबंधन से डरी हुई है।

कांग्रेस जीती तो महिलाओं को हर माह मिलेंगे 4,000 : राहुल गांधी

हैदराबाद(ए.)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी ने कहा कि अगर तेलंगाना में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सत्ता में आई तो राज्य में महिलाओं को सामाजिक पेंशन, रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में कमी तथा मुफ्त बस यात्रा जैसे कदमों के तहत हर महीने 4,000 रुपये का लाभ हो सकता है। कालेश्वरम परियोजना के मेदिगड्डा बैराज के पास अंबातिपल्ली गांव में महिलाओं की एक सभा को संबोधित करते हुए, कांग्रेस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव द्वारा कथित रूप से ''लूटा'' गया सारा धन महिलाओं को ''लौटाने'' का फैसला किया है। ''तेलंगाना की महिलाएं यहां के मुख्यमंत्री की लूट से सबसे ज्यादा प्रभावित हुईं। कांग्रेस पार्टी ने मुख्यमंत्री द्वारा लूटी गई रकम को आपके बैंक खातों में जमा करने का फैसला किया है।''पहले कदम के तौर पर महिलाओं के बैंक खाते में हर महीने 2500 रुपये सामाजिक पेंशन के तौर पर जमा किये जायेंगे।

साथ ही 1,500 रुपये की बचत भी होगी क्योंकि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो एलपीजी सिलेंडर 500 रुपये में दिया जाएगा और महिलाएं सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा कर पाएंगी जिससे उनके करीब 1000 रुपये बचेंगे। वर्तमान में एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत 1,000 रुपये है।''इन सब से आपको हर महीने 4,000 रुपये का फायदा होगा। इसे पराजाला सरकार कहा जाता है।'' तेलंगाना में एक लाख करोड़ रुपये की लूट हुई है। गांधी ने कहा कि आगामी चुनाव में भारत राष्ट्र समिति, भाजपा और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन एक तरफ चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि लड़ाई कांग्रेस और केसीआर के नेतृत्व वाली पार्टी के बीच है।''एआईएमआईएम और भाजपा बीआरएस का समर्थन कर रही हैं।

पीएम मोदी ने क्यों बनाई एपेक सम्मेलन से दूरी

नहीं जाएंगे युएस, 2+2 वार्ता से पहले बड़ा फैसला

नई दिल्ली (ए.)।अमेरिका के साथ भारत की 2+2 मंत्री स्तरीय वार्ता की तैयारियां जारी हैं। इसी बीच खबर है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एशिया-पैसिफिक इकोनॉमिक कॉर्पोरेशन यानी एपेक की नवंबर में होने वाली बैठक से दूरी बनाने वाले हैं। कहा जा रहा है कि इसकी बड़ी वजह भारत के 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव की व्यस्तता हो सकती है। हालांकि, इसे लेकर सरकार ने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। 10 नवंबर को भारत में 2+2 वार्ता आयोजित होनी है। इसमें शामिल होने के लिए अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन अगले सप्ताह नई

दिल्ली पहुंच रहे हैं।

अमेरिका यात्रा छोड़ेंगे पीएम मोदी

नवंबर के मध्य में अमेरिका के सेन फ्रांसिस्को में होने वाले एपेक शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी शामिल नहीं होंगे। वह कार्यक्रम के लिए किसी और को नामित कर सकते हैं।चुनावों में व्यस्तता भी इसकी एक वजह हो सकती है। खास बात है कि बैठक में शामिल होने के चलते उनका सामना कनाडाई समकक्ष जस्टिन ट्रूडो से भी नहीं होगा।

2+2 वार्ता और कनाडा

संभावनाएं जताई जा रही हैं कि मंत्री स्तर की वार्ता के दौरान भारत-कनाडा तनाव का मुद्दा भी उठ सकता है। भारत ने कनाडा के 41 राजनयिकों को बाहर का रास्ता दिखा दिया था। अब खास बात है कि अमेरिका अब तक इस विवाद में कनाडा का पक्ष लेता नजर आया है। ऐसे में माना जा रहा है कि 2+2 वार्ता के जरिए यह दिखाने की कोशिश की जा सकती है कि कनाडा को लेकर मतभेद का असर द्विपक्षीय रिश्तों पर नहीं होगा। बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री कनाडा की जांच में भारत के सहयोग की बात भी दोहरा सकते हैं। इससे पहले सितंबर में हुई भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बैठक में भी उन्होंने यह मुद्दा उठाया था। खास बात है कि अमेरिका चाहता है कि भारत, कनाडा के राजनयिकों को बाहर करने के फैसले को वापस ले ले।

2+2 की अहम बातें

भारत ने गणतंत्र दिवस परेड के लिए बाइडन को न्योता दिया है, लेकिन अमेरिका की तरफ से इसे लेकर कोई जवाब नहीं आया है। 2+2 वार्ता के दौरान दोनों देश इस पर चर्चा कर सकते हैं। साथ ही आतंकवाद, शिक्षा, स्वास्थ्य, जलवायु समेत कई बड़े मुद्दे भी बैठक के दौरान उठाए जा सकते हैं।

आईसीईटी पर भी चर्चा संभव

भारत और अमेरिका के रिश्तों में अगला बड़ा कदम मानी जा रही आईसीईटी यानी इनीशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी को लेकर भी मंत्रियों के बीच बातचीत हो सकती है। दोनों देश स्मॉल मॉड्युलर रिएक्टर टेक्नोलॉजी के विकास को लेकर भी समझौते कर सकते हैं।

'कट्टर ईमानदारों को जमानत तक नहीं मिल रही': संबित पात्रा

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली शराब घोटाला मामले में आज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ईडी के सामने पेश नहीं हुए बल्कि उन्होंने एक पत्र लिखकर ईडी के समन को गैर-कानूनी करार दे दिया। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने इस मामले को लेकर अरविंद केजरीवाल के ईडी के सामने पेश नहीं होने पर सवाल उठाया और कहा कि वह एजेंसी के सवालों से क्यों भाग रहे हैं? इस दौरान संबित पात्रा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता कट्टर ईमानदार नहीं है इसीलिए उन्हें जमानत तक नहीं मिल पा रही है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने अरविंद केजरीवाल के ईडी के सामने पेश नहीं होने पर कई सवाल खड़े किए।

वोटरों को लुभाने वाली सौगातों पर आयोग की है पैनी नजर

सीमावर्ती क्षेत्रों में जांच के लिए तैनात 24 टीमें

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन आचार संहिता लागू होने के बाद राज्य जीएसटी विभाग में सर्तकता और कार्यवाही बढ़ा दी है। चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने लिए बांटे जाने वाले सामानों के परिवहन पर विभाग की पैनी नजर है। विभाग ने अधिकारियों की 24 टीमों को अन्य राज्यों की सीमाओं से सटे रास्तों पर 24 घंटे वाहनों की जांच के लिए नियुक्त किया गया है और पड़ोसी राज्यों के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से वाहनों की जांच की जा रही है। राज्य कर आयुक्त द्वारा अपने अधिकारियों को पड़ोसी राज्यों के अधिकारियों से समन्वय करने और संयुक्त जांच करने की हिदायत भी दी गई हैं। राज्य के भीतर भी 15 टीमों के द्वारा ई-वे बिल की जांच लगातार की जा रही है। राज्य कर विभाग द्वारा 01 जुलाई 2023 से 31 अक्टूबर 2023 तक कुल 10.10 करोड का माल जब्त किया। जा चुका है। विभाग की नजर रेल्वे और बसों से भेजे जाने वाले सामानों पर भी हैं। रेल्वे से परिवहित माल पर भी गलती पाये जाने पर इस दौरान 40.81 लाख की पेनाल्टी लगाई जा चुकी है। चुनाव में मुफ्त बांटे जाने वाले सामान की धरपकड़ सुनिश्चित करने के लिए आयुक्त ने सभी अधिकारियों को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले गोदामों की जांच करने हेतु निर्देशित किया गया है। अब-तक 377 गोदामों की जांच करके स्टॉक में अंतर पाये जाने पर व्यापारियों को 21.05 लाख रुपये जमा कराये गये हैं। विभाग के अधिकारियों द्वारा पुलिस प्रशासन का सहयोग निष्पक्ष निर्वाचन सुनिश्चित करने में किया जा रहा है और निर्वाचन कार्य में लगे एसएसटी और एफ एसटी में सभी जिलों में अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति गई है और उनके द्वारा जांच में प्रशासन का सहयोग किया जा रहा है।

निर्वाचन : पहले चरण के लिए अधिगृहीत वाहनों की रवानगी शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में दो चरणों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए यात्री और स्कूल बसों के साथ अन्य वाहनों का अधिग्रहण होने के साथ ही यहां से रवानगी का सिलसिला शुरू हो चुका है। इस बार चुनाव के लिए करीब 15 हजार से अधिक वाहनों की जरूरत चुनाव आयोग ने बताया है। इन वाहनों को परिवहन विभाग की ओर उपलब्ध कराने का सिलसिला जारी है। इधर बड़ी संख्या में यात्री बसों के अधिगृहीत होने से आम यात्रियों को दीपावली में अपने गृहग्राम जाने परेशान होना पड़ेगा। वहीं स्कूल बसों को भी चुनाव कार्य में लगाए जाने से स्कूली और कालेज के छात्र-छात्राओं को भी करीब एक सप्ताह परेशानी होगी। प्रदेश में सात और 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव की मतदान की तैयारियों में पूरा प्रशासनिक अमला जुटा हुआ है। परिवहन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक सुरक्षा बल, मतदान कार्य में लगे कर्मचारियों, अधिकारियों को मतदान केंद्रों तक पहुंचाने और वहां से लाने के लिए करीब 7,000 यात्री बस, 2,000 स्कूल बस, 3,000 ट्रक और 3,000 कार के साथ ही शासकीय वाहने अधिगृहित किया जाना है। चुनाव आयोग के निर्देश पर सभी जिलों में आरटीओ की टीम लंबी दूरी की स्लीपर और एसी बसों समेत अन्य वाहनों को अधिगृहीत कर पुलिस को उपलब्ध करा रही है। रायपुर में पुलिस परेड मैदान में अधिगृहीत वाहनों को खड़ा रखा जा रहा है। यहीं से सुरक्षा बल के जवान पहले चरण के मतदान के लिए बस, ट्रक आदि से रवाना हो रहे हैं। पांच नवंबर से अलग-अलग स्थानों के लिए मतदान दलों की रवानगी होगी। परिवहन विभाग चुनाव आयोग को 3 हजार से अधिक वाहन सौंप चुका है।

चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को मिलेगा भत्ता, आदेश जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर सामने आई है। निर्वाचन आयोग ने गुरूवार को भत्ता देने का आदेश जारी कर दिया है। जिसके तहत मतदान दलों में शामिल अधिकारी, कर्मचारियों को 7 और 17 नवंबर को ड्यूटी के दिन दिए जाने वाले भत्ते तय कर दिए हैं। निर्वाचन आयोग ने एक सूची जारी कर इसकी जानकारी दी है। जिसके मुताबिक पीठासीन अधिकारी को 400 रूपए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 250 रूपए दैनिक भत्ता मिलेगा। यह राशि उनके बैंक खातों तत्काल जारी होंगे। बता दें कि छत्तीसगढ़ में दो चरणों चुनाव संपन्न होंगे। पहले चरण की वोटिंग 7 नवंबर को

होगी। इसे लेकर निर्वाचन आयोग की तैयारी पूरी हो गई है। एक दिन पहले बसों से कर्मचारियों को उनके मतदान केंद्र भेजे जाएंगे। इसी तरह 17 नवंबर को भी कर्मचारियों की ड्यूटी लगेगी। वहीं वोटों की गिनती जिला मुख्यालय में 3 दिसंबर को होगी।

न्यूज गैलरी

दुकान के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। देवेन्द्र नगर सेक्टर 1 स्थित इलेक्ट्रॉनिक दुकान के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी ललित वर्मा 29 वर्ष ग्राम चटौद का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केयू 9309 से देवेन्द्र नगर सेक्टर 1 स्थित इलेक्ट्रॉनिक दुकान आया था। जहां दुकान के बाहर से अज्ञात चोर ने उसकी बाइक को पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 18 हजार रुपए बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। बायपास रोड अटारी के पास ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर मौके में पहुंची कबीरनगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मृतक पी. गिरिश नायडु 55 वर्ष हर्षित विहार कबीरनगर का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बुलेट क्रमांक सीजी 04 एनटी 8494 से जा रहा था, तभी बायपास रोड अटारी के पास ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीजे 9590 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बुलेट को टक्कर मार दिया। इससे बाइक सवार पी.गिरिश नायडु की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष भिड़े

रायपुर/नवप्रदेश। वार्ड 22 तिल्दा में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। पहले पक्ष से वार्ड 22 तिल्दा निवासी प्रार्थी हेमकुमार साहू 18 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी संतोष साहू, बिल्लू व सूरज साहू ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष से सागर साहू 21 वर्ष ने थाना में शिकायत की कि आरोपी दीनू साहू, हेमकुमार साहू व टिकेश्वर ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट की । दोनों पक्षों की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बाइक को अज्ञात वाहन ने ठोका, मौत

रायपुर/नवप्रदेश। बायपास रोड सांकरा में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मृतक नरसिंह चरण धरसींवा स्थित संभव इस्पात कंपनी में काम करता था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था। तभी दिलबाग ढाबा के सामने सांकरा में अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब बेचते 4 कोचिए गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते 4 कोचियो को पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 38 पाव अंग्रेजी और 45 पाव देशी शराब जब्त किया है। तेलीबांधा पुलिस ने पंजतारा होटल के पास काशीराम नगर में अवैध शराब बेचते आरोपी नितिन वाल्मिकी 23 वर्ष व सोनू मानिकपुरी 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 38 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने ग्राम नकटी के पास आरोपी राकेश कुमार पारधी 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 20 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं सेजबहार पुलिस ने आरोपी राजेश्वर बारले 34 वर्ष के पास से 25 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

रॉड मारकर ठेकेदार की हत्या

रायपुर/नवप्रदेश। पत्नी से बातचीत को लेकर भड़के एक मजदूर ने लोहे का रॉड मारकर अपने ही ठेकेदार की हत्या कर दिया। इसके बाद ठेकेदार का शव निर्माणाधीन मकान में फेंक दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। राजधानी से सटे ग्राम सारखी में यह वारदात हुआ है। पुलिस के मुताबिक एक दिन पहले ही सारखी ग्राम में ठेकेदार का शव मिला था जिसके पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या का खुलासा हुआ है। जांच में पता चला है कि मृतक नागेश ध्रुव 26 वर्षीय ग्राम देवदा आरंग का रहने वाला था। मजदूर ने ठेकेदार की हत्या कर उसके शव को सारखी में एक निर्माणधीन बिल्डिंग में छोड़ दिया था। जांच में यह बात भी सामने आई है कि मृतक ठेकेदार आरोपी की पत्नी से लगातार बातचीत करता रहता था। इस बात को लेकर आरोपी नाराज था और संभवतः इसी के चलते उसने हत्या जैसे जघन्य अपराध को अंजाम दे डाला।

क्रेन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में बांगो थानां के अंतर्गत ग्राम देवमठी में एक मजदूर की क्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक यहां रेलवे द्वारा बनाए जा रहे पुल में श्रमिक का काम करता था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गांव में रेलवे पुल बनाने का काम चल रहा है। सभी मजदूर काम पर लगे हुए थे इसी दौरान क्रेन के चालक ने बिना आगे पीछे देखे क्रेन को बैक कर दिया। इससे मजदूर युवक झीनक राम की क्रेन से कुचलकर मौत हो गई। मृतक मूलतः उत्तरप्रदेश के सिद्धार्थ नगर स्थित बधेपुरवा गांव का निवासी था।

त्यौहारी सीजन में मिठाई दुकानों की गुणवत्ता पर रखी जा रही नजर

रायपुर/नवप्रदेश। त्यौहारी सीजन में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए छत्तीसगढ़ के समस्त जिलो में संचालित खाद्य परिसरों में निर्मित खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए विभिन्न जिलों के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की एक राज्य स्तरीय उड़नदस्ता दल बनाकर औचक जांच कराई जा रही है। उत्पादन इकाइयों पर नजर रखी जा रही है, जिससे कि आम जन को उच्च गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सके। नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगाव एवं रायपुर जिले में संयुक्त टीम के द्वारा मसाला, दाल, होटल आदि में औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के गुणवत्ता जांच हेतु नमूना संकलित किया गया। राजनांदगाव के मेसर्स राजेश कंफेक्शनरी से चॉकलेट के नमूने संकलित करते हुए जप्ती की कार्यवाही गई मेसर्स अमर शहीद एग्रो से गरम मसाले का नमूना लिया गया। रायपुर में मोवा स्थित दाल मिल मेसर्स संतोष दाल मिल से मसूर के दाल का नमूना लिया गया, साथ ही संयुक्त दल द्वारा एक प्रतिष्ठित होटल मेसर्स अशोका बिरयानी से नूडल का नमूना लेकर राज्य खाद्य एवम औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया जहाँ से रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

एसएसपी ने मोबाइल कंपनियों के नोडल अधिकारियों की ली बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने मोबाईल सेवा प्रदाता कंपनी के नोडल अधिकारियों की बैठक ली गई। पुलिस अधीक्षक मोबाईल कंपनियों के नोडल अधिकारियों को विभिन्न प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों द्वारा टेलीकॉम सर्विसेस को उपयोग में लाये जाने के दौरान उन्हें ध्यान में रखने और आदर्श आचार संहिता के परिपालन के तारतम्य में विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी गई। टेलीकॉम सर्विसेस प्रोवाईडर कंपनी का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में उनकी भूमिका के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गई। वर्तमान में आमजनों को चुनाव प्रचार हेतु बल्क मैसेज एवं रिकॉर्डेड कॉल के संबंध में उनसे जानकारी चाहा गया तथा बल्क मैसेजेस भेजने वाले व रिकॉर्डेड कॉल करने वालों को चिन्हांकित करने कहा गया। आदर्श आचार संहिता के परिपालन में वोटिंग के 48 घंटे के पूर्व किसी भी पार्टी या प्रत्याशी द्वारा भेजे जाने वाले बल्क मैसेजेस एवं रिकॉर्डेड कॉल के द्वारा किसी प्रकार से प्रचार प्रसार पर पूर्णतः रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया। निर्वाचन के दौरान पुलिस द्वारा चाही गई जानकारी को यथासमय तत्काल उपलब्ध कराने भी निर्देशित किया गया।

पांच दिनों तक नवतनवा एक्सप्रेस का रूट परिवर्तित

रायपुर/नवप्रदेश। उत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के अंतर्गत वाराणसी रेलवे स्टेशन के यार्ड का आधुनिकरण का चल रहा काम पूरा नहीं हो पाया है। यह काम अब पांच नवंबर तक चलेगा। लिहाजा रेलवे ने नान इंटरलाकिंग काम का विस्तार कर दिया है। पहले यह काम दो सितंबर से 29 अक्टूबर तक किया जाना था, अब पांच नवम्बर तक यह काम चलेगा। इसके चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली नवतनवा एक्सप्रेस परिवर्तित रूट से आना-जाना करेगी। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि एक और तीन नवंबर को दुर्ग से रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 18201 दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग प्रयागराज जंक्शन-सुल्तानपुर-अयोध्या कैंट-अयोध्या-नवतनवा होकर रवाना होगी। इसी तरह तीन और पांच नवंबर को नवतनवा से रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 18202 नवतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नवतनवा-अयोध्या-अयोध्या कैंट-सुल्तानपुर-प्रयागराज जंक्शन होकर रवाना होगी। रेलवे प्रशासन ने इस दौरान यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद जताते हुए सहयोग की अपील की है।

यूनिवर्सल फाइनेंस उत्सव का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। त्योहारों को देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स का एक्सक्लूसिव भव्य शोरूम सिटी कोतवाली चौक एवं मेन रोड शंकर नगर स्थित यूनिवर्सल सर्विसेस द्वारा यूनिवर्सल फाइनेंस उत्सव के अंतर्गत मात्र 500 देकर एक्सचेंज सुविधा के अंतर्गत कोई भी नया प्रोडक्ट घर ले जाया जा सकता है। यह फाइनेंस उत्सव दीपावली पर्व तक जारी रहेगा। इस इनेंस उत्सव को उपभोक्ताओं ने भरपूर पसंद किया है विगत 38 वर्षों से निरंतर उपभोक्ताओं की सेवा में कार्यरत यूनिवर्सल सर्विसेस द्वारा विश्व प्रसिद्ध बड़ी कंपनियों के सारे इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराए गए है। सैमसंग, एलजी, पैनासोनिक, सोनी, आईएफ बी, बुश, बीपीएल, हायर, टीसीएल, केल्विनेटर, वर्लपूल, गोदरेज, हिताची, मित्सुबिशी, ब्लू स्टार एवं वंडरचीफ के इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराए गए हैं सभी क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड पर 26 प्रतिशत तक कैशबैक की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। यहां एलइडी टीवी, एसी, वॉशिंग मशीन, फ्रि ज, वॉटर प्यूरीफ ायर, डीप फ्रीजर, चिमनी एवं माइक्रो वेव ओवन की आकर्षक रेंज उपलब्ध कराई गई है। जेबीएल साउंड बार 9900/- इंडक्शन 1499/- से मिक्सर ग्राइंडर 1499/- से इलेक्ट्रिक आयरन 299/- एवं इलेक्ट्रिक केटली 249/- से प्रारंभ की गई है। आकर्षक फाइनेंस स्कीम द्वारा उपभोक्ताओं को यह सारे प्रोडक्ट उपलब्ध कराए जा रहे हैं संस्थान द्वारा घर पहुंच एक्सप्रेस सर्विस दी जा रही है। वहीं पार्किंग की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वहीं रविवार को शोरूम खुला रहेगा।

तीन लाख सदस्यों की नहीं हुई ई-केवायसी

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में राशनकार्ड में दर्ज सदस्यों में 8 लाख 32 हजार की ही ई-केवायसी हो पाई है. ज्यादातर बच्चों और बुजुर्गों की ही ई-केवायसी बाकी है. करीब तीन लाख लोगों ने ई-केवायसी नहीं कराया है. वन नेशनल वन राशन कार्ड योजना के तहत शत-प्रतिशत लोगों को ई-केवायसी कराना है. उचित मूल्य की दुकानों में ई-पॉश मशीन पर अंगूठा लगाकर आधार सत्यापन किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में बुजुर्गों का घर में जाकर भी सत्यापन किया गया, लेकिन कई लोगों के अंगूठे के निशान मैच नहीं होने से सत्यापन नहीं हो पाया. जिले में 593 उचित मूल्य की दुकानें हैं. इसमें 3 लाख 16 हजार 792 राशनकार्डधारी हैं। इसमें प्रचलित राशनकार्ड के सदस्य के रूप में दर्ज 11 लाख 8 हजार 750 हितग्राहियों में से 8 लाख 32 हजार 63 लोगों का ही सत्यापन हुआ है. अंतिम तिथि में चार बार तिथि की वृद्धि की गई.।

स्वीट ओ हॉलिक ने किया फेस्टिवल ऑफर का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। कटोरा तलाब नेता जी चौक सिविल लाइन स्थित स्वीट ओ हॉलिक द्वारा त्योहारों एवं दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए एवं उपभोक्ताओं को एक बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से रायपुर में फेस्टिवल ऑफ र का भव्य आयोजन जिसमें मात्र 1000 की खरीदी पर 10 प्रतिशत विशेष छूट एवं 1000 से अधिक की खरीदी पर 15 प्रतिशत की बंपर छूट प्रदान की जा रही है। इस भव्य बेकरी शोरूम में सभी प्रकार के फ्लेवर उपलब्ध रहेंगे। संस्थान के संचालक प्रभजोत सिंह भल्ला ने बताया की हमारे यहां टॉप क्वालिटी के बेकरी आइटम, चॉकलेट, गिफ्ट हैम्पर, शेक मॉकटेल, पेस्ट्री, ब्राउनीस, कुकीज एंड पप्स, डेजर्ट एवं पुडिंग व मफ न्स एंड केक्स की स्वादिष्ट रेंज आकर्षक डिजाइन में उपलब्ध है। इस भव्य बेकरी शोरूम में एक से बढ़कर एक केक उपलब्ध कराए गए है।

विशेष ऑर्डरों पर सप्लाई की संपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध है। वहीं गिफ्ट हैपर्स की विशाल रेन्ज उपलब्ध है।

एनएमडीसी ने सतर्कता जागरूकता मैराथन और रन-फार-यूनिटी का किया आयोजन

हैदराबाद/नवप्रदेश। भारत की खनन प्रमुख कंपनी एनएमडीसी ने मंगलवार को हैदराबाद में सतर्कता जागरूकता मैराथन और रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया। वीएडब्ल्यू 2023 के तत्वावधान में, एनएमडीसी केकर्मचारियों और शहर के स्कूली बच्चों ने ÷भ्रष्टाचार का विरोध करें और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें'' विषय पर जागरूकता का प्रसार किया ।

विनय कुमार , निदेशक (तकनीकी) ने सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों को उच्चतम स्तर की अखंडता बनाए रखने और देश के लोगों को भ्रष्टाचार से मुक्त रखने के लिए प्रोत्साहित करते हुए इस दौड़ का नेतृत्व किया।

विनय कुमार और बी विश्वनाथ, मुख्य सतर्कता अधिकारी ने सोमवार को एनएमडीसी के कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ भी दिलाई। इसके पश्चात भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री तथा केंद्रीय सतर्कता आयोग के संदेशों को पढ़ा।

निदेशक (तकनीकी) ने इस अवसर पर कहा,कि ÷हमारा देश बिस्मार्क ऑफ इंडिया - सरदार वल्लभभाई पटेल के सम्मान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन करता है। सार्वजनिक पद पर उनकी सत्यनिष्ठा और ईमानदारी देश के प्रत्येक लोक सेवक द्वारा अनुकरणीय है । मैं अपने हितधारकों को अनैतिक प्रथाओं के प्रति शून्य-सहिष्णुता अपनाने और सतर्क भारत, समृद्ध भारत के निर्माण की दिशा में एनएमडीसी की प्रतिबद्धता में योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करता हूं।'' सत्यनिष्ठता से अपने कर्तव्यों का निर्वाह करने वाले कर्मचारियों का सम्मान करने और सतर्कता उपायों पर जागरुकता के लिए एनएमडीसीपूरे भारत में अपने कर्मचारियों के लिए नारा लेखन, निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन कर रहा है ।

संपादकीय

निशाने पर केन्द्रीय जांच एजेंसियां

पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के दौरान ही ईडी की विपक्षी नेताओं के खिलाफ हो रही कार्यवाही को लेकर एक बार फिर केन्द्रीय जांच एजेंसियां विपक्षी पार्टियों के निशाने पर आ गई है। ताजा मामला बहुचर्चित शराब घोटाले में नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी द्वारा भेजा गया समन है। इस समन के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सीधे भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह ईडी पर दबाव डाल कर उनके खिलाफ कार्यवाही करा रही है ताकि वे पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए न जा सके। अरविंद केजरीवाल ने तो ईडी के समन को ही चुनौती दे दी है और इसे राजनीति प्रेरित और असंवैधानिक करार दिया है। आम आदमी पार्टी के अन्य नेताओं ने भी ईडी की इस कार्यवाही का यह कहकर विरोध किया है कि केन्द्र सरकार आम आदमी पार्टी के बढ़ते जनाधार से डर गई है और अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना चाहती है ताकि वे पांच राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए न जा सकें। अन्य विपक्षी पार्टियों ने भी इस मुद्दे को लेकर केन्द्र सरकार पर विपक्षी नेताओं के खिलाफ बदले की कार्यवाही करने का आरोप लगाया है। विपक्षी पार्टियों का यह आरोप कितना सही है यह तो नहीं कहा जा सकता लेकिन ऐन चुनाव के दौरान केन्द्रीय एजेंसियों की इस तरह की कार्यवाही पर सवालिया निशान लगना स्वाभाविक है। यद्यपि विपक्ष के आरोपों के जवाब में भाजपा नेताओं ने तर्क दिया ह कि देश में कहीं न कहीं कोई न कोई चुनाव तो लगभग साल भर चलते ही रहते है ऐसे में यदि केन्द्रीय एजेंसियां कार्यवाही करती है तो इसे राजनीकि प्रेरित करार दिया जाता है, जो अनुचित है। दिल्ली शराब घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए हैं. उन्हें गुरुवार यानी 2 नवंबर को जांच एजेंसी के समक्ष पेश होना था. सीएम केजरीवाल ने पेश ना होने के लेकर ईडी को एक पत्र लिखकर जवाब दिया है. सीएम केजरीवाल ने ईडी को दिए अपने जवाब में कहा है कि यह साफ नहीं है कि आपने मुझे किस नाते समन भेजा है, एक गवाह के तौर पर या फिर संदिग्ध के तौर पर. इस समन में किसी तरह की डिटेल भी नहीं दी गई है. यह भी नहीं बताया गया कि मुझे व्यक्तिगत तौर पर बुलाया गया है या फिर मुख्यमंत्री के तौर पर या फिर आम आदमी पार्टी के मुखिया के तौर पर। इस मामले में इसी साल फरवरी में सीबीआई ने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया था. बाद में 9 मार्च को ईडी ने तिहाड़ जेल में सिसोसिया से पूछताछ की और सीबीआई की एफआईआर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिसोदिया को गिरफ्तार किया था. इस सप्ताह की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी है. ईडी ने 4 अक्टूबर को राज्यसभा सांसद संजय सिंह को भी पूछताछ के बाद जेल भेजा है। कहा जा रहा है कि आम आदमी पार्टी अपने गठन के 12 साल बाद पहली बार इतनी बड़ी मुश्किलों और संकट का सामना कर रही है. चर्चा यह भी है कि जांच एजेंसी ने केजरीवाल को तलब करने से पहले सबूतों को इकट्ठा किया है. संभावना जताई जा रही थी कि सवालों के जवाब नहीं मिलने पर गिरफ्तारी भी की जा सकती है. ईडी इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े पहलुओं पर जांच कर रही है। जानकारों का कहना है कि दिल्ली शराब नीति मामले में जिस तरह से जांच एजेंसियां एक्टिव हैं और धड़ाधड़ कार्रवाई कर रही हैं, उससे अटकलों से इनकार नहीं किया जा सकता है. इस मामले में जांच एजेंसी ने पहले कथित स्कैम से जुड़े लोगों के नाम खंगाले. उनका कनेक्शन पता किया और सबूत जुटाए. उसके बाद बड़े नेताओं के खिलाफ एक्शन की तैयारी की गई. पहले दिग्गजों के नाम एफआईआर दर्ज की गई।

इंडिया गठबंधन पर स्वार्थ हावी

प्रेम शर्मा

भारत के राजैनतिक दलों में निजी स्वार्थ की पराकष्ठा पार हो चुकी है। इसी का परिणाम है कि भारत के राजनैतिक दल जनता के बारे मे कम और अपने बारे में ज्यादा सोचते और करते है। यही एक कारण है कि लम्बे अरसे से सत्ता से दूर रहने वाले दल सत्ता पाने की आतुरता में मुद्दे विहीन राजनीति के साथ ऐसे दलों के साथ गठबंधन को तैयार हो जाते है जिनके विचारों एवं कार्या में जमीन आसमान का अन्तर होता है। लोकसभा 2024 से एक वर्ष पूर्व इण्डिया गठबंधन का यही हाल है। इस नए गठबंधन को पहली बैठक इसी वर्ष जून में हुई थी। इस गठबंधन में कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, आप, जनता दल युनाइटेड, राष्ट्रीय जनता दल, जेएमएम, एनसीपी, शिवसेना (यूटीबी),समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल, अपना दल (कमेरावाडी),जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉफ्रेंस, पीडीपी, मकापा मार्क्सवादी, सीपीआई, एमएमके, इण्डियन मुस्लिम लीग, केरल कॉग्रेस एम, केराल कांग्रेस जोसेफ, आरएसपी, आल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक, एमडीएमके, विदुथलाई चिरूथिगल काची, केएमडीके और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी लिबरेशन जैसे दल शामिल थे। निश्चित तौर पर इन सभी दलों के काम करने का तरीका अलग है। इन दलों की मूल मंशा भी लगभग एक दूसरे के विपरीत है। इन सभी दलों के प्रमुख नेताओं की पदलोलुपता और निजी स्वार्थ अलग अलग है। ऐसे में इस गठन पर स्वार्थ भारी पड़ रहा है।

इस गठबंधन शामिल सपा का कांग्रेस पर हालिया हमला कांग्रेस को धोखेबाज' और एक प्रदेश अध्यक्ष को चिरकुट कहना इस बॉत का संक्रेत हैं कि गठबंधन में स्वार्थ हो चुका है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और सपा की तल्खी से भाजपा विरोधी विपक्षी गठबंधन के भविष्य पर क्या असर पड़ेगा? क्या लोकसभा चुनाव तक इंडिया गठबंधन एकजुट रह पाएगा? जैसा कि गठबंधन के गठन के समय लगता था कि ये दल बहुत गर्मजोशी से एकसाथ आ जाएंगे तो जमीन पर ऐसा नहीं दिख रहा है। जिनकी अपनी सीटों पर क्षेत्रीय ताकत है, उसे वो कैसे जाने दे सकते है ? आगे क्या होगा, यह देखना होगा, लेकिन अभी तो यह परेशानी की शुरुआत दिखाई दे रही है। सपा नेता अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता अजय राय के बीच वादविवाद ने गठबंधनर में स्वार्थ का संकेत दे दिया है। अगले महीने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के बाद विपक्षी एकता की कवायद के परवान चढ़ने की उम्मीद जताई जा रही थी। तब किसी ने यह नहीं सोचा होगा कि इन्हीं विधानसभाओं के चुनाव में विपक्षी गठबंधन ९.छ.क.९.। के बिखराव का बीजारोपण भी हो जाएगा। समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच मची खींचतान से अब यह बात स्पष्ट होने लगी है कि विपक्षी गठबंधन बेमेल ब्याह की तरह है। अबी तो लोकसभा चुनाव में पांच-छह महीने की देर है। इसके पहले एन यानी नीतीश और ए यानी अरविंद-अखिलेश अलग होते दिख रहे हैं। लोकसभा चुनाव गठबंधन बिखर जाए तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। बहरहाल अब राजनैतिक स्थिति बदल गई है। अब गैर कांग्रेस वाद बहुत पीछे चला गया है। अब लड़ाई गैर भाजपावाद की है। लेकिन अभी भी क्षेत्रीय दल अपनी जमीन पर कांग्रेस को खाद-पानी मुहैया नहीं कराना चाहते। चाहे यूपी हो, पंजाब हो, दिल्ली हो, बिहार हो, पश्चिम बंगाल हो। इसीलिए गाहे-बगाहे इन सभी राज्यों के क्षेत्रीय क्षत्रप कांग्रेस को कोसते रहते हैं। यह कांग्रेस का साथ केवल इसलिए दे रहे हैं क्योंकि इन सबके मुखिया भाजपा की जांच एजेंसियों से पीड़ित हैं और अकेले उनमें भाजपा से भिड़ने की हिम्मत नहीं है। लिहाजा यह मजबूरी और विवशताओं पर टिका हुआ गठबंधन है तो उसे गठबंधन नहीं कहते हैं। मजबूरियों का साथ कभी भी स्थाई नहीं होता है। ऐसे में कांग्रेस को यह समझना चाहिए। इन विधानसभा चुनावों से एक संदेश जाना चाहिए था।

वैसे देखा जाए तो सभी क्षेत्रीय दलों ने कांग्रेस की ही जमीन ली है। 1993 में जब मुलायम सिह को सरकार बनाने के लिए सीटें कम पड़ रहीं थीं, तब कांग्रेस ने समर्थन दिया था। उसी तरह सपा ने केंद्र में कांग्रेस को समर्थन दिया। दोनों एक दूसरे को स्पेस नहीं देना चाहते हैं। कांग्रेस के लोग मानते हैं कि अगर हमने मध्यप्रदेश में छह सीटें दे दीं और उनमें से तीन सपा जीत गई तो वो तीन कहां जाएंगे, यह कोई नहीं कह सकता है। इंडिया गठबंधन नेताओं के बीच हुआ गठबंधन है। 1975 के दौर की एकता अभी दिखाई नहीं देती है। गठबंधन की बैठकें शादियों में शामिल होने जैसी लग रही है।

किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम यूनेस्को के साथ रचनात्मक क्षेत्र और उसमें शामिल भारतीय शहरों की करें तो, यूनेस्को का रचनात्मक शहरों का नेटवर्क (यूसीसीएन) की स्थापना कर 2004 में प्रारंभ किया गया था। इसका उद्देश्य, उन शहरों के मध्य सहयोग को बढ़ावा देना है जो रचनात्मकता को अपने शहरी विकास में एक रणनीतिक कारक के रूप में पहचानते हैं और नीति निर्धारण में उन कारकों को स्थान देते हैं।सतत् विकास लक्ष्य 11 का उद्देश्य सतत् शहरों और समुदायों से संबंधित है।यूसीसीएन में सात रचनात्मक क्षेत्र हैं (1) शिल्प एवं लोक कला,(2) मीडिया कला, (3) फिल्म, (4) डिज़ाइन, (5) गैस्ट्रोनॉमी, (6) साहित्य (7) संगीत यूसीसीएन में शामिल भारत के शहरइस प्रकार हैं जयपुर - शिल्प और लोक कला (2015)। वाराणसी - संगीत का रचनात्मक शहर (2015)।चेन्नई - संगीत का रचनात्मक शहर (2017)।मुंबई - फिल्म (2019)।हैदराबादः- गैस्ट्रोनॉमी (2019)।श्रीनगर-शिल्प और लोक कला (2021) ग्वालियर - संगीत (2023)।कोझिकोड- साहित्य के रचनात्मक शहर (2023)।

भारत के लिए गौरव भरा वैश्विक ऐतिहासिक पल

वैश्विक स्तरपर दुनियां के हर कोने में अगर कहीं उपलब्धियों की बात आती है तो वहां भारत का नाम जरूर सुनने को मिलता है, जिसका ग्राफकुछ वर्षो से बढ़ता चला जा रहा है। साक्षात रूप से अभी हमने हांगझोऊ चीन एशियन गेम्स 2023 में 107 मेडल, भारत ने एशियन पैरा गेम्स 2023 को 29 स्वर्ण, 31 रजत और 51 कांस्य सहित कुल 111 पदकों के साथ अब तक की सर्वश्रेष्ठ मेडल टैली के साथ समास किया है। चंद्रयान 3, सूर्ययान, गगनयान,भारत विश्व नेता के रूप में परिभाषित, विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, विश्व बैंक द्वारा तारीफ, पिछले माह यूनेस्को द्वारा हेरिटेज साइट की नई लिस्ट में पश्चिम बंगाल के शांतिनिकेतन व कर्नाटक के होयसेल के पवित्र मंदिर को समूह में शामिल कर संख्या 42 तक पहुंचना और अभी 1 नवंबर 2023 को मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध शहर ग्वालियर को संगीत का शहर और केरल के कोझीकोड को साहित्य का शहर के रूप में शामिल किया गया है, जो काबिले तारीफ है। दरअसल यूनेस्को ने इन दोनों शहरों सहित दुनियां के 55 शहरों को इस सूची में शामिल किया गया है। यूनेस्को की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक इन शहरों को अपने विकास, रणनीतियों के हिस्से के रूप में सांस्कृतिक और रचनात्मकता का उपयोग करने और मानव केंद्रित शहरी नियोजन में नवीन प्रथाओं को प्रदर्शित करने के प्रति उनकी मजबूत प्रतिबद्धता के लिए इस सूची में शामिल किया गया है, जो प्रत्येक भारतवासी के लिए एक गौरव की बात है और इन दोनों शहरों की स्थानीय निकायों शासन प्रशासन व राज्य सरकारों को बहुत-बहुत बधाई हो। नए नामित 55 रचनात्मक शहरों को 1 से 5 जुलाई तक ब्रागा, पुर्तगाल में आयोजित होने वाले 2024 यूसीसीएन वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।सम्मेलन का विषय अगले दशक के लिए युवाओं को मेज पर लाना है। चूंकि भारत के इन दोनों शहरों को वैश्विक स्तर पर स्थान मिला है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, संयुक्त राष्ट्र परिषद के यूनेस्को ने भारत के ग्वालियर को संगीत का शहर और कोझिकोड को साहित्य का शहर के रूप में नामित करना भारतवासियों के लिए गौरववित भरा पल है।

साथियों बात अगर हम यूनेस्को की अधिकृत वेबसाइट पर घोषणा की करें तो, दुनियां की क्रिएटिव सिटीज की सूची में भारत के 2 शहर यूनेस्को ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी घोषणा की है। यूनेस्को की ओर से जारी बयान के मुताबिक इन नए शहरों को अपनी विकास रणनीतियों के हिस्से के रूप में संस्कृति और रचनात्मकता का उपयोग करने और मानव-केंद्रित शहरी नियोजन में नवीन प्रथाओं को प्रदर्शित करने के प्रति उनकी मजबूत प्रतिबद्धता के लिए इस सूची में शामिल किया गया है। विश्व शहर दिवस (वर्ल्ड सिटी डे) पर यूनेस्को के महानिदेशक ऑड्रे अजोले द्वारा स्वीकृति के बाद 55 शहर रचनात्मक शहरो के नेटवर्क में शामिल हो गए। मध्य प्रदेश के ग्वालियर ने संगीत श्रेणी में इस प्रतिष्ठित सूची में जगह बनाई है। वहीं, केरल के कोझिकोड को साहित्य श्रेणी में इस सूची में शामिल किया गया है।

साथियों बात अगर हम केंद्रीय संस्कृत मंत्री द्वारा सोशल मीडिया एक्स में दी गई जानकारी की करें तो, संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन यानी युनेस्को में भारत के दो शहरों ने परचम लहराया है। भारत के ग्वालियर और कोझिकोड को उन 55 नए शहरों में शामिल किया है जिनकी मंगलवार को यूनेस्को के रचनात्मक शहरों के नेटवर्क की सूची जारी की थी।केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री ने इसकी जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफोर्म पर एक्स पर पोस्ट किया देशवासियों के लिए एक गौरव भरा ऐतिहासिक पल है। क्योंकि युनेस्को ने क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क की सूची में केरल के कोझिकोड को साहित्य का शहर और ग्वालियर को संगीत का शहर के रूप में नामित कियागया है।

साथियों बात अगर हम ग्वालियर को संगीत शहर काखिताब मिलने की करें तो, मध्यप्रदेश की स्थापना दिवस पर प्रदेश वासियों को एक बहुत बड़ी सौगात मिली है। प्रदेश की ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर को यूनेस्को ने अपनी क्रिएटिव सिटीज में शामिल किया है। ग्वालियर को उसकी संगीत विरासत के लिए चुना गया है। बता दें, मध्य प्रदेश टूरिज्म विभाग ने इसका प्रस्ताव यूनेस्को को भेजा था। इस प्रस्ताव में बताया गया था कि ग्वालियर अपनी संगीत धरोहर के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। यह शहर तानसेन, बेजू बाबरा, राग रागनी, ध्रुपद के लिए प्रसिद्ध है। ग्वालियर को मिली इस सफलता पर मध्य प्रदेश टूरिज्म विभागने हर्ष जताते हुए आगे इस विरासत को और बढ़ाने की बात कही है। साथ ही कहा है कि प्रदेश के अन्य शहरों के प्रस्ताव भी यूनेस्को में भेजे जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने ट्वीट कर बताया कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश खासकर ग्वालियर-वासियों के लिए एक गौरव भरा ऐतिहासिक पल है।मुझे यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि युनेस्को द्वारा ग्वालियर को सिटी ऑफ़ म्यूजिक की मान्यता दी गई है। यह उपलब्धी सबके साथ मिलकर किये गए हमारे अथक प्रयासों का परिणाम है। ग्वालियर की यह उपलब्धि विश्व पटल पर मध्य प्रदेश की एक नई पहचान स्थापित करेगी और विकास व रोज़गार के नये द्वार खोलेगी। सभी प्रदेश वासियों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि की अनंत बधाई तथा स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली। 3 नवंबर का इतिहास इस प्रकार हैः -2011 में आज ही के दिन फ्रांस के कैन्स में जी-20 शिखर सम्मेलन शुरू हुआ जिसमें यूरोजोन ऋण संकट पर चर्चा की गई थी। 2007 में 3 नवंबर को ही पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की प्रमुख बेनजीर भुट्टो को उनके घर में नजरबंद किया गया था। 2004 में आज ही के दिन अमरीका के राष्ट्रपति जॉर्ज बुश 3 नवंबर को दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए थे। 2003 में 3 नवंबर के दिन ही पाकिस्तान और चीन के बीच बीजिंग में आठ समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। 2001 में आज ही के दिन अमेरिका ने लश्कर व जैश-ए-मोहम्मद पर प्रतिबंध लगाया था। 2000 में 3 नवंबर को ही भारत सरकार द्वारा डायरेक्ट टू होम प्रसारण सेवा सभी के लिए शुरू की गई थी। 1997 में आज ही के दिन जी-15 समूह का सातवां शिखर सम्मेलन कुआलालंपुर में शुरू हुआ था।1988 में 3 नवंबर को ही वायु सेना ने आगरा से एक पैराशूट बटालियन समूह को लिया था।

QUIZ TIME

1) भारत की पहली वाटर मेट्रो सेवा का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में कहाँ पर किया?

2) बैंकिंग किस क्षेत्र के अंतर्गत आती है?

3) काला सागर किस देश के दक्षिण में स्थित है?

4) 31 दिसंबर 1600 ई. को लंदन में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के गठन के समय भारत में मुगल बादशाह कौन थे?

5) हाल ही में किस देश ने रतन टाटा को अपने देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कोच्चि (2) तृतीयक क्षेत्र (3) रूस (4) अकबर (5) ऑस्ट्रेलिया

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -233

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

ऊपर से नीचे
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 232 का हल

स्वा	द		सा	म	ना		कै	दी
व		ख	ल	ना	य	क		वा
लं	प	ट		ना	क	क	ट	ना
बी		प				ड़ी		प
	अ	ट	प	टा			शा	न
स	ह		यो			र	ति	
ह	म		द	र	ब	द	र	
म	क	र		सी	ल			
त		क्षा		द	वा	खा	ना	

आज का पंचांग

सूयोदय : 06:41, सूयास्त : 05:40
चन्द्रोदय : 21:01, चन्द्रास्त : 11:04
अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय)
ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : कार्तिक, पक्ष : कृष्ण, तिथि : षष्ठी, नक्षत्र : पुनर्वसु, योग : शिव (13:14 से सिद्ध), प्रथम करण : कौलव (09:30 तक), द्वितीय करण : तैतिल (21:52 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : तुला, चंद्र : मिथुन, मंगल : तुला (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : तुला (अस्त, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कन्या (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:38 से 12:22, अमृत काल : 19:23 से 21:05, सर्वार्थसिद्धि योग : 29:57 से 30:32, रवियोग : 29:57 से 30:32, विजय मुहूर्त : 13:50 से 14:34, गोधूलि मुहूर्त : 17:29 से 17:55, सायाह्न सन्ध्या : 17:29 से 18:48, निशिता मुहूर्त : 23:34 से 24:27, राहुकाल : 10:30 से 12:00, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 06:31 से 07:53, होमाहुति : गुरु, दिशाशूल : दक्षिण।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष राशि : आज आपको अपनी समस्त समस्याओं का समाधान माता-पिता के सहयोग से मिल जायेगा, आप रिलैक्स फील करेंगे। आज जीवनसाथी आपके लिए कुछ ख़ास करने का प्लान बनाएंगे।

वृष राशि : आपकी मुलाकात कुछ प्रभावशाली लोगों से होगी, जिनसे आपको कुछ नयी बातें सीखने को मिलेगी। इस राशि के जो लोग पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें अपने काम में सफलता मिलेगी।

मिथुन राशि : आपको अचानक किसी काम से मुनाफा होगा, भौतिक सुख सुविधाएं बढ़ेगी। इस राशि के जिन लोगों का स्टेशनरी का बिजनेस है, उनको रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा।

कर्क राशि : आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपको फिजूल की बातों में पड़ने से बचना चाहिए। आज आपकी सेहत ठीक रहने वाली है।

सिंह राशि : आपको अपने अधिकारों की प्राप्ति होगी, जिससे आपको खुशी मिलेगी। घर परिवार के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताएंगे, लोगों में आपसी ताल मेल बना रहेगा।

कन्या राशि : इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों को आज नई उपलब्धियां मिलेगी, दिन व्यस्तता से भरा होगा। बिजनेस के सिलसिले में आपकी यात्रा के योग बन रहे हैं, आपकी यात्रा लाभदायक रहेगी।

तुला राशि : संतान के साथ घर के किसी काम को पूरा करने का प्लान बनाएंगे। पैतृक सम्पति से आज आपको लाभ मिलेगा। आज आपके रुके हुये सभी काम आसानी से पूरे होंगे।

वृश्चिक राशि: आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। कई दिनों से चल रही कड़ी मेहनत आज रंग लाएगी । मसालेदार खाना खाने से आपकी सेहत में प्रभावित हो सकती है।

धनु राशि : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज रोजगार के कई अवसर मिलेंगे। नृत्य सीख रहे लोगों के लिए दिन बेहतरीन है।

मकर राशि : परिवार के साथ अगर किसी ट्रिप पर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो जल्द पूरा होगा। आपकी भौतिक सुख-सुविधाएं बनी रहेंगी। नए कामों को करने के लिए आपका भाग्य पूरा साथ देगा।

कुंभ राशि : जो लोग फ्रेशर हैं, उनको किसी दोस्त की मदद से अच्छी जॉब लगेगी। आर्थिक रूप से आ रही कठिनाइयों से आज आपको निजात मिलेगी। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आज आपको आराम मिलेगा।

मीन राशि : आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आपका विरोध करने वाले लोग भी आपके काम की सराहना करेंगे।

न्यूज गैलरी

भिलाई में ड्राइवर के घर से ईडी ने किया 5 करोड़ कैश जब्त

दुर्ग/नवप्रदेश। भिलाई में ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने हाउसिंग बोर्ड ब्लॉक नंबर-15 क्वॉर्टर नंबर- 17 निवासी बप्पा दास के यहां छापा मारकर करीब पांच करोड़ कैश जब्त किया है। ये रकम दीवान में रखी गहुई थी। जब्त रकम में 500 और 2000 के नोट शामिल हैं।

बताया जा रहा है कि बप्पा दास पेशे से ड्राइवर है और ऑनलाइन सट्टा ऐप की आईडी संचालित करता है। ऐसे में उसके पास से इतनी बड़ी रकम का मिलना हैरान करता है। ईडी को आशंका है कि ये पैसा ऑनलाइन सट्टा ऐप का है जिसे चुनाव में खर्च करने के लिए रखा गया था। 3-4 गाड़ियों में पहुंचे ईडी के अफसर रात 9 बजे तक कार्रवाई में जुटे थे। जानकारी के मुताबिक, ईडी के अफसर 3 से 4 दिल्ली पासिंग गाड़ियों में पहुंचे हैं। टीम में महिला अधिकारी भी शामिल थे। बताया जा रहा है कि अधिकारी ताला तोड़कर मकान में घुसे। फिलहाल, किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक एक डॉक्टर को भी कमरे में बैठाकर रखा गया है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छापा मार कार्रवाई के दौरान जब नोट जब्त किए तो इतनी बड़ी रकम गिनना संभव नहीं था। लिहाजा टीम ने हाउसिंग बोर्ड से नोट गिनने की मशीन मंगवाई। पिछले एक घंटे से नोट गिनने का काम जारी है। बताया जा रहा है कि रकम पांच करोड़ के आसपास हो सकती है। बताया जा रहा है कि बप्पा दास पेशे से तो ड्राइवर है लेकिन वो ऑनलाइन सट्टा ऐप की आईडी भी संचालित करता है। इस रकम को छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में खपाने में इस्तेमाल के लिए लाने की आशंका जताई जा रही है।

कोक ओवन कर्मियों को मिला शिरोमणि पुरस्कार

भिलाई (नव प्रदेश)। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में शिरोमणी पुरस्कार योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट तथा अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए, पाली शिरोमणि एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार दिया जाता है। इसी के तहत संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में विगत दिनों कर्म एवं पाली शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक (कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग) श्री समीर रायचौधरी उपस्थित थे। कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक द्वारा बेहतर कार्यशैली के लिए शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दूसरी तिमाही जुलाई से सितम्बर 2023 के लिए वरिष्ठ प्रबंधक (सीबीसी ऑपरेशन) श्री एल एन चंद्राकर को पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में सितम्बर 2023 के लिए श्री ईश्वर प्रसाद पुरे, मास्टर ऑपरेटर (बैटरी ऑपरेशन) व श्री राजकुमार खांडेकर, चार्जमन कम सीनियर तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस) को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र तथा उनके जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

शैलवी को मिला नृत्य स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार

दुर्ग (नव प्रदेश)। देश राग अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में नयनिका कासलीवाल (राखी रॉय की शिष्या) की शिष्या डी. शैलवी ने एकल नृत्य में प्रथम प्राप्त की है वहीं आइडा राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता के एकल नृत्य प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रही। डी. शैलवी ,डॉ. अंजन कुमार एवं डी. उमा महेश्वरी की पुत्री है। तथा एमजीएम स्कूल, सेक्टर-6 में क्लास वन की छात्रा है। जो तीन वर्ष की आयु से अपनी गुरु नयनिका कासलीवाल से निरंतर प्रशिक्षण ग्रहण कर रही है। अपनी गुरु के कुशल मार्गदर्शन में बहुत कम उम्र में डी. शैलवी ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

खेत में व्यस्त किसान, चुनावी माहौल से दूर

दुर्ग (नव प्रदेश)। दुर्ग जिले के किसान धान की लुआई में जोर-शोर से जुट गए हैं। सरकार ने 1 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करना भी शुरू कर दिया है। किंतु किसान अभी अपना धान बेचने ज्यादा संख्या में नहीं आ रहे हैं । अभी किसानों के उपज में नमी है। नमी मापक यंत्र में नमी मापन किया जाता है । नमी ज्यादा होने पर किसानों का धान नहीं खरीदा जाता। इसलिए किसान अभी सरकारी धान खरीदी केंद्रों पर ज्यादा मात्रा में नहीं पहुंच रहे हैं। एक हफ्ता 10 दिन के बाद किसानों की संख्या बढ़ेगी। दुर्ग जिले के सभी सेवा सहकारी समिति धान खरीदी की तैयारी को पूरा कर चुकी है । धान खरीदी का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। चूंकि यह चुनावी वर्ष है।

निधन

जगन्नाथ ताम्रकार

दुर्ग (नव प्रदेश)। तमेर पारा दुर्ग निवासी जगन्नाथ ताम्रकार (80 वर्ष) का निधन हो गया। कुछ दिनों से वे अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे सुनील के पिता व पूर्व पार्षद एवम दुर्ग जिला थोक उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष विनोद ताम्रकार व जय नारायण के ससुर थे।

भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में 7,000 की जगह अब 10,000 सालाना दिया जायेगा-ताम्रध्वज

कांग्रेस का दावा, पूर्ण बहुमत से फिर बनाएंगे सरकार : साहू

■ **कांग्रेस ने प्रदेश की जनता के हित में लिए गए निर्णय से हमारी जीत तय - ताम्रध्वज साहू**

नव प्रदेश संवाददाता

क्षेत्र के नागरिकों ने बताया कि ताम्रध्वज साहू पूरे 5 वर्षों तक लगातार सक्रिय रहते है और समय-समय पर क्षेत्र में जनसंपर्क करते रहते है और क्षेत्र में जो समस्या उनके सामने आती है। उसके निदान के लिए त्वरित कार्यवाही करवाते है। ताम्रध्वज भैय्या क्षेत्रवासियों के व्यक्तिगत समस्याओं को गंभीरता से लेते है और उसके निदान के लिए तुरन्त निर्देश देते है। जनसंपर्क के दौरान विधायक प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने पिछले 5 वर्ष क्षेत्र में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में कराए गए विकास कार्यो की जानकारी दी गई , जो कि जनता के हित में कराए गए हैं। इनमें प्रमुख रूप से सड़क, पानी,शिक्षा ,स्वास्थ , बिजली, सामुदायिक भवनों का निर्माण शामिल हैं। आगे कहा कि लोगों का उत्साह ये बता रहा है कि कांग्रेस सरकार पूर्ण बहुमत से पुनः सरकार बना रही है।भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में 7,000 की जगह अब ?10,000 सालाना दिया जायेगा।

दुर्ग। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का प्रचार तेज हो गया हैं। इसी क्रम में कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने ग्राम धनोरा, हनोदा, कोड़ीया, कोकड़ी, खम्हरिया, उमरपोटी, पुरई, करगाडीह, बोरीगारका एवं पाउवारा में हर वार्ड में पार्षद व पूर्व पार्षद, जोन, वार्ड एवं बुथ के पदाधिकारी मतदाताओं से सीधा संपर्क कर उन्हें कांग्रेस के पक्ष में वोट करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं और ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। हर मतदाता से सीधा संपर्क कर उन्हें विकास कार्यो की जानकारी दे रहे हैं। आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार बनने पर जनता के हित में क्या कार्य किए जाएंगे यह भी जानकारी दी गई।

जनसंपर्क के दौरान विधायक प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने पिछले 5 वर्ष क्षेत्र में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में कराए गए विकास कार्यो की जानकारी दी गई , जो कि जनता के हित में कराए गए हैं। इनमें प्रमुख रूप से सड़क, पानी,शिक्षा ,स्वास्थ , बिजली, सामुदायिक भवनों का निर्माण शामिल हैं। आगे कहा कि लोगों का उत्साह ये बता रहा है कि कांग्रेस सरकार पूर्ण बहुमत से पुनः सरकार बना रही है।भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में ?7,000 की जगह अब ?10,000 सालाना दिया जायेगा। कांग्रेस ने प्रदेश की जनता के हित में कई गारंटियों की घोषणा की है जिसका निश्चित रूप से आने वाले समय में राज्य की जनता को लाभ मिलेगा।

क्षेत्र के नागरिकों ने बताया कि ताम्रध्वज साहू पूरे 5 वर्षो तक लगातार सक्रिय रहते है और समय-समय पर क्षेत्र में जनसंपर्क करते रहते है और क्षेत्र में जो समस्या उनके सामने आती है। उसके निदान के लिए त्वरित कार्यवाही करवाते है। ताम्रध्वज भैय्या क्षेत्रवासियों के व्यक्तिगत समस्याओं को गंभीरता से लेते है और उसके निदान के लिए तुरन्त निर्देश देते है।

इस अवसर पर अध्यक्ष केश शिल्प बोर्ड नंदकुमार सेन, अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेन्द्र देशमुख,भीषम हिरवानी, मोहन हरमुख,जिला पंचायत कृषि सभापति योगिता चंद्रकार ज़िला पंचायत सभापति लक्ष्मी साहू, रामकली यादव, सुलोचना पुजा,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष झमीत गायकवाड़,अध्यक्ष सहकरिता प्रकोष्ट रिवेन्द्र यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष मुकुंद पारकर, जनपद सदस्य राकेश हिरवानी, विकास चंद्राकार बुधवंती मधुकर,महेंद्र सिन्हा, सुसायटी अध्यक्ष रोहित साहू,राजेश साहू, दिवाकर गायकवाड़, जमावंत गजपाल सरपंच मनीष साहू, तेजराम चंदेल, चंद्रभान सारथी, परमिला साहू,रोशन साहू, सुखित राम यादव, टिकेंद्र ठाकुर,उमा रिगिरी,घनश्याम गजपाल, गुंजेश्वरी साहू, गण, कांग्रेस कार्यकर्ता सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में राजभाषा कार्यशाला संपन्न

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 के सभागार में दिनांक 1 नवम्बर 2023 को विभाग प्रमुख व महाप्रबंधक प्रभारी (एसएमएस-3) श्री ए बी श्रीनिवास के मुख्य आतिथ्य एवं महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी (एसएमएस-3) श्रीमती पुष्पा एम्ब्रोस की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए महाप्रबंधक (एसएमएस-3) एवं विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी श्री उमा शंकर परगनिहा ने जानकारी दी कि विभाग में अधिकाधिक कार्य हिंदी में सम्पादित किये जा रहे है। कार्यक्रम में राजभाषा विभाग द्वारा सामान्य ज्ञान पर आधारित हिंदी भाषा में एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर प्रतिभागियों को विजेता घोषित किया गया और पुरस्कार वितरित किए गए। प्रथम पुरस्कार विजेता महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी श्रीमती पुष्पा एम्ब्रोस, द्वितीय पुरस्कार विजेता, महाप्रबंधक श्री मोहित आर्य तथा तृतीय स्थान पर महाप्रबंधक श्री यतेंद्र कुमार रहे।

इस कार्यशाला में अपने उदबोधन में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी (एसएमएस-3) श्री ए बी श्रीनिवास ने कहा कि हिंदी हमारे देश की प्रमुख भाषा है7 यह आम जनमानस की भाषा है व हृदय को छूती है।

आबकारी विभाग ने कसा नशे के कारोबारियों पर नकेल

दुर्ग (नव प्रदेश)। विधानसभा निर्वाचन - 2023 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता लागू तिथि 09 अक्टूबर 2023 से 31 अक्टूबर 2023 तक आबकारी विभाग द्वारा जिले में मादक पदार्थो के अपराधिक प्रकरणों में संलिप्त व्यक्तियों पर नकेल कसते हुए कुल 69 प्रकरण पंजीबद्ध किये गए हैं। जिसमें कुल 1170.36 बल्क लीटर देशी, विदेशी मदिरा, 22 हजार 925 किलोग्राम महुआ लाहन एवं कुल 05 वाहन जप्त किया गया, जिसका कुल बाजार मूल्य 17 लाख 83 हजार 395 रूपये है। सहायक आयुक्त आबकारी ने जानकारी दी कि आबकारी विभाग दुर्ग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर अवैध शराब/मादक पदार्थो के संदिग्ध विक्रय वाले क्षेत्रों, पारम्परिक मार्गो, मुख्य मार्गो, होटल - ढाबों, बस स्टशनों एवं रेलवे स्टेशनों में लगातार जांच तथा गश्त की कार्यवाही की जा रही है।

इसके अतिरिक्त अवैध शराब के

भाजपा के प्रति लोगों में उत्साह, भिलाई में फिर खिलेगा विकास का कमल : प्रेमप्रकाश पांडेय

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। चुनाव की तारीख नजदीक आते भाजपा के प्रति लोगों का उत्साह अपने चरम पर है, जिसकी झलक आज सेक्टर -7 में देखने को मिली। भिलाई बचाओ, कमल खिलाओ अभियान के तहत आज भाजपा प्रत्याशी प्रेमप्रकाश पाण्डेय सेक्टर -7 पहुंचे, जहां श्री हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए उन्होंने जनसंपर्क की शुरूआत की। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने लोगों से भेंट करते हुए भिलाई में शांति और विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्षो में हमारे भिलाई की जो दुर्दशा हुई है, उसके लिए केवल कांग्रेस जिम्मेदार है। हम अब और नहीं सहेंगे, कांग्रेस सरकार को बदलकर रहेंगे।

जनसंपर्क के दौरान स्थानीय महिलाओं ने श्री पाण्डेय को बताया कि पिछले 5 सालों में भिलाई का माहौल बिल्कुल बदल चुका है। जहां हमारे शहर का शिक्षा में बोलबाला था, वहां अब सिर्फ क्राइम का ग्राफ बढ़ रहा है। हम लोगों को भी कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। श्री पाण्डेय ने कहा कि आपने जब भी मुझे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सौंपा है, मैंने भिलाई के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किये हैं। चाहे महिलाओं की सुरक्षा हो, या फिर शिक्षा की प्रगति, भाजपा सरकार ने सभी वर्गो के लिए पहल की है। आने वाले समय में आप सभी के समर्थन से हम फिर भाजपा की सरकार बनायेंगे और निश्चित ही हर दिशा में कार्य करेंगे।

सेक्टर -2 और बापू नगर में होगा जनसंपर्क

भिलाई बचाओ, कमल खिलाओ अभियान के तहत प्रेमप्रकाश पाण्डेय 3 नवंबर को प्रातः 08.30 बजे सेक्टर -2 सड़क 15बी शिव मंदिर से पूजा-अर्चना कर जनसंपर्क की शुरूआत करेंगे।

फिर से बनेगी हमारी सरकार, कांग्रेस सरकार पर जनता का भरोसा : देवेंद्र

जनसंपर्क में उमड़ी भीड़, जनता का मिल रहा समर्थन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव जनता का भरपूर सहयोग और आर्शीवार मिल रहा है। वार्डो में विधायक श्री यादव विश्वास यात्रा कर रहे हैं। गुरूवार को न्यू खुर्सीपार वार्ड 47 गौतम नगर में विश्वास यात्रा निकाली गई। जिसे जनता ने पूरा विश्वास जताया। कांग्रेस सरकार ने सीएम भूपेश बघेल ने घोषणा की है कि सिलिंडर रिफलिंग में छूट की घोषणा की है। मतलब जो सिलेंडर लोग अभी 1100 रुपए से अधिक में बिक रही है। वह सिलेंडर प्रदेश भर में मात्र 475 रुपए में जनता को दिया जाएगा।

इस पर जनता ने अपना पूरा भरोसा जताया और कहा कि हमें कांग्रेस सरकार पर भरोसा है। सीएम भूपेश बघेल ने जो वादा किया वह निभाया। भिलाई विधायक श्री यादव ने जो कहा वो कर के दिखाया।

इस अवसर पर विधायक श्री यादव ने कहा कि जनता की सेवा ही मेरा धर्म है और मैं अपना धर्म पूरी इमानदारी निष्ठा और पूरी श्रद्धा से निभाते आया हूं। हमने भिलाई के भलाई के लिए काम किया है। पहले के नेता सालों तक खुर्सीपार में वार्ड झांकने तक नहीं आते थे, हमेंशा खुर्सीपार- छावन की जनता की उपेक्षा करते रहे। पीने के लिए शुद्ध पानी तक नहीं दिए।

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शुभम स्वर्णकार अन्य-1 पिता स्व. प्रवीण चंद स्वर्णकार किसान स्टेशन रोड़ दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमिस्वामी हम की क्रयशुदा भूमि ग्राम रिसाली प.ह.नं. 49 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि कुल खसरा नं. 219/1, 223/1, 224/1, 226/1, 260/1, 617/1, 642/1, 683/1, 690 कुल रकबा 5.4970 हे. भूमि परा अभिलिखित नाबालिग शब्द को विलोपित कर बालिग दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 19/10/2023 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/10/2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र- /अ-06/वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती केजा बाई पति स्व. चमरूराम साहू निवासी कोहका द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 स्थित भूमि ख.नं. 4512 रकबा 0.010 हे. भूमि आवेदक के पिता के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। खातेदार आवेदक के पिता की मृत्यु होने स मृतक का नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 10/11/2023 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202310101000103 /अ-06/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती बबिता प्रसाद ध.प. स्व. कृष्ण कुमार प्रसाद साकिन शांति नगर सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 6305 रकबा 0.030 हे. जो उसके स्व. कृष्ण कुमार प्रसाद आ. पुनवासी राम के नाम पर दर्ज है कि फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 10/11/2023 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/10/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अति. तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र- /अ-06/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राममणि शुक्ला आ. स्व. रामसमुझ शुक्ला साकिन चन्द्र नगर कोहका भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हम की भूमि ख.नं. 2503, 2575 रकबा 0.030, 0.020 हे. जो उसके स्व. रामसमुझ आ. रामकृष्ण के नाम शामिलात खाते पर दर्ज है कि फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 10/11/2023 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/10/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अति. तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र-202310101000102 /अ-06/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राममणि शुक्ला आ. स्व. रामसमुझ शुक्ला साकिन चन्द्र नगर कोहका भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हम की भूमि ख.नं. 2502 रकबा 0.020 हे. जो उसके स्व. रामसमुझ आ. रामकृष्ण के नाम शामिलात खाते पर दर्ज है कि फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 10/11/2023 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23/10/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अति. तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र-202310101000101 /अ-06/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राममणि शुक्ला आ. स्व. रामसमुझ शुक्ला साकिन चन्द्र नगर कोहका भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हम की भूमि ख.नं. 2504 रकबा 0.020 हे. जो उसके स्व. रामसमुझ आ. रामकृष्ण के नाम शामिलात खाते पर दर्ज है कि फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 10/11/2023 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23/10/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
अति. तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)
मामला क्रमांक /.../....2020-21
ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवकुमार साकिन कुथरेल तह. व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा अपने पिता पिता तिजऊ राम आ. स्व. मंगलू राऊत की मृत्यु दिनांक 15/07/2004 को हो चुकी है। उक्त संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वह दिनांक 17/11/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है।

आज दिनांक दिनांक 02/11/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा कि साथ जारी किया गया है।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सुनीता सिंह ध.प. अजय सिंह साकिन केम्प 1 सुपेला द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 46 रा. नि. मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 1539/27 रकबा 1040 वर्गफीट को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता उमा ईश्वरी पति अभिषेक कुमार से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के अधार पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10/11/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/10/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अति. तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मोनिका नारंग पिता/पति विरेन्द्र नारंग निवासी ग्राम अरेरा कालोनी भोपाल तहसील व जिला भोपाल के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 333/60 रकबा 2070 वर्गफीट भूमि को विक्रेता धर्मेन्द्र जांगिड वगै. पिता/पति शुभकरण जांगिड निवासी ग्राम इण्डस्ट्रियल एरिया धमधा रोड़ दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 16/06/2023 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10/11/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17/10/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गजेन्द्र कुमार अन्य-2 पिता स्व. डवन लाल साहू निवासी ग्राम मुक्त नगर बोरसी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 791/38 रकबा 0.013 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार डवन लाल साहू की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12/12/2023 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/10/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिसौहा राम पिता हेमचंद निवासी ग्राम बैगापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 219/1, 223/1, 224/1, 226/1, 260/1, 617/1, 642/1, 687/1, 910 रकबा कुल 5.4970 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार नीरा बाई की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10/11/2023 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/10/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

निर्दलीय प्रत्याशी मीना पर लगा मनमानी का आरोप

- **खुद को सर्व समाज की बता रही प्रत्याशी**
- **समाज के पदाधिकारियों ने जताई आपत्ति**

सुप्रीत शर्मा

बालोद/नवप्रदेश। संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र सहित जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में चुनावी बिगुल बज चुका है। जहां प्रमुख पार्टियों के अधिकृत प्रत्याशी मैदान में तो हैं ही उनके साथ-साथ कुछ ऐसे निर्दलीय भी मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं जो टिकट नहीं मिलने के कारण खुद से उतरे हैं। ऐसे निर्दलीय, पार्टी के विभिन्न पदों पर रहे हैं तो जनप्रतिनिधि रह चुके हैं लेकिन पार्टी ने कई तरीकों के आंकलन के बाद उन्हें टिकट के लिए उपयुक्त नहीं पाया तो ये निर्दलीय अपनी राजनीतिक आकांक्षा पूरा करने के लिए मैदान में आए हैं। ऐसे निर्दलियों को कुछ दिग्गज नेता भी समर्थन दे रहे हैं। जो कि अलग-अलग प्रमुख राष्ट्रीय पार्टियों से संबंधित हैं। लेकिन उन समर्थन देने वाले उन नेताओं को अपने राजनीतिक भविष्य का ख्याल नहीं है। ऐसी चर्चा राजनीतिक महकमे में इन दिनों जोर-शोर से हो रही है। बालोद विधानसभा की ही बात करें तो यहां निर्दलीय के रूप में चर्चित चेहरा मीना साहू को माना जा रहा है। जो कांग्रेस से संबंधित है। उन्हें कांग्रेस में टिकट नहीं दिया गया तो वह निर्दलीय चुनाव लड़ रही है। लेकिन खास बात यह है कि वह स्वयं को सर्व समाज की प्रत्याशी भी बता रही हैं। विगत दिनों उनके नामांकन रैली में जुटे लोगों में कई ऐसे लोग थे जो कोई बीजेपी से तो कोई कांग्रेस से संबंधित है। अधिकतर साहू समाज के लोग इसमें नजर आए। इधर मीना साहू द्वारा खुद को सर्व समाज का निर्दलीय प्रत्याशी बताए जाने से समाज के पदाधिकारियों ने आपत्ति जताई है और विभिन्न समाज के लोग उनके इस स्व घोषणा को मतदाताओं को भ्रमित करने का और वोट बटोरने का षड्यंत्र करार दे रहे हैं। विभिन्न समाज के अध्यक्षों ने उनके इस स्व घोषणा को खारिज किया है और उन्हें मीडिया के जरिए चेताया है कि इस तरह से बिना सामाजिक सहमति और बिना आधार के खुद को सर्व समाज का प्रत्याशी न बताएं।

निर्दलीयों पर पार्टी की नजर

मीना सहित अन्य निर्दलीयों को समर्थन देने वालों की लिस्ट भी बन रही। ऐसे में राष्ट्रीय पार्टियों के पदाधिकारी इस बात के आकलन में जुटे हैं कि जो निर्दलीय को समर्थन दे रहे हैं उनका क्या होगा? पार्टी बागियों पर नजर बनाई हुई है ताकि अपनी जीत सुनिश्चित की जा सके। लेकिन यहां निर्दलीय के समर्थकों को इस बात का भान नहीं हो रहा है कि वह क्या करने जा रहे हैं! दरअसल मामला जीत हार से जुड़ा हुआ है। उदाहरण के तौर पर मीना साहू को ही ले लेते हैं।

सवाल जो चर्चा में है

मीना साहू अगर निर्दलीय अच्छी खासी असंतुष्टों से समर्थन जुटाकर चुनाव जीत भी जाती है तो उन्हें समर्थन देने वालों में भाजपा और कांग्रेस के कई ऐसे दिग्गज हैं जो वर्षों से पार्टी से जुड़े रहे हैं और समर्पित भाव से काम किए हैं। लेकिन इस चुनाव में वह बागी तेवर दिखाकर निर्दलीय को समर्थन दे रहे हैं अगर मीना चुनाव जीतती है तो या तो वह कांग्रेस में ही रहेगी या भाजपा में भी जा सकती है! ऐसे में अगर वह कांग्रेस में जाती है तो उनके कांग्रेस से जुड़े समर्थकों का तो भला हो जाएगा लेकिन उन्हें वर्तमान में भाजपा के लोगों का जो अंदरूनी या प्रत्यक्ष समर्थन मिल रहा है उनका महत्व कम हो जाएगा। यही स्थिति विपरीत परिस्थितियों में बनेगी। अगर वह भाजपा में प्रवेश कर जाती है तो फिर उन्हें समर्थन दे रहे कांग्रेस के लोगों का महत्व कम हो जाएगा। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में जहां राष्ट्रीय पार्टियां अपने बागी लोगों को पार्टी से बाहर का रास्ता तो दिखाएंगे ही और उनके समर्थकों का एक धड़ा घर के न घाट के वाली स्थिति में आ जाएगा। यह विचारनीय प्रश्न इन दिनों खड़ा हुआ है। ताकि निर्दलीय के समर्थक अपने भविष्य को लेकर मंथन करें और सोच समझकर फैसला ले कि किसका साथ देना है और किसे किनारा करना है। पार्टी अंदरूनी तौर पर ऐसे समर्थकों को समझाने का भी प्रयास कर रही है कि आप इतने वर्षों से मेहनत किए हैं तो इसका फल एक दिन जरूर मिलेगा। धैर्य रखें। पार्टी में टिकट किसी एक को ही मिलनी होती है। पार्टी के लिए काम करना है तो आगे भविष्य में कुछ ना कुछ अच्छा होगा ही। लेकिन असंतुष्टों ने समीकरण बिगाड़ने के लिए निर्दलीयों का समर्थन देना शुरू किया है।

क्या कहते हैं समाज प्रमुख के लोग

मामले में जब हमने विभिन्न समाज के अध्यक्षों व पदाधिकारी से बातचीत कर उनकी राय जाननी चाही तो अधिकतर लोगों ने यही कहा कि इस संबंध में मीना साहू द्वारा किसी भी तरह से सामाजिक बैठक या चर्चा नहीं की गई है। ना हीं समाज द्वारा उन्हें समर्थन दिया गया है। इस क्रम में कोसरिया यादव समाज के अध्यक्ष चंद्रहास यादव ने कहा कि यादव समाज की ओर से हमने किसी भी निर्दलीय प्रत्याशी को कोई समर्थन नहीं दिया है। ना मीना साहू को ना किसी और को। ना ही समाज में कोई बैठक हुई है। सर्व समाज में यादव समाज को ना जोड़ा जाए। कुर्मी समाज के सुरेंद्र देशमुख ने भी कहा कि कुछ लोगों द्वारा खुद को सर्व समाज का स्व घोषित प्रत्याशी बताया जा रहा है। जो गलत बात है। कुर्मी समाज की ओर से ऐसा किसी भी प्रत्याशी या निर्दलीय उम्मीदवार को विशेष समर्थन नहीं दिया गया है। समाज में ऐसी कोई बात नहीं हुई है। वहीं जिला सेन समाज के कोषाध्यक्ष झग्गर कौशिक ने कहा कि मीना साहू द्वारा खुद को सर्व समाज का प्रत्याशी बताया जा रहा है। जो गलत है। सेन समाज ने ऐसा कोई समर्थन नहीं दिया है। उक्त मामले में मीना द्वारा सेन समाज की गिनती ना की जाए और इस तरह से लोगों को दिगभ्रमित ना किया जाए तो अच्छा है। वहीं मुस्लिम समाज के सदर शाहीद खान ने भी कहा कि मीना साहू को समर्थन दिए जाने के संबंध में हमारे समाज के साथ किसी प्रकार की कोई बैठक नहीं हुई है। ना ही हमारे समाज ने कोई समर्थन दिया है।

गुमराह करने का आरोप

हमने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मीना का जिक्र इसलिए किया है क्योंकि उनका नाम सिर्फनिर्दलीय के रूप में नहीं बल्कि सर्व समाज की प्रत्याशी होने के दावे के रूप में सामने आ रहा है। जिसमें खुद को सर्व समाज की प्रत्याशी बता रही है। लेकिन इसमें कितनी सच्चाई है यह जनता भी समझ रही है। वह स्वयं साहू समाज से हैं तो साहू समाज का समर्थन तो उन्हें ठीक-ठाक मिलता दिख रहा है। लेकिन अन्य समाज के लोग क्या उन्हें समर्थन दे रहे हैं इस पर सवाल खड़ा हुआ है? उनके समर्थकों में अधिकतर भाजपा और कांग्रेस के लोग दिख रहे हैं। जो की साहू समाज से भी संबंधित है। अन्य समाज से कुछ एक लोग साथ दे रहे हैं। ऐसे में कुछ एक दो लोगों को उनके समाज का प्रतिनिधित्व बताकर खुद को सर्व समाज का प्रत्याशी बताया जाना कहां तक उचित नजर आ रहा है। जबकि इस बार के चुनाव में अलग-अलग समाज भी अपनी पार्टियां बनाकर अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे हुए हैं। ऐसे में वे समाज प्रमुख भी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं कि हमारा वोट बैंक इससे प्रभावित होगा। लोग अपने-अपने समाज को एकजुट कर अपने प्रत्याशियों को वोट दिलाने और अपना पक्ष मजबूत करने में लगे हुए हैं।

निर्दलीयों की नहीं गल पाती दाल

बालोद जिले के तीनों विधानसभा सीट की बात करें तो पिछले कई चुनाव का इतिहास रहा है कि यहां निर्दलीय कुछ खास समीकरण नहीं बिगाड़ पाए। ना उन्हें ज्यादा वोट हासिल हो पाते हैं। ऐसे में सिर्फ अपना भाग्य आजमाने या दूसरे पार्टी के लोगों का वोट काटने के इरादे से ही मैदान में आते हैं। इस बार के चुनाव में भी निर्दलीयों की संख्या काफी ज्यादा नजर आ रही है। जो अधिकतर दूसरे पार्टियों से संबंधित होते हैं। टिकट न मिलने पर इस तरह से गणित खेलते हैं। पर उनका यह प्रयास राष्ट्रीय पार्टियों के सामने ज्यादा टिक नहीं पाता और अंततः जनता राष्ट्रीय पार्टियों के प्रत्याशियों को ही महत्व देती है। क्योंकि जिसकी सरकार बनने के आसार रहते है जनता का झुकाव अधिकतर उन्हें की ओर नजर आता है। राष्ट्रीय पार्टियों के घोषणा पत्र भी मतदाताओं को काफी प्रभावित करते हैं। ऐसे में निर्दलीयों की दाल उतनी नहीं गल पाती जितना वे सोच कर मैदान में आए रहते हैं।

निर्दलीय प्रत्याशी जो चुनावी मैदान में

बालोद विस

1. कमलकांत साहू
2. झम्मन लाल हिरवानी
3. धनंजय दिल्लीवार
4. भगवती साहू
5. मीना सत्येंद्र साहू
6. रविंद्र कुमार मौर्य
7. शबनम रानी गौर

डौण्डीलोहारा विस

1. ईश्वर सिंह

गुण्डरदेही विस

1. इंद्र कुमार डहारे
2. कल्पना देवी
3. दादूराम साहू
4. दौलत राम कोसरे
5. पोषण लाल देंवागन
6. रमन कुमार साहू
7. विष्णू प्रसाद साहू

सीईओ की उपस्थिति में हुई धान खरीदी

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम सांकरा में आदिम जाति सेवा सहकारी सेवा समिति सांकरा पंजीयन क्रमांक 873 में धान खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ में एक किसान का 69 कट्टा धान का खरीदी की गई। इसका आनलाइन टोकन कटा था। सांकरा धान खरीदी केंद्र के शुभारंभ मौके पर ष.श्व.श.नेमीचंद देव , प्रबंधक जीवन साहु, एवं रत्ना कौशल, चन्द्र कला,साकेश मरकाम, नारायण पुजारी, बिरेंद्र मरकाम, पुरेन्द्र श्रीमाली,व समस्त हेमाल संघ सांकरा सहित ग्राम ग्राम के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कांग्रेस के लिए मांगा वोट

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन के पक्ष में बुधवार को उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सेक्टर प्रभारी आशीष रामटेके बूथ अध्यक्षगण के नेतृत्व में तुलसीपुर क्षेत्र में मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्हें कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी और आने वाले समय में विकास कार्यों को और तेज करने का वादा मतदाताओं से किया। आशीष रामटेके ने कांग्रेस सरकार के कार्यों की जानकारी दी। उन्हें राहुल गांधी के द्वारा की गई घोषणाओं और योजनाओं के बारे में बताया। एक बार फिर कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन को मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर वार्ड पार्षद चंद्रकला देवांगन, मोहम्मद रफीक, माजिब अहमद, देवीलाल पात्रे, संतोष वर्मा, श्रेष्ठ मेश्राम, आशीष रामटेके, कमलेश रामटेके, सुजीत हीरा स्वामी, कमल वैष्णव, नंदू रजक, सुनिता बंसोड़ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

नौकरी दिलाने के नाम 9 लाख की ठगी

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। नौकरी दिलाने के नाम पर 5 लोगों से 9 लाख 40 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसकी रिपोर्ट 19 जून को दर्ज कराई गई थी। घटना 10 जनवरी 2021 की बताई गई है। आरोपी को गुरुवार 2 नवंबर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार प्रार्थी ओमप्रकाश वर्मा साकिन सकलोर ने 19 जून को थाने में लिखित आवेदन कर रिपोर्ट दर्ज कराई की कि ग्राम रावन निवासी गिरधारी लाल चंद्राकर उनके घर आकर उसे और उसके चाचा को तुम्हारे घर में कोई पढ़ा लिखा लड़का है क्या, उसे वह अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी हिरमी या रावन में नौकरी लगवा दूंगा। इसके एवज में प्रत्येक को (सवा दो लाख रुपए- सवा दो लाख रुपए) 2,15,000-2,15,000 रुपए देने होंगे। इस पर प्रार्थी के पुत्र गगन वर्मा और उसके चाचा के लड़के बलराम वर्मा का नौकरी लगाने के नाम पर दस जनवरी 2021 को घर आकर कुल 4,30,000 ले लिया। आरोपी गिरधारी लाल चन्द्राकर ने ना तो नौकरी लगाया है और ना ही पैसे वापस कर रहा है। नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी किया है। इस शिकायत पर आरोपी गिरधारी लाल चन्द्राकर के विरुध्द अपराध क्र. 115/2023 धारा 420 भा.द.वि पंजीबध्द कर घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा को अवगत कराने पर आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने निर्देश दिया गया।

स्टैंडिंग कमेटी गठित बैठक आज

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु आदर्श आचार संहिता के अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी का गठन किया गया है। समिति के अध्यक्ष कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा संयोजक उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को बनाया गया है। समिति में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के जिला अध्यक्ष व विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 44 कसडोल, क्षेत्र क्रमांक -45 बलौदाबाजार एवं क्षेत्र क्रमांक -46 भाटापारा के समस्त अभ्यर्थी सदस्य हैं। समिति की बैठक 3 नवम्बर 2023 को अपरान्ह 3:30 बजे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयेजित है।

बेमेतरा की तीनों विधानसभा के लिए 46 उम्मीदवार मैदान पर

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले में स्थित तीनों विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के नाम तय हो चुके हैं। स्क्रूटनी और अभ्यार्थियों से आज नामांकन वापसी के उपरान्त कुल 46 अभ्यर्थी निर्वाचन समर में होंगे। 2 नवंबर को नामांकन पत्र वापसी के अन्तिम दिन चार प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र वापस लिए। इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा से एक अभ्यर्थी ओमप्रकाश चतुर्वेदी और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 70 से तीन प्रत्याशी बुधारूराम गंधर्व, अंजोर दास धृतलहरे और नैनदास गायकवाड़ ने नामांकन पत्र वापस लिए। विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा से आज किसी भी अभ्यर्थी ने नामांकन वापस नहीं लिया। इनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा से 14, क्षेत्र क्रमांक 69 बेमेतरा से 18 और क्षेत्र 70 नवागढ़ से 14 अभ्यार्थी अंतिम रूप से प्रत्याशी घोषित किए गए। रिटर्निंग ऑफिसर से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र 68 साजा से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय पार्टी और राज्य राजनीतिक दलों के अभ्यार्थी ईश्वर साहू को कमल, डोमन देशलहरा को वर्ग में हल जोतता किसान, रविन्द्र चौबे को हाथ, वीर वर्मा को झाडू प्रतीक चिन्ह आवंटित किया गया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 69 बेमेतरा से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय पार्टी और राज्य राजनीतिक दलों से आशीष छाबड़ा हाथ, दीपेश साहू कमल, प्रमोद कुमार साहू झाडू, बहल वर्मा को वर्ग में हल जोतता किसान प्रतीक चिन्ह आंवटित किया गया है। इसी प्रकार पंजीकृत राजनीतिक दलों के अभ्यर्थी उमांकशर यादव को आरी, गिरधारी लाल देवांगन को साईकिल, गोपाल कुर्रे को गैस सिलेण्डर, चन्द्रभान साहू को बॉसुरी, तील बाई साहू को फुटबॉल, अधिवक्ता प्रसून शुक्ला को गन्ना किसान, भुनेश्वर गन को पंचिंग मशीन, रूखमणी निषाद को छड़ी, और सुखदेव टंडन को नारियल फार्म प्रतीक चिन्ह आवंटित किया गया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 70 नवागढ़ से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय पार्टी और राज्य राजनीतिक दलों से गुरू रूद्र कुमार को हाथ, दयालदास बघेल को कमल, ओम प्रकाश बाजपेयी को हाथी, शेष नारायण कुर्रे को वर्ग में हल जोतता किसान, प्रतीक चिन्ह आवंटित किये गये। इसी प्रकार पंजीकृत राजनीतिक दलों के अभ्यर्थी जितेन्द्र कुमार लहरे छड़ी आदि शामिल है।

47 नग हीरा बरामद

गरियाबंद/नवप्रदेश। गुरुवार 2 नवंबर को गरियांबद साइबर पुलिस को मुखबीर से एक आदमी अपने पास रखे हीरा को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में खड़े होने की सूचना मिली। गुरुवार 2 नवंबर को गरियाबंद सायबर पुलिस टीम एवं प्रभारी इंदागांव को मुखबिर से सूचना मिली की कि एक व्यक्ति इंदागांव सब्जी बाजार में पेड़ के नीचे हीरा बेचने के लिए ग्राहक की तालाश में बैठा है। सूचना पर तस्दीक के लिए थाना प्रभारी इंदागांव ने साइबर पुलिस टीम और थाना स्टाफ को घटना स्थल रेड कार्यवाही हेतु रवाना किया। मुखबिर के बताए गए हुलिया के आधार पर संदेही व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिससे पूछताछ करने और तलाशी लेने पर अपना नाम मानसिंह बस्तिया बताया। उसकी तलाशी ली गई। तलाशी में उसके पैंट की जेब कागज की पुड़िया में 47 नग हीरा कीमती 150000 रुपए, नगदी 1600 रुपए और एक जिओ मोबाइल बरामद हुआ। आरोपी से हीरा रखने के संबंध में दस्तावेज पेश करने को कहा गया। उक्त हीरा रखने एवं बिक्री करने के संबंध में कोई आवश्यक दस्तावेज पेश नहीं करने पर आरोपी के विरुद्ध धारा 379 भादवि. 4 (21) माइनिंग एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

भाजपा शासन काल में व्यापार और उद्योग ने किया विकास : रमन सिंह

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शरद पूर्णिमा पर राजनांदगांव के व्यापार, वाणिज्य और उद्योग क्षेत्रों के लोगों ने एबीस ग्रीन में व्यापारी सम्मेलन सह-स्वरुचि भोज का आयोजन किया, इसके मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह थे। इस दौरान सावल जवाब भी हुए। डॉ. रमन सिंह ने विभिन्न उपायों के माध्यम से भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की मोदी सरकार की प्रतिबद्धता के संबंध में बताया । उन्होंने कहा कि इन वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था 10वें से 5वें स्थान पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश में उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए नवाचार पर जोर दिया है और विभिन्न ऐतिहासिक निर्णयों के माध्यम से युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा दिया है। उन्होंने एकल खिड़की दृष्टिकोण जैसे व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कदमों के बारे में भी बात की। साथ ही पिछले 5 वर्षो में छत्तीसगढ़ में कॉग्रेस सरकार द्वारा व्यापार और व्यापरियों को लेके जो उदासीनता दिखाई गई।

किसान कर्ज के बोझ तले न दबे इसलिए माफी : गिरीश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव के कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन ने चुनावी जनसंपर्क के दौरान पेंड्री वार्ड के जैतखंभ में पूजा अर्चना कर जनसंपर्क की शुरूआत की। मतदाताओं से संपर्क करते अटल आवास वार्ड 20 पहुंचे। जहां लोगों से चर्चा कर अपने पक्ष में जनसमर्थ मांगा। जनसंपर्क यात्रा शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड रेवाडीह 22 में बूढ़ादेव मंदिर में पूजा.अर्चना कर निकली। वार्ड भ्रमण कर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में सहयोग मांगा। आम जनता से संपर्क करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार जहां किसानों आम जनता, महिला, युवाओं के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ उन्हें आर्थिक रूप से संपन्न बनाने का कार्य कर रही है। 2018 में कांग्रेस ने गंगाजल को हाथ में लेकर किसानों की कर्ज माफी की कसम खाई थी। उसे 10 दिन नहीं बल्कि 2 घंटे के अंदर पूरा कर किसानों को कर्ज से मुक्ति दिलाकर राजधर्म निभाया था।

पानी में फैला करंट जीव-जंतुओं की मौत

डोंगरगांव/ नवप्रदेश। सड़क चौड़ीकरण में पानी के उपयोग के लिए सड़क किनारे बने नाले से पंप के माध्यम से पानी खींचा जा रहा है। इसी दौरान उसमें अचानक करंट आ गया। पानी में करंट से सांप, मछली और मेंढक मर गए। इसमें किसी इंसान की जान जा सकती थी। सड़क का काम कर रहे मजदूर हाथ पैर धोने उसी नाले के पानी का उपयोग करते हैं। गनीमत रही कि कल कोई मजदूर उस पानी में नहीं उतरा अन्यथा किसी की जान जा सकती थी। गौरतलब है कि डोंगरगांव सड़क चौड़ीकरण लगातार विवादों में घिरता जा रहा है। सड़क निर्माण कर रहे ठेकेदार और विभागीय इंजीनियर की लापरवाही सामने आ रही है। नियमों को ताक में रखकर अमानक सड़क निर्माण कर रहे ठेकेदार को जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। वहीं इस सड़क की देखरेख की जिम्मेदारी विभाग के इंजीनियर की रहती है। जो की उनका भी ध्यान इस ओर कतई नही है। 18 करोड़ की लागत से बन रही सड़क क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहू का ड्रीम प्रोजेक्ट कहा जा रहा है, सड़क चौड़ीकरण शुरू से विवादों में घिरा हुआ है। सड़क चौड़ीकरण शुरू हुआ तो ठेकेदार की मनमानी और लापरवाही से विधायक के ड्रीम प्रोजेक्ट पर भी काफी असर पड़ रहा है। विधायक दलेश्वर साहू की 18 करोड़ की ड्रीम प्रोजेक्ट घटिया निर्माण की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। ठेकेदार को विधायक की गरिमा का ख्याल नही है, विधायक के निर्देश देने के बावजूद भी सड़क की गुणवत्ता में सुधार नहीं हो पाया है। विपक्षी पार्टी सड़क चौड़ीकरण में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का आरोप भी लगाती रही है।

प्रथम पेज का शेष

भ्रष्टाचारियों के खिलाफ...

कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के लगाए आरोप : उन्होंने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर पिछले पांच वर्षों में भ्रष्टाचार पर लिप्त रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस दौरान उनके नेता और कार्यकर्ता मालामाल हो गए जबकि विकास कार्य पूरी तरह से ठप रहे। बदहाल सड़कें, स्कूल और अस्पताल यहीं उनकी पांच वर्ष की उपलब्धि रही है। सरकारी दफ्तरों में घूसखोरी के नए रिकार्ड बने और पीएएसी तक में नौकरियों की बंदरबाट हुई। हत्या, हिंसा का नया दौर शुरू हुआ। इस सरकार ने केन्द्र की गरीब जनता से जुड़ी योजनाओं को रोकने की पूरी कोशिश की और प्रधानमंत्री आवास योजना में बाधा पैदा कर लोगों के घर नही बनने दिए।

ईडी के सामने पेश नहीं ...

यहां उन्होंने रोड शो और रैली में हिस्सा लिया। ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर को भेजे अपने लेटर में केजरीवाल ने लिखा, समन से यह क्लियर नहीं है कि मुझे किस हैसियत से बुलाया जा रहा है यानी इस मामले में आप मुझे गवाह मान रहे हैं या संदिग्ध। आप मुझे दिल्ली के सीएम के तौर पर बुला रहे हैं या आम आदमी पार्टी के संयोजक के रूप में। ऐसा लग रहा है कि यह मछली पकड़ने की जाल की तरह है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि ये समन भाजपा के इशारे पर भेजा गया। केजरीवाल ने लिखा- 30 अक्टूबर की दोपहर को भाजपा नेताओं ने कहना शुरू कर दिया था कि जल्द ही मुझे तलब किया जाएगा और अरेस्ट किया जाएगा। उसी दिन शाम को मुझे समन मिला। इससे साफ जाहिर है कि मेरी छवि बदनाम करने के लिए समन भाजपा नेताओं को पहले लीक कर दिया गया था।

भारत ने लंका का ...

की रेस से बाहर हो गई है। श्रीलंका के लिए कसुन रजिथा ने 14, एंजेलो मैथ्यूज ने 12 और महीश तीक्ष्णा ने 12 रन बनाए। टीम के 5 बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। भारत के लिए मोहम्मद शमी ने 5 और मोहम्मद सिराज ने 3 विकेट झटके।

एथिक्स कमेटी ने सांसद ...

बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कहा- दर्शन हीरानंदानी के हलफनामे में किए गए दावों पर लोकसभा की एथिक्स कमेटी महुआ मोइत्रा से सवाल करने के लिए बाध्य है। एथिक्स पैनल की सदस्य अपराजिता सारंगी बोलीं- जब दर्शन के हलफनामे के बारे में पूछा गया तो टीएमसी सांसद महुआ ने गुस्से में और अहंकारपूर्ण व्यवहार किया। इससे पहले खबर आई थी कि महुआ ने एथिक्स कमेटी के सामने खुद को निर्दोष बताया। उन्होंने कहा कि वकील जय अनंत देहाद्राई से निजी रिश्तों में खटास के कारण यह विवाद खड़ा हुआ है। महुआ के मामले में गृह, आईटी और विदेश मंत्रालय ने एथिक्स कमेटी को रिपोर्ट सौंपी हैं, उनके आधार पर महुआ से सवाल-जवाब हुए।

मुखबिरी की शक में ...

सीएम भूपेश ने कहा कि इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है, वैसे भी नक्सलियों को लोकतंत्र पर विश्वास नहीं है। लोकतंत्र को प्रभावित करने के लिए पर्चा भी बांट रहे हैं और डरा धमका भी रहे हैं। यह निंदनीय है।

इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में ...

वह नहीं चाहता कि किसी दूसरी पार्टी को इसका पता चले। अगर मैं कांग्रेस को चंदा दे रहा हूं तो मैं नहीं चाहूंगा कि भाजपा को इसका पता चले। इलेक्टोरल बॉन्ड की वैधता मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच कर रही है। इसे लेकर चार याचिकाएं दाखिल की गई हैं। याचिकाकर्ताओं में एसोसिएशन फ ॉर डेमोक्रेटिक रिफ ॉर्म्स, कांग्रेस नेता जया ठाकुर और सीपीएम शामिल है। केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने याचिकाकर्ताओं की तरफसे पैरवी की।

केनरा बैंक Canara Bank — A Government of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate

टी.पी. नगर शाखा, रायपुर (छ.ग.)

अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन केनरा बैंक की निम्नांकित शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित बकायेदार को निम्नांकित सारणी के अनुरूप मांग सूचना तथा उसमें उल्लिखित रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी।

ऋण लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदेय करने में असफल रहने पर, ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त (अधिनियम) की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित सम्पत्तियों में कोई लेन-देन न करें और उसमें किसी प्रकार का लेन-देन केनरा बैंक की निम्नांकित संबंधित शाखा को देय बकाया राशि एवं उस पर ब्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा।

[illegible]/ग्रांटर/बंधककर्ता (ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।

क्र. सं.	ऋणी का नाम	कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना राशि	मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना तिथि
1.	श्री धर्मेन्द्र सिंह परमार पिता- श्री दधीराम परमार, खसरा नं. 1338, पीसी नं. 107, नेताजी कन्हैयालाल वार्ड नं. 08, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.)	खसरा नं. 1338, मौजा- गुढ़ियारी, नेताजी कन्हैयालाल वार्ड, वार्ड नं. 08, प.ह.नं. 107, आरआईसी- रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल- 1,025 वर्गफीट में स्थित आवासीय मकान के समस्त भाग व अंश। उत्तर- विक्रेता की भूमि, दक्षिण- मुरलीधर बंजारी की भूमि, पूर्व- मुरलीधर बंजारी की भूमि, पश्चिम- सड़क।	₹ 21,50,099.00 ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ।	06.07.2023 / 02.11.2023

दिनांक : 02.11.2023, स्थान: रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

जनउला में विलुप्त हुए चीजों से हुए परिचित

नवागढ़/नवप्रदेश। सुकुल पारा नवागढ़ स्थित गुरुकुल विद्यालय में बुधवार को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया।

बच्चों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति और सभ्यता की जानकारी दी गई। बच्चों के लिए जनउला के माध्यम से छत्तीसगढ़ के विलुप्त हो रहे उपयोगी चीजों के बारे में पूछा गया जैसे भंडई, अख्तरिया, पनही,खपरा,गोरसी, लोई,खुमारी, खाने की चीजें चीला, फरा, दुधफरा, खुरमी, ठेठरी आदि के बारे में जाना और प्रदेश में होने वाले धान, दाल, कोदो, अंकरी, तिवरा, यहां के प्रकृति की भी जानकारी बच्चों को दी गई। दिन भर विद्यालय में छत्तीसगढ़ी में ही बातें की। शिक्षक,शिक्षिका, बच्चे छत्तीसगढ़ी वेश भूषा में विद्यालय पहुंचे थे।

दलेश्वर को हर वर्ग का साथ

डोंगरगांव/नवप्रदेश। विधायक दलेश्वर साहू अपने जनसंपर्क के दौरान बुधवार को डोंगरगांव विधानसभा के ग्राम भुरसाटोला, पीटेपानी,

लमनाढार, दमऊदहरा, बांसपहाड़, पिटहर, कोटनापानी, मडियान, ठाकुरटोला, रामाटोला, कल्याणपुर, राका में पहुंचकर ग्रामवासियों से आशीर्वाद लिया। विधायक साहू के क्षेत्र में पहुंचने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल देखने को मिला। वरिष्ठ कांग्रेसी गुलाब वर्मा ने कहा कि हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है। इस बार दलेश्वर की जीत ऐतिहासिक जीत होगी। कांग्रेस की जीत ही छत्तीसगढ़िया की असली जीत बताया। उक्त कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों के साथ भावेश सिंह,हीरा सोनी,महेश सेन, मोनू यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

लिखित व कौशल परीक्षा 7 और 8 को

धमतरी/नवप्रदेश। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी द्वारा सहायक/क्लर्क, रिसेप्सनिस्ट सह डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (टायपिस्ट) के 2 पदों के लिए लिखित परीक्षा एवं कार्यालय भृत्य (मुंशी/अटेन्डेंट) के 1 पद के लिए कौशल परीक्षा आयोजित की जायेगी, जिसके लिए पात्र अभ्यर्थियों को अनुक्रमांक आबंटित किये गये हैं। चयन समिति की अध्यक्ष एवं एडीजे सुनीता टोप्पो ने बताया कि कार्यालय भृत्य (मुंशी) के लिए कौशल परीक्षा/ साक्षात्कार 7 नवम्बर को सुबह 8.30 बजे से जिला न्यायालय परिसर में आयोजित किया जायेगा। वहीं कार्यालय सहायक/क्लर्क, रिसेप्सनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर (टायपिस्ट) की लिखित परीक्षा 8 नवम्बर को सुबह 9 से 10 बजे तक स्थानीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में आयोजित की जायेगी।

निर्वाचन संबंधी शिकायत के लिए दो अधिकारी नियुक्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। सामान्य विधानसभा निर्वाचन 2023 मे निर्वाचन संबंधी शिकायत आने पर अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी निर्वाचन डा. अनिल वाजपेयी द्वारा लोकनाथ बांधे विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ एवं राजकुमार बंजारे शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला बदनारा वर्तमान में प्रभारी अधीक्षक प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास नांदघाट विकास खंड नवागढ़ को विधानसभा निर्वाचन कार्य समाप्ति तक जिला निर्वाचन कार्यालय संयुक्त जिला कार्यालय बेमतरा तत्काल प्रभाव से संलग्न किया गया।

उपार्जन केन्द्र के 42 अधिकारियों को नोटिस

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर पीएस एल्मा ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के संबंध में आज यहां जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण में सूचना के बावजूद निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं होने और प्रशिक्षण से अनुपस्थित 42 धान उपर्जान केन्द्र के नोडल अधिकारियों कर्तव्य के प्रति लापरवाही और अनुशासनहीनता पर कारण बताओं नोटिस जारी किया। इसी को लेकर मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में पूर्वान्ह 11.45 बजे धान उपर्जान केन्द्र के नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित था, इस प्रशिक्षण में कई नोडल अधिकारी अनुपस्थित और कुछ निर्धारित प्रशिक्षण समय के बाद आये। इस पर कलेक्टर श्री एल्मा ने नाराजगी जतायी।

राजनांदगांव और छुरिया में जवानों ने किया फ्लैग मार्च

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव में पुलिस और विशेष सशस्त्र पुलिस बल के दो सौ जवानों और छुरिया में पुलिस और सीएपीएफ बल द्वारा 1 नवंबर को संयुक्त रूप से किया गया। फ्लैग मार्च शहर के प्रमुख चौक पुराना बस, स्टैंड गंज चौक, तिरंगा चौक, जय स्तंभ चौक, महावीर चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, कन्हारपुरी और लखोली क्षेत्र में किया गया। राजनांदगांव एसपी मोहित गर्ग के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल हमराह थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक बलदाऊ चंद्राकर, प्रधान आरक्षक चंदेश सिन्हा के साथ बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस बल के करीब 200 जवानों ने विधानसभा निर्वाचन के मददेनजर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने के उद्देश्य से किया गया। छुरिया में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार एक्का और थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक शिवप्रसाद चन्द्रा के नेतृत्व में थाना स्टॉफ छुरिया और सीएपीएफ बल ई कॉय भीनगर सुपौल बिहार, ईको-48 एवं ईको-49 झारखंड की आर्म्स फोर्स कंपनी के साथ संयुक्त रूप से नगर छुरिया में फ्लैग मार्ग किया गया है।

भाजपा प्रत्याशी भावना बोहरा ने जारी किया सेवा संकल्प पत्र

कवर्धा/नवप्रदेश। भाजपा पंडरिया की प्रत्याशी भावना बोहरा ने बुधवार को छह बिदुंओं का सेवा संकल्प पत्र जारी किया। इस अवसर पर बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश सहप्रभारी नितिन नबीन, बिहार के पूर्व मंत्री राणा रणधीर सिंह, कबीरधाम जिला अध्यक्ष अशोक साहू पंडरिया विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, मोर्चा व प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। भावना बोहरा ने बारह पन्नों के सेवा संकल्प पत्र में हर वर्ग, समाज की आकाँक्षाओं को पूरा करने का वादा किया है। इस सेवा संकल्प पत्र को उन्होंने भावना दीदी की गारंटी बताया है। सेवा संकल्प पत्र में छह बिंदु है। इसमें महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन, स्वास्थ्य सुरक्षा, शिक्षा, युवाओं को प्रोत्साहन, किसानों का सम्मान, आदिवासी समाज, वनांचल क्षेत्र के विकास, धार्मिक-सामाजिक कार्य सहित पंडरिया के सर्वांगीन विकास और मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी है।

अमित शाह आज जारी करेंगे घोषणा पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी अपना घोषणा पत्र आज 3 नवंबर को जारी करेगी। इसके लिए खास तौर पर देश के गृह मंत्री अमित शाह रायपुर आ रहे हैं। तय कार्यक्रम के मुताबिक भाजपा के प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में घोषणा पत्र लॉन्च करने का कार्यक्रम आयोजित होगा। अमित शाह के साथ छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह भी मौजूद रहेंगे। इस घोषणा पत्र में भारतीय जनता पार्टी किसनो, युवाओं और महिलाओं से जुड़े बड़े ऐलान करेगी। चर्चा है कि किसानों के कर्ज माफ ी का ऐलान जो पहले ही कांग्रेस कर चुकी है, इसका तोड़ भाजपा के घोषणा पत्र में देखने को मिलेगा। कांकेर में आयोजित हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में गुरुवार को नरेंद्र मोदी ने एक बड़ा ऐलान करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई स्थानीय भाषाओं में होगी ताकि गांव और गरीब तबके से ताल्लुक रखने वाले बच्चों को पढ़ने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

भारतीय जनता पार्टी इससे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान देने पर फ ोकस करती रही है । रायपुर - रायगढ़ मैं हुई सभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद इसका ऐलान कर चुके हैं। भाजपा ऐलान कर रही है कि सरकार बनने के बाद लोगों को मकान दिए जाएंगे इसके अलावा सीजीपीएससी में हुई गड़बड़ी की सीबीआई जांच करने का वादा भी युवाओं से भारतीय जनता पार्टी कर चुकी है। भारतीय जनता पार्टी की घोषणा पत्र समिति घोषणा पत्र बनाने का काम खत्म कर चुकी है। इस भाजपा ने घोषणाओं को लेकर अपनी रणनीति में बदलाव किया है। वादे लुभावने नहीं होंगे। सिर्फ वो ही बातें लिखी जाएंगी, जो पूरी हो सकें। वादे पूरे कैसे होंगे बजट कैसे तय होगा इसपर भी पार्टी ने प्लानिंग की है।

संवेदनशील मतदान केंद्रों में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक होगा मतदान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन के लिए पहले चरण में 7 नवम्बर को 20 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। इनमें से दस विधानसभा क्षेत्रों में सवेरे सात बजे से दोपहर तीन बजे तक तथा दस विधानसभा क्षेत्रों में सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। पहले चरण में मतदान वाले 20 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 223 उम्मीदवार मैदान में हैं। पहले चरण में राज्य के कुल 40 लाख 78 हजार 681 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें 19 लाख 93 हजार 937 पुरुष मतदाता, 20 लाख 84 हजार 675 महिला मतदाता तथा 69 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। पहले चरण में कुल 5304 मतदान केंद्रों में वोट डाले जाएंगे। विधानसभा आम निर्वाचन के लिए पहले चरण में 7 नवम्बर को पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्रों में सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा।

मतदान के संकल्प की रोशनी से जगमगाया जिला पंचायत परिसर

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में स्वीप कार्यक्रम व चुनई तिहार 2023 अंतर्गत शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीता यादव के नेतृत्व में जिले में विशेष अभियान संकल्प गरियाबंद निरंतर चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रतिदिन विविध मतदाता जागरूकता सम्बन्धी गतिविधियां सम्पादित की जा रही है। संकल्प अभियान के तहत विगत दिवस जिला पंचायत गरियाबंद के गार्डन परिसर में मतदाता जागरूकता संकल्प दीपोत्सव का आयोजन

किया गया। यह प्रकाशमय संकल्प की रोशनी शत प्रतिशत मतदान की कल्पना को साकार करेगी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत रीता यादव द्वारा शत प्रतिशत मतदान की शपथ समस्त उपस्थित जनों को दिलायी गयी। साथ ही सभी ने अपने मोबाइल की फ़्लैश लाइट को जलाकर भी शत प्रतिशत मतदान का सन्देश दिया गया। महिला कर्मचारियों द्वारा शानदार रंगोली भी बनाई गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी के साथ लाइवलीहुड कॉलेज में प्रशिक्षणरत छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

केंद्रीय एजेंसियों के जरिए प्रचार, कांग्रेस ने आयोग में की शिकायत

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस ने केंद्रीय एजेंसियों और अर्धसैनिक बलो के जरिए चुनाव प्रचारित करने की शिकायत चुनाव आयोग में की है। इस संबंध में कांग्रेस विधि विभाग ने चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि हमें सूचना मिली है कि ऐन चुनाव के बीच केंद्रीय जांच एजेंसियां सक्रिय हो गई है और छत्तीसगढ़ पहुंच रही है। उनके साथ केंद्रीय अर्धसैनिक बलो की टुकड़ियां भी आ रही है। उनके साथ विशेष विमान से बड़ी-बड़ी संदूकें भी पहुंची है। हमें आशंका है कि कार्रवाई के नाम पर बस्तर सहित सुदूर क्षेत्रों में एजेंसियां जाएंगी और साथ में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के दस्तें भी, हमें आशंका है कि इन संदूकों में बड़ी मात्रा में धन-राशि ले जाई जा रही है जो चुनाव को प्रभावित करने के लिए बांटी जाएंगी।

भाजपा प्रत्याशी बघेल ने मांगा सहयोग

बेमेतरा/नवप्रदेश। नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी दयालदास बघेल ने ग्राम जाता, पेंडरी, बहरबोड, मरजादपूर, सनकपाट, सुरुदाहरा, कोदवा, गिधवा, आमचो, पचभैय्या, मडई, लालपुर, दमयीडीह में जनसंपर्क कर आशीर्वाद लिया। भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान उनके साथ भाजपा नेतागण, युवागण, वरिष्ठजन, माताएं-बहनें व अन्य उपस्थित रहें। पूर्व मंत्री व भाजपा प्रत्याशी का आतिशबाजी व माल्यार्पण कर ग्रामीणों ने स्वागत किया। भाजपा जिला महामंत्री टार्जन साहू ने कहा कि आप सब 15 साल के स्थिति परिस्थितियों से अवगत हैं, 15 साल तक क्षेत्र में कैसे शांति व्यवस्था थी और कितना विकास हुआ और 5 साल के प्रवासी विधायक के कार्यकाल से भी आप सब वाकिफ हैं।महिष जायसवाल ने कहा रुद्र गुरु बाहरी प्रत्याशी हैं। मारो मंडल भाजपा अध्यक्ष परस वर्मा ने कहा कि गुरु को आरंग, अहिवारा की जनता ने नकार दिया।

अब नवागढ़ में नजरे टिकाए हैं। जिला पंचायत सभापति अंजू बघेल ने कहा कि नवागढ़ की जनता इतनी बेवकूफ नहीं हैं। बार बार नवागढ़ के लोगों का गला काट कर बाहरी को टिकट देगी। उनके कार्यकाल में क्षेत्र में हानिकारक उद्योगों को कितना परमिशन दिया। ग्राम घोरहा का धर्मांतरण का खेल और संरक्षण भी देख चुके हैं। भाजपा नेता वल्लभ सिंह ठाकुर ने कहा कि रुद्र गुरु जिस विभाग के मंत्री थे। अहिवारा विधानसभा में उस विभाग का एक भी काम नहीं हुआ अहिवारा विधानसभा की जनता ने आपको विधायक फिर पीएचई मंत्री बनाया पर पानी के एक एक बूंद के लिए तरसी यह सोचनीय विषय हैं।

चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुरूप करें कार्य

धमतरी/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 56-सिहावा व विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 58-धमतरी के लिए नियुक्त निर्वाचन प्रेक्षक आईएएस मनीष अग्रवाल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 57-कुरुद के लिए नियुक्त निर्वाचन प्रेक्षक आईएएस दीपक रामचंद्र तावरे, पुलिस प्रेक्षक सीएच विजया राव और व्यय प्रेक्षक पी.चंद्रशेखर बाबू ने बुधवार 1 नवंबर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी रिटर्निंग और नोडल अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी, पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर उपस्थित थे। निर्वाचन प्रेक्षक 57-कुरुद आईएएस दीपक रामचंद्र तावरे ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप कार्य करेंगे। चेक पोस्ट में 24*7 वाहनों का निरीक्षण होना चाहिए। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 56-सिहावा और 58 धमतरी के लिए नियुक्त निर्वाचन प्रेक्षक आईएएस मनीष अग्रवाल ने कहा कि सभी टीम नियमानुसार बेहतरीन कार्य करें। उन्होंने कहा कि उड़नदस्ता दल एवं स्थैतिक निगरानी दल सतर्क होकर सीमा पर वाहनों का सघन निरीक्षण करते रहें। जिले की सिहावा विधानसभा की सीमा ओड़िसा से जुड़ी हुई है और कुछ मतदान केन्द्र नक्सल प्रभावित क्षेत्र में है। इन क्षेत्रों में विशेष तौर पर ध्यान देते हुए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने सी-विजिल में आने वाले शिकायतों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में होना चाहिए। कंट्रोल रूम और 1950 फोन नंबर के प्रति भी जनसामान्य में जनजागरूकता होनी चाहिए।पुलिस प्रेक्षक सीएच विजया राव ने कहा कि टीम समन्वित तरीके से बेहतर कार्य करें। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप रोक्तिमा यादव ने बताया कि जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने जिले में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के संबंध मेंबताया कि जिले की सीमाएं ओड़िसा से जुड़ी हुई हैं।

छजकां प्रत्याशी ने जारी किया दस बिदुओं का शपथ पत्र

कवर्धा/नवप्रदेश। जोगी कांग्रेस के कवर्धा विधानसभा के प्रत्याशी सुनील केशरवानी ने दस बिंदुओं वाला शपथ पत्र जारी किया। जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी सुनील केशरवानी ने कहा कवर्धा विधानसभा के लिए क्या करेंगे, उनकी क्या प्राथमिकता होगी। उसको 100 रुपए के शपथ पत्र में नोटराइज कराकर जारी किए हैं। आज तक किसी भी दल ने शपथ पत्र जारी नहीं किया है। वे भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों को चुनौती देते हैं कि दम है तो कवर्धा के लिए क्या करेंगे। शपथ पत्र में जारी करके लोगों के बीच जाए। कवर्धा विधानसभा में लगातार बीजेपी और कांग्रेस को मौका मिला है लेकिन आज भी अनेक घरों तक बिजली नहीं पहुंच पाई है। सड़क नहीं बन पाई है। पानी के लिए पैदल 4 किमी जाना पड़ता है। भ्रष्टाचार चरम पर है। कवर्धा में आज तक ऐसा विधायक नही बना है जो विधायक को मिलने वाली वेतन को जरूरतमंद को दान कर दें। बीजेपी और कांग्रेस धर्म की, जाति की राजनीति कर रहे हैं। विश्व विख्यात छत्तीसगढ़ का खजुराहो भोरमदेव मंदिर विकास के लिए तरस रहा है। उज्जैन की तर्ज पर बाबा भोरमदेव मंदिर में कारीडोर बनाया जाएगा। धरमपुरा में जैतखाम, बीएड, इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए कवर्धा के युवाओं को बाहर जाना पड़ता है उनके लिए बीएड कालेज, इंजीनियरिंग कालेज कवर्धा में ही खोलेंगे।

NAME CHANGE

I Triveni Agrawal Alias Arti Agrawal W/o Brijwasi Agrawal R/o Ward No-15, Azaad Chowk, Dhanpuri, Distt Shahdol, Dhanpuri, Shahdol, Dhanpuri, Madhya Pradesh - 484114, have changed my name to Triveni Agrawal.

नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा में 6 नामांकन पत्र अस्वीकृत

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिलें की तीनों विधानसभा क्षेत्र के नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गयी। इसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा में अंतिम तारीख 30 अक्टूबर तक 16 अभ्यर्थियों के द्वारा 24 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये थे। इसमें आज की गयी संवीक्षा में एक अभ्यर्थी दीपक कुमार रात्रे का नामांकन पत्र अस्वीकृत किया गया। वही 15 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र स्वीकृत किये गये। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 69 बेमेतरा से 21 अभ्यर्थियों ने 30 नाम निर्देशन पत्र जमा किये। उनमें से तीन प्रत्याशियों विरेन्द्र कमार बंजारे, दरवन सिंग वर्मा और मनमोहन ठाकुर के नामांकन अस्वीकृत हुए। शेष 18 प्रत्याशियों के नामांकन स्वीकृत किये गये। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ से 19 प्रत्याशियों ने 27 नामांकन पत्र जमा किये। इसमें से दो अभ्यार्थियों सनत कुमार मारखंडे और अविनाश धृतलहरे का नामांकन अस्वीकृत किया किया गया। शेष 17 अभ्यर्थियों के नामांकन स्वीकृत हुए। इस प्रकार जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 50 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र स्वीकृत किये गये। नाम वापस लेने की अन्तिम तारीख 2 नवंबर 2023 हैं।

सामान्य प्रेक्षक ने व्यय अनुवीक्षण इकाई का किया निरीक्षण

गरियाबंद/नवप्रदेश। निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस पी.सी. मीणा ने विगत दिवस संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थापित व्यय अनुवीक्षण इकाई का औचक निरीक्षण किया। सामान्य प्रेक्षक ने व्यय अनुवीक्षण इकाई के निरीक्षण के दौरान टीम के सदस्यों द्वारा की जा रही व्यय मॉनिटरिंग के कार्यों का जायजा लिया। साथ ही अनुवीक्षण इकाई द्वारा संधारित की जा रही पंजियो

का भी अवलोकन किया। उन्होंने व्यय मॉनिटरिंग के कार्यों को गंभीरता से करने के निर्देश मौजूद अधिकारी कर्मचारियों को दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर अविनाश भोई सहित व्यय अनुवीक्षण इकाई के अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद थे।

न्यायालय तहसीलदार उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम पंचायत संडी को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक संतराम पिता पुदगू राम साहू निवासी संडी उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम संडी प.ह.नं. 11 राजस्व निरीक्षक मण्डल कोदवा उपतहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा में भूमि खसरा नं. 1770 रकबा 0.12 हे. कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.12 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में मदन पिता मुकुत के नाम पर दर्ज है। उक्त आवेदक ने अनावेदकगण से पंजीबद्ध बैनामा के अनुसार दिनांक 27/04/2013 को खरीदा है। उक्त भूमि से राजस्व अभिलेख से मदन पिता मुकुत का नाम विलोपित कर उसके संतराम पिता पुदगु राम साहू के नाम प्रमाणीकरण करने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय विचाराधीन है।

उक्त प्रकरण में किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 18/11/2023 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 31/10/2023 को जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार देवरबीजा

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. अ-74/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारणको सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती नीतू यादव पति गजानंद निवासी म.नं-322 वार्ड नं. 06 गोडपारा ठेठवारपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपनी सास श्रीमती रंभा बाई यादव पति स्व. पूनालाल यादव जो कि नगर पालिका निगम दुर्ग में लोककर्म विभाग में सांख्येत्तर के पद पर कार्यरत थी, जिनकी मृत्यु दिनांक 27/05/2021 व ससुर पूनालाल यादव पिता मुनेश्वर यादव की मृत्यु दिनांक 14/08/1987 तथा आवेदिका के देवर सोमनाथ उर्फ राजू यादव पिता पूनालाल यादव की मृत्यु दिनांक 11/05/2014 को हो चुकी है एवं सोमनाथ उर्फ राजू यादव की पत्नि रानी यादव की मृत्यु हो चुकी है। मृतक के वैध वारिसान के रूप में पुत्र गजानंद, राजेन्द्र यादव, पुत्रवधू नीतू यादव, ना.वा. पोता यश यादव, निशांत यादव, ना.वा. पोती गायत्री यादव, सुजाता यादव होने से मृतक के शासकीय दैवकों के भुगतान हेतु आश्रिता प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उमर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21/11/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

आज दिनांक 25/10/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

जारी दिनांक 25/10/2023

सुनवाई दिनांक 21/11/2023

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./ 202310104600015 /अ-21 वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बाबूलाल ध्रुव आ. मंगलू राम ध्रुव, जाति गोड़, निवासी मकान नं 27/डी, स्ट्रीट 27 सेक्टर 4 भिलाई तह व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूस्वामी हक की भूमि ग्राम कोकडी प.ह.नं. 55 तहसील व जिला दुर्ग भूस्वामी हक मे खसरा नंबर 501/1 रकबा 0.09 हे. स्थित है। आवेदक को शारीरिक ईलाज एवं अपने पुत्र की शादी, खर्च मकान निर्माण व मरम्मत तथा शासकीय कर्ज छुटने व कृषि कार्य मे तरक्की हेतु रकम का आवश्यकता है। आवेदक उक्त भूमि को क्रेता बद्री प्रसाद साहू आ. श्री राजाराम साहू निवासी मिनाक्षी नगर दुर्ग को विक्रय करने का सौदा कर लिए है। उक्त आवेदित भूमि के बिकी के अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय दुर्ग के पास आवेदक द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.11. 2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.10.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक 202310104500064

विषय-अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व सन-2023-24

सांतरा प.ह.न. 00020 [(हे.)]

पक्षकारों का विवरण -

आवेदक पक्षकार- कौशिल्या, रामेश्वरी, रेवती, दिलेश, रमशिला,

अनावेदक पक्षकार- सुरज, सतरूपा, सुलोचनी यादव, दुलौरिन ध.प., राजू,

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम सांतरा प.ह.नं. 22 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिकागण कौशिल्या पिता स्व. चमरू अन्य 04 निवासी ग्राम सांतरा तहसील पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम सांतरा ह.नं. 22 स्थित विक्रेता धुरवा वल्द रामप्रसाद खुद वो मु. खास तरफ से सोनबती बेवा रामप्रसाद वो बाबूलाल वल्द रामप्रसाद रावत के नाम पर भूमि पुराना ख.नं. 669/8, 669/10 का टु. रकबा 0.58 डिस/0.235 हे. का नया ख.नं. 1379/1, 1379/2 रकबा 0.18 डिस/0.073 हे. को अपने पिता क्रेता चमरूराम द्वारा दिनांक 10.04.1978 को पंजीकृत बैनामा से क्रय किया जाना, क्रेता का फौत होने से उक्त भूमि को अपने नाम पर दर्ज कर रिकार्ड दुरूस्त किये जाने हेतु सहित आवेदन प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः कि आवेदिकागण कौशिल्या पिता स्व. चमरू अन्य 04 द्वारा पंजीकृत बयनामा से उपरोक्त दर्शित भूमि के नाम नामांतरण की कार्यवाही मे जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 20.11.2023 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/10/2023 को जारी किया जाता है।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार तहसील पाटन

NAME CHANGE

It is for general information that I, Mahi Choudhary D/o Shyamlal Choudhary R/o Gram Kelod, Kelod, Dewas, Madhya Pradesh - 455001, declare that name of my father and mother has been wrongly written as Rahul Choudhary and Ritu Choudhary respectively in my 10th and 12th Class Certificate Cum Marksheets. The actual name of my father and mother are Shyamlal Choudhary and Suman Bai Choudhary respectively, which may be amended accordingly.

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

विविध कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

क्रम सं.(1) ई-निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-71-23-24, दिनांक- 31.10.2023

कार्य- वरिष्ठ मंडल अभियंता/उत्तर बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत पीक्यूआरएस द्वारा थ्रु स्लीपर नवीनीकरण (टीएसआर) कार्य का निष्पादन । निविदा मूल्य (रु): 1,38,62,844.14/-, अमानत राशि (रु): 2,19,300/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 12 माह ।

क्रम सं.(2) ई-निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-72-23-24, दिनांक- 31.10.2023

कार्य- सहायक मंडल अभियंता/अनूपपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ट्रैक कार्यों जैसे टीआरआर, टीटीआर (एफएस+सीएस+सीएमएससी) तथा अन्य विविध ट्रैक कार्यों का निष्पादन । निविदा मूल्य (रु): 1,48,62,493.15/-, अमानत राशि (रु): 2,24,300/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 12 माह ।

क्रम सं.(3) ई-निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-73-23-24, दिनांक- 31.10.2023

कार्य- सहायक मंडल अभियंता/शहडोल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ट्रैक कार्यों जैसे सीटीआर, टीआरआर, टीएफआर, टीबीआर, ग्लूड जॉइंट, एसईजे तथा अन्य विविध ट्रैक कार्यों का निष्पादन । निविदा मूल्य (रु): 2,13,97,588.43/-, अमानत राशि (रु): 2,57,000/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 12 माह । निविदा जमा करने की आरंभ तिथि: दिनांक 08-11-2023 से । 08.11.2023, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: दिनांक 22-11-2023 के 11.00 बजे तक ।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in. वेबसाईट पर उपलब्ध है । उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी ।

मंडल रेल प्रबंधक (अभि.)

सीपीआर/10/288 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव 2023 में पहली बार बीजेपी की चूलें हिलीं

मठ, महंत बनाम मैनेजमेंट मास्टर के बीच रण

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर की दक्षिण विधानसभा सीट एक बार फिर चर्चा में है। गुरूवार को नाम वापसी के अंतिम दिन इस सीट से दावेदारी कर रहे अन्य 22 प्रत्याशियों ने पहली बार किसी कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में अपना नाम वापिस लिया है। रायपुर दक्षिण विधानसभा बीजेपी का गढ़ मान जाता है और 7 बार के विधायक बृजमोहन अग्रवाल के खिलाफ इस बार महंत रामसुंदर दास कांग्रेस की टिकिट से चुनावी में उतरे हैं। ऐसे में मठ और महंत का प्रभाव छत्तीसगढ़ के हर वर्ग में है।

परिणामस्वरूप चुनाव लड़ने वाले 22 ने महंत के समर्थन में नाम वापिस ले लिया। रायपुर दक्षिण से निर्दलीय नामांकन भरने वाले 25 लोगों ने नाम वापस लिए तो महंत रामसुंदर दास ने कहा- जब योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बन सकते हैं तो मैं विधायक क्यों नहीं बन सकता। यूं तो बीजेपी के सबसे दिग्गज विधायक बृजमोहन अग्रवाल का अजेय गढ़ मन जाता है। क्योंकि सात बार से जीत हासिल किये बृजमोहन अग्रवाल को कोई पराजित नहीं कर पाया है। ऐसे में इस बार उनके सामने प्रसिद्ध और सम्मानित दूधाधारी मठ के महंत रामसुंदर दास को कांग्रेस ने चुनावी मैदान में उतारा है। पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी की करारी हार और कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत के बाद भी दक्षिण में बीजेपी का वजूद बचा पाने में कामयाब बीजेपी प्रत्याशी बृजमोहन के लिए इस बार लड़ाई जरा टफ है। यह हम नहीं दक्षिण विधानसभा में प्रचार में उतरे बीजेपी-कांग्रेस प्रत्याशी के जनसंपर्क के बाद वोटर्स कह रहे हैं।

मठ और महंत ने क्या दिया...चर्चा

चुनावी चुनौतियां मिलती देख अब रायपुर दक्षिण में मठ, महंत और योगदान की भी चर्चाएं क्षेत्र में आम हैं। मठ की जमीन में तक़रीबन 22 हजार से ज्यादा परिवारों का भरण-पोषण होता है। महंत रामसुंदर दास की छवि, स्पष्टवादिता, बिना परिवार के और मठ से लोगों का पीढ़ियों से लगाव की तुलना 35 साल से बीजेपी के विधायक रहे कारोबारी परिवार के बृजमोहन अग्रवाल से होने लगी है। हालांकि बृजमोहन भी क्षेत्र में खासे लोकप्रिय हैं, अपने वोटरों के यहां छठ्ठी, वैवाहिक कार्यक्रम से लेकर दुःख में विलंब से ही सहीं पर पहुंचते हैं। लेकिन जब क्षेत्र के लिए योगदान की बात अति है तो प्रदेश का अंतर्राजीय बस स्टैंड, राजधानी की प्यास बुझाने वाला फिल्टर प्लांट, धार्मिक और सनातन संरक्षण से लेकर ऐतिहासिक 500 साल पुराने दूधाधारी मठ का योगदान अविस्मरणीय है।

बदल के रहिबो वाला नारा उल्टा पड़ रहा

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के लिए बीजेपी ने कांग्रेस के खिलाफ नहीं सहिबो...बदल के रहिबो का नारा बुलंद किया है। यह नारा काफी चर्चा में हैं और इसका मतलब भी वोटर्स पता कर चुके हैं। इस नारे की वजह उदासीनता, विकास का अभाव और अन्य कारण वोटर्स को लगती है। 15 साल सत्ता में रही बीजेपी 5 साल की कांग्रेस सरकार को बदलने की बात कर रही है। इसलिए अब दक्षिण के मतदाता भी तकरीबन 35 साल से रायपुर विधायक रहे बृजमोहन द्वारा दक्षिण विधानसभा के विकास, नवनिर्माण, युवाओं के लिए कोई उपयुक्त योजना या खेल मैदान, लाइब्रेरी या अदद स्वीमिंग पुल तक नहीं बनाये हैं। इसकी बातें अब होने लगी है।

प्रचार के दौरान सीएम भूपेश का असम के सीएम से हुआ आमना-सामना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए मतदान दो चरणों में 7 और 17 नवंबर को होना है। इसके लिए सियासी दलों का चुनाव प्रचार अभियान तेज हो गया है। प्रचार के दौरान छग के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी से अनोखी तस्वीर सामने आई। यहां जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का आमना-सामना हुआ तो दोनों ने एक-दूसरे बातचीत की फिर हाथ मिलाया और प्रचार के लिए निकल गए। बता दें कि 2 नवंबर को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा रोड शो व सभा के माध्यम से दो विधानसभा सीटों के मतदाताओं को साधने पहुंचे थे। वे अपने प्रचार अभियान की शुरुआत मानपुर में सभा के साथ किया। वहां से रोड शो करते हुए मोहला पहुंचें। इसके बागद ग्राम कौड़ीकसा में उनकी स्वागत सभा रखी गई थी। वहां से वे खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के चौकी नगर और

कुमर्दा में फिर स्वागत सभा में शामिल। गैंदाटोला में सभा के साथ उनका प्रचार अभियान थमा। इधर, छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल तीन बजे गंज चौक स्थित बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर रोड शो शुरू करेंगे। वहां से भारत माता चौक, आजाद चौक, गुड़ाखू लाइन, जूनी हटरी, जयस्तंभ चौक, महावीर चौक होते हुए पोस्ट आफिस चौक में स्व. उदय मुदलियार की प्रतिमा में माल्यार्पण कर आगे बढ़े। वहां से वेसलियन चर्च होते हुए गौरीनगर रेलवेक्र ासिंग से स्टेशन पारा होते हुए प्यारेलाल चौक में सभा के साथ रोड शो का समापन किया।

आज कवर्धा के रणवीरपुर में सभा को संबोधित करेंगे शाह

कवर्धा/नवप्रदेश। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज 3 नवम्बर को कवर्धा जिले के पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत ग्राम रणवीरपुर में विजय संकल्प महारैली को संबोधित करेंगे। पंडरिया विधानसभा में 7 नवम्बर को प्रथम चरण में चुनाव होने हैं। श्री शाह रणवीरपुर में होने वाले इस विजय संकल्प रैली में कार्यकर्ताओं में नया जोश व उत्साह भरेंगे।इस दौरान प्रदेश के सभी पदाधिकारी

सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं का आगमन होगा। जिला भाजपा की ओर से बताया गया है कि पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम रणवीरपुर के स्कूल ग्राउंड (दशहरा मैदान) में सुबह 10 बजे सभा को संबोधित करेंगे। बता दें कि बीजेपी ने इस बार पंडरिया विधानसभा से भावना बोहरा को प्रत्याशी बनाया है। जिनके पक्ष में देश के गृहमंत्री प्रचार करेंगे।

भाजपा से बागी होकर आप में गए भागी का यू-टर्न

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा से बागी होकर 'आप' पार्टी की ओर से नामांकन दाखिल करने वाले भागीरथी मांझी ने अपना नाम वापस ले लिया है। इस घटनाक्रम से जहां आप पार्टी में हड़कंप मच गया है। वहीं मांझी ने कहा कि मैंने बहकावे में आकर आप को ज्वाइन किया था, मेरी निष्ठा हमेशा भाजपा के साथ है। बिंद्रानवागढ़ के सियासत में उस वक्त नया मोड़ आ गया, जब भागीरथी मांझी बुधवार को निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर अपना नाम वापस ले लिया। नामांकन वापसी के बाद मांझी ने कहा कि वे किसी पार्टी के पास टिकट मांगने नहीं गए थे। भाजपा में टिकट के दावेदार थे नहीं मिलने का दुख था, इसी बीच पार्टी ने संपर्क कर टिकट थमा दिया, मुझे सोचने-समझने का समय भी नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा का सिपाही हूं, मेरी निष्ठा पार्टी से जुड़ी है। मांझी के नाम वापसी के बाद अब आप पार्टी चुनावी मैदान से बाहर हो गई है। इस सियासी घटना ने आप के नेतृत्व को हिला कर रख दिया है। आप पार्टी के जिला अध्यक्ष सियाराम ठाकुर ने कहा कि टिकट पार्टी से जुड़े लोगों को देने की मैंने सिफारिश की थी। ऊपर वालों ने बगैर सोचे-समझे प्रत्याशी बना दिया। सियाराम ने आरोप लगाया है कि प्रत्याशी को लालच देकर नाम वापस कराया गया है। बता दें कि भाजपा के कद्दावर नेता में भागीरथी की गिनती होती है, आप ज्वाइन करने के बाद भी उनकी सदस्यता पार्टी ने समाप्त नहीं की थी। घर वापसी के लिए पार्टी के बड़े नेता लगातार संपर्क में थे। बाबा उदयनाथ भागीरथी के करीबी हैं, भागीरथी के घर वापसी में बाबा उदयनाथ का अहम योगदान माना जा रहा है। भागीरथी के आप प्रत्याशी बनाए जाने के बाद कांग्रेस के माहौल के बीच भाजपा संकट में नजर आ रहा था, लेकिन भागीरथी की घर वापसी के बाद अब भाजपा को बड़ी राहत मिली है।

धान खरीदी राज्य सरकार अपने दम पर करती है : सुशील

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपना एक और वायदा निभा दिया। छत्तीसगढ़ के किसानों की 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी प्रदेश भर में शुरू हो चुकी है। भाजपा धान खरीदी में रोक लगवाना चाहती है, उसने धान खरीदी बंद करने के लिये चुनाव आयोग में शिकायत किया है। संचार प्रमुख ने कहा कि धान खरीदी पर भारतीय जनता पार्टी झूठ बोल रही है। धान खरीदी में केन्द्र का योगदान है। धान खरीदी में केन्द्र का योगदान केवल इतना

ही है कि वह अन्य फसलों के समान धान का भी समर्थन मूल्य सिर्फ घोषित करता है। खरीदी राज्य सरकार करती है। जयराम रमेश ने उसी घोषित समर्थन मूल्य की बात कही है। मोदी सरकार का धान खरीदी में कोई योगदान नहीं है। धान खरीदी का पूरा का पूरा पैसा राज्य सरकार के द्वारा वहन किया जाता है। राज्य सरकार मार्कफेड के माध्यम से विभिन्न बैंको से कर्ज लेकर धान खरीदी करती है। किसानों को छत्तीसगढ़ में 2640 रूपये, देश ही नही दुनिया में सबसे ज्यादा कीमत भूपेश सरकार दे रही है। भारतीय जनता पार्टी नेता भ्रम फैलाने के लिये जबरिया वाहवाही लेने के लिये राजनीति कर रहे है। पिछले वर्श 107 लाख मीट्रिक धान की खरीदी कांग्रेस सरकार ने किया था। यह एक बड़ी उपलब्धि है। 15 साल में रमन सरकार के द्वारा इसका आधा धान ही खरीदा जाता था। इस वर्ष 135 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है।

आज अकलतरा में रोड शो करेंगे केजरीवाल और मान

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल आज छत्तीसगढ़ आएंगे। उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी रहेंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय संगठन महासचिव संदीप पाठक भी साथ आएंगे। आम आदमी पार्टी की तरफ से बताया गया है कि आप के तीनों नेता दोपहर 1:30 बजे रायपुर पहुंचेंगे। यहां से वे जांजगीर चांपा जिले के

अकलतरा जाएंगे। अकलतरा में आप के प्रत्याशी आनंद प्रकाश मिरी के समर्थन में रोड शो करेंगे। वहीं दोनों नेता 4 नवंबर को मस्तूरी और कवर्धा में रोड शो करेंगे।

भूपेश के लिए पत्नी और बेटी ने किया जनसंपर्क

कुम्हारी/नवप्रदेश। पाटन विधानसभा क्षेत्र के कुम्हारी में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। पाटन सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सीएम भूपेश बघेल के नामांकन दाखिल होने के बाद से क्षेत्र में कांग्रेसी नेताओं कार्यकताओं ने चुनावी गतिविधियां और तेज कर दिया है। रोजना वार्डो में प्रचार-प्रसार के साथ जनसंपर्क करते हुए मतदाताओं के मुहल्लों में दस्तक दे रहे हैं। कहीं बैठकें लिया जा रहा है तो कहीं जीत के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट किया जा रहा है। इसी कड़ी में चुनाव प्रचार के लिए मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी मुक्तेश्वरी बघेल व उनकी सुपुत्री स्मिता बघेल ने चुनावी प्रचार का कमान संभाल लिया है। मां-बेटी ने कुम्हारी पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 4 व 7

पहुंची जहां उनके द्वारा वार्डो में सघन जनसंपर्क किया गया। इस दौरान सीएम बघेल परिवार द्वारा मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग कर कांग्रेस के पक्ष में वोट मांगा गया। यहीं नहीं सीएम की पत्नी व पुत्री ने वार्डवासियों को कांग्रेस कार्यकाल के पांच वर्षों में हुए विकास कार्यों को बताया व प्रदेश के हर वर्गों के लिए संचालित योजनाओं से उन्हें मिलने वाले लाभों के संबंध में जानकारी दी। वहीं लोगों को कांग्रेस पार्टी द्वारा किये गए घोषणाओं की जानकारी भी दी। जनसंपर्क में वार्ड पार्षद कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहें जिनके द्वारा चुनाव प्रचार किया गया इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी एवं उम्मीदवार को जीत दिलाने के लिए नारे भी लगाए।

भूपेश सरकार ने 40 लाख लोगों को गरीबी से बाहर निकाला : सुरेंद्र

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भूपेश सरकार में विगत 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ के सभी वर्गो के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आए हैं। आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक समृद्धि छत्तीसगढ़ की पहचान बनी है। 15 साल के रमन सिंह के कुशासन में कुपोषण, एनीमिया, मलेरिया से होने वाली मौत, बेरोजगारी, गरीबी और बदहाली ही छत्तीसगढ़ की पहचान बना दी गई थी, नक्सलवाद प्रदेश में चरम पर था। पिछले पांच वर्षो में भूपेश सरकार की योजनाओं के

चलते छत्तीसगढ़ में 40 लाख लोग बहुआयामी गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं। राज्य में शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों की संख्या में कमी आई है। प्रदेश के तीन जिलों कबीरधाम, सरगुजा और दंतेवाड़ा में 23 से 25 फीसदी लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। यह हम नहीं नीति आयोग द्वारा जारी की गई रिपोर्ट कह रही है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक को लेकर नीति आयोग द्वारा जारी इस रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ में 13.53 फीसदी लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं। 2020 की प्रोजेक्टेड जनसंख्या में तो यह संख्या 39 लाख 90 हजार से ज्यादा है। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली आबादी का अनुपात छत्तीसगढ़ में रमन राज में में 29.90 प्रतिशत था। जो भूपेश सरकार में घटकर 19.37 फीसदी रह गई।

पीएम मोदी ने कका नहीं छत्तीसगढ़ की जनता का मखौल उड़ाया : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। गुरूवार को राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यध सुशील आनंद शुक्ला ने पत्रकरों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ में अभी तक की कुल 5 जनसभाओं में कुल 139 बार झूठ बोल चुके हैं, अब छत्तीसगढ़ के लोग प्रधानमंत्री की बातों को गंभीरता से लेना बंद कर चुके हैं। मोदी, कांग्रेस एवं भूपेश बघेल से इतना डरे हुए है कि 45 मिनट में 54 बार कांग्रेस का नाम लिये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर से सार्वजनिक झूठ बोलकर प्रधानमंत्री पद की गरिमा को गिराया। मोदी ने अपने भाषण में सिर्फ झूठ और झूठ ही बोला। जिस राज्य में उनकी पार्टी की सरकार बनने की कोई संभावना नहीं वहां पर मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण में लोगों को आमंत्रित करना इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री मुंगेरी लाल के सपने भी देखते है। प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ की जनता के द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्यार से दिये गये कका संबोधन का मखौल उड़ाकर छत्तीसगढ़ का अपमान किया है।

बैकुंठपुर विधानसभा में होगा आठ प्रत्याशियों के बीच मुकाबला

कोरिया/नवप्रदेश। जिले में विधानसभा निर्वाचन की सरगर्मी, गुलाबी ठंड में बढ़ी हुई है। निर्वाचन कार्य मे जुटे अधिकारियों-कर्मचारियों के नहाने व भोजन का समय अन्य दिनों के अपेक्षा बदल चुका है। विधानसभा बैकुंठपुर निर्वाचन में नामांकन पत्र जमा करने के पश्चात नाम वापसी की 2 नवम्बर को अंतिम तिथि थी।

निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार अब आठ प्रत्याशी चुनावी मैदान में होंगे। भारतीय जनता पार्टी से भइया लाल राजवाड़े, कांग्रेस से अम्बिका सिंहदेव, आम आदमी पार्टी से डॉ. आकाश कुमार, जनता

कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) से दुर्गेश साहू, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से मेजर प्रसाद यादव, समाजवादी पार्टी से सोमार साय लोहार, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से संजय सिंह कमरो तथा निर्दलीय प्रत्याशी बृजमोहन साहू है। बता दें कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी एवं आम आदमी पार्टी, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दल है, वहीं छत्तीसगढ़ राज्य से एकमात्र राज्यस्तरीय मान्यता दल जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) है और अन्य गैर मान्यता प्राप्त पंजीकृत दल है। आज इन प्रत्याशियो को चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दी गई।

भारतीय जनता पार्टी को कमल, कांग्रेस को हाथ, आम आदमी पार्टी को झाड़ू, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी को बांसुरी, समाजवादी को साइकिल, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को आरी तथा निर्दलीय प्रत्याशी को एयर कंडीशनर चिन्ह प्रदान की गई है। बैकुंठपुर विधानसभा निर्वाचन में महज 14 दिन बचे हैं। 17 नवम्बर को सुबह 8 बजे से सभी 306 मतदान केन्द्रों में विधानसभा के दो लाख से अधिक मतदाताओं द्वारा मतदान किया जाएगा।

वानखेड़े में सचिन की लगी मूर्ति

अहमदनगर के शिल्पकार प्रमोद कांबले ने बनाई है मूर्ति

मुंबई। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने वानखेड़े स्टेडियम में सचिन तेंदुलकर के स्टैच्यू का इनॉगरेशन किया। सेरेमनी शाम 5 बजे हुई। सचिन की प्रतिमा स्टेडियम में सचिन तेंदुलकर स्टैंड के पास लगाई गई है। यह प्रतिमा उनके जीवन के 50 सालों को समर्पित है। इस साल अप्रैल में सचिन ने अपना 50वां जन्मदिन मनाया था। जय शाह बोले कि, सचिन तेंदुलकर क्रिकेट को अपने परिवार से भी ऊपर रखते थे। जब सचिन 1999 में वर्ल्ड कप खेल रहे थे, तब उनके पिता का निधन हो गया था। इसके बाद वह फिर से इंग्लैंड गए और केन्या के खिलाफ शतक बनाया और इसे अपने दिवंगत पिता और देश को समर्पित किया।

स्टैच्यू बनने की बात पर सचिन तेंदुलकर ने इस साल मार्च में कहा था, मुझे बहुत खुशी हो रही है। 1988 में वानखेड़े में यह सब शुरू हुआ। यहीं मैंने अपना पहला रणजी मैच खेला। मेरे प्रोफेशनल प्लेयर बनने से पहले यहीं पर कोच आचरेकर सर ने मुझे फटकार लगाई थी और उसके बाद से मैं एक सीरियस क्रिकेटर बन गया। ये मेरे लिए बहुत खास जगह है, इस जगह से मेरी बहुत ही खास यादें जुड़ी हुई हैं। वानखेड़े स्टेडियम में मेरा स्टैच्यू बनना बहुत बड़ी बात है। 2011 वनडे वर्ल्ड कप का फाइनल मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ही खेला गया था। यहां भारत ने श्रीलंका को हराकर 28 साल बाद वर्ल्ड कप अपने नाम किया। भारत पहली ऐसी मेजबान टीम बनी थी, जिसने वर्ल्ड कप जीता था। इससे पहले किसी टीम ने अपनी जमीन पर वर्ल्ड कप नहीं जीता था। इसके साथ ही सचिन तेंदुलकर का वर्ल्ड कप जीतने का सपना भी पूरा हुआ था। सचिन भारत के दूसरे क्रिकेटर हैं जिनका स्टैच्यू स्टेडियम में लगा है। अब तक सिर्फ पूर्व भारतीय कप्तान कर्नल सीके नायडू के ही तीन अलग-अलग जगह स्टैच्यू लगे हैं। इनमें इंदौर का होलकर स्टेडियम, नागपुर का विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम और आंध्र का ड्डस्क्र स्टेडियम शामिल है। भारत के पूर्व बल्लेबाज राहुल द्रविड़ के नाम भी बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर एक दीवार है। जिस पर तीन शब्द कमिटमेंट, क्लास और कंसिस्टेंसी लिखे हैं। ये तीनों शब्द राहुल द्रविड़ की पर्सनैलिटी को बखूबी बयां करते हैं।

रिपोर्टर बनकर मुंबई में फैंस से मिले सूर्यकुमार

मास्क लगाए सूर्या को पहचान नहीं सके लोग

टीम इंडिया के मिडिल ऑर्डर बैटर सूर्यकुमार यादव बुधवार को मुंबई के मरीन ड्राइव पर रिपोर्टर बनाकर फैंस से सवाल-जवाब किए। इस दौरान सूर्या फेस मास्क पहने हुए थे। उनके हाथ में एक कैमरा भी था। सूर्या लोगों से बातचीत करते हैं, लेकिन उन्हें कोई पहचान नहीं पाता है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने यह मजेदार वीडियो शेयर किया है। BCCI ने जो वीडियो शेयर किया है, इस वीडियो में सूर्या मास्क और चश्मा लगाकर अपने कमरे से बाहर निकलते हैं और रवींद्र जडेजा भी उन्हें नहीं पहचान पाते हैं। इसके बाद सूर्या उन्हें बताते हैं कि वह मरीन ड्राइव जा रहे हैं। जडेजा कहते हैं कि उन्हें कोई नहीं पहचान पाएगा। होटल से निकलकर सूर्या मरीन ड्राइव जाते हैं और फैंस से मुंबई और वर्ल्ड कप के बारे में सवाल-जवाब करते हैं। इस दौरान उन्हें कोई भी पहचान नहीं पाता है।

रिटायरमेंट लेंगे डेविड

इंग्लैंड के लिए 113 इंटरनेशनल मैच खेले

इस साल ECB के अनुबंध में भी नहीं था नाम

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज डेविड विली ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। 33 साल के पेसर ने इंग्लैड के लिए अब तक 70 वनडे और 43 टी-20 मुकाबले खेले। अक्टूबर महीने में हुए श्वष्टक्च कॉन्ट्रैक्ट रिन्यूअल में भी उनका नाम नहीं था। विली को टेस्ट स्क्वाड में भी जगह नहीं मिली।विली इंग्लैंड के उन कुछ खिलाड़ियों में से हैं, जिन्होंने इस वर्ल्ड कप साउथ अफ्रीका से मिली करारी हार के बाद टीम में आने के बाद से भारत में पिछले चार हफ्तों में अपना शानदार प्रदर्शन दिखाया हैं। विली ने इस वर्ल्ड कप 27.20 की औसत से पांच विकेट लिए हैं और अपने तीन मैचों में निचले क्रम से 42 रन बनाए हैं। मई 2015 में वनडे वर्ल्ड कप के ग्रुप-स्टेज एलिमिनेशन के तुरंत बाद, विली ने मैलाहाइड में आयरलैंड के खिलाफ डेब्यू किया था। इसके बाद से विली लगातार इंग्लैंड नेशनल टीम के साथ वाइट बॉल क्रिकेट टीम का हिस्सा रहे हैं। विली ने अपना आखिरी टी-20 2022 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कैनबरा में खेला था। विली ने रिटायरमेंट की घोषणा करते हुए अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक पोस्ट में लिखा, ÷मैं कभी नहीं चाहता था कि यह दिन आए। बचपन से मैंने केवल इंग्लैंड के लिए क्रिकेट खेलने का सपना देखा है। इसलिए, बहुत सोचने के बाद मैने यह फैसला लिया है कि, इंटरनेशनल क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने का समय आ गया है। मैंने हमेशा बहुत गर्व के साथ शर्ट पहनी है और अपने सीने पर लगे बैज के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर दिया है।

वर्ल्ड कप: मैक्सवेल इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेलेंगे

ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल 4 नवंबर को अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ मैच में नहीं खेलेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। बोर्ड ने ट्वीट में बताया, मैक्सवेल सोमवार को गोल्फ कार्ट से फिसलकर गिर गए जिस वजह से वो चोटिल हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के हेड कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, हमारे लिए संतोषजनक बात यह है कि वह उनकी चोट ज्यादा गंभीर नहीं है। उन्हें ठीक होने में 6 से 8 दिनों का समय लग सकता है। बोर्ड ने यह भी बताया, मैक्सवेल के सिर में चोट लगी है। उन्हें कनकशन प्रोटोकॉल से गुजरना होगा। पाकिस्तान ने वर्ल्ड कप 2023 में मंगलवार 31 अक्टूबर को बांग्लादेश को 7 विकेट से हरा दिया। पाकिस्तान ने लगातार 4 हार के बाद जीत का स्वाद चखा।

इस जीत से पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम काफी खुश नजर आए। मैच के बाद बाबर ने उन सभी फैंस को को शुक्रिया कहा, जिन्होंने उनका सपोर्ट किया। पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में बाबर ने कहा, इस वर्ल्ड कप में पूरे समय सपोर्ट के लिए भारत के सभी फैंस का शुक्रिया। वे स्टेडियमों में आए और हमारा समर्थन किया, सभी को धन्यवाद। न्यूजीलैंड के रेगुलर कप्तान केन विलियमसन आज साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच में नहीं खेलेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को एक्स (ट्विटर) पर लिखा, विलियमसन ने पिछले दो दिनों में नेट्स पर बल्लेबाजी की है लेकिन वो साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच में वापसी नहीं करेंगे। विलियमसन को 13 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ मैच में चोट लग गई थी। उनका अंगूठा फ्रैक्चर हो गया था। उनकी गैरमौजूदगी में टॉम लैथम कप्तानी कर रहे हैं। बता दें, विलियमसन चोट की वजह से पिछले तीन मैच में भी नहीं खेले थे। विलियमसन ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच से मैदान पर छह महीने बाद चोट से वापसी की थी, लेकिन रन लेने के दौरान उन्हें चोटिल हाथ में ही बॉल लग गई।

दुनियाभर में धूम मचा रही विजय थलापति की फिल्म

540 करोड़ के पार हुआ लियो का वर्ल्डवाइड कलेक्शन

बॉक्स ऑफिस पर लियो का जलवा कायम है. फिल्म अपनी रिलीज के पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। फिल्म न सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है बल्कि वर्ल्डवाइड भी धांसू कलेक्शन कर रही है. बता दें कि विजय थलापति की फिल्म दुनियाभर में 540 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है. घरेलू बॉक्स ऑफिस पर लियो 300 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है. फिल्म ने 12 दिनों में 307.95 करोड़ रुपए कमाए हैं। वहीं दूसरी तरफ फिल्म ने वर्लडवाइड भी 543.35 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है. इस बात की जानकारी खुद फिल्म के प्रोडक्शन हाउस सेवन स्क्रीन स्टूडियो ने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए दी है। लोकेश कनगराज के डायरेक्शन में बनी फिल्म लियो ने दो दिनों में ही वर्ल्डवाइड 100 करोड़ कमा लिए थे. यह विजय थलापति के करियर की ब्लॉकबस्टर मूवीज में से एक है। इसके साथ ही लियो विजय की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का रिकॉर्ड भी बना चुकी है।

विजय थलापति की फिल्म लियो हिमाचल प्रदेश के एक छोटे से कस्बे के रहने वाले एक शख्स की कहानी है. वह एक कैफे चलाता है और अपनी वाइफ के साथ रहता है। वह बचपन से ही अनाथ है और वह जंगली जानवरों को मुश्किलों से बचाता है. वह अपने इलाके में किसा हीरो से कम नहीं समझा जाता. हालांकि वह ड्रग कार्टेल के निशाने पर फंस जाता है। लियो में विजय थलापति ने लीड रोल अदा किया है। उनके साथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन दिखाई दी हैं जिन्होंने उनकी पत्नी का किरदार अदा किया है. वहीं फिल्म में संजय दत्त विलेन की भूमिका अदा करते दिखे हैं।

नेहा मलिक ने ढाया कहर, ग्लैमरस लुक पर फिदा हुए फैंस

भोजपुरी क्वीन नेहा मलिक आए दिन अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस का दिल मचल देती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। हाल ही में नेहा मलिक ने अपना रिवीलिंग लहंगा पहनकर बेहद ही हॉट फोटज क्लिक करवाई हैं। इन तस्वीरों में उनके स्टाइलिश ब्लाउज ने सभी फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। एक्ट्रेस नेहा मलिक का नाम भोजपुरी इंडस्ट्री की बोल्ड अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल है। उनकी हर एक सिजलिंग और हॉट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही तेजी से वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर सोशल मीडिया पर बीच तबाही मचा दी है। नेहा मलिक ने अपनी लेटेस्ट फोटोज क्लिक करवाते समय एक से बढ़कर एक किलर किलर पोज दिए हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस नेहा मलिक कैमरे के सामने अपनी बलखाती हुई कमर फ्लॉन्ट करते हुए लोगों को अपना दीवाना बना रही हैं। अभिनेत्री ने चमचमाता हुआ रेड लहंगा पहना हुआ है और साथ ही डीपनेक ब्लाउज से अपने इस लुक को टीम अप किया है। सिर पर मांगटिका, माथे पर बिंदी, कानों मे झुकमें, गले में नेकलेस, खुले बाल और मिनिमल मेकअप करे के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस नेहा मलिक अपने चाहने वालों को हमेशा अपने लुक से मदहोश कर देती हैं। उनकी ये ही अंदाज इंटरनेट पर काफी ट्रेंड भी करता है।

बिजनेस

एलपीजी सिलेंडर 100 रुपये महंगा एक महीने में दूसरी बार वृद्धि

नई दिल्ली। तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार को कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 101.5 रुपये की बढ़ोतरी की, जो 1 नवंबर से ही लागू है। संशोधित दरों के अनुसार, दिल्ली में 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर अब 1,731 रुपये से बढ़कर 1,833 रुपये होगा। एक महीने में यह दूसरी बार है जब कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी की गई है।

मुंबई में एक कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत 1,785.50 रुपये होगी, वहीं कोलकाता में लोगों को इसके लिए 1,943 रुपये चुकाने होंगे और चेन्नई में इसकी कीमत 1,999.50 रुपये प्रति सिलेंडर होगी। 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत तेल विपणन कंपनियों - इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन द्वारा बढ़ा दी गई है। हालांकि घरों में खाना पकाने के लिए उपयोग की जाने वाली घरेलू एलपीजी की कीमत में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

अक्टूबर में यूपीआई ने तोड़ा रिकॉर्ड, 17.16 लाख करोड़ रु. पहुंचा

नई दिल्ली। यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन अक्टूब र में 17.16 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। आंकड़ों के मुताबिक यह इस साल सितंबर में 15.8 लाख करोड़ रुपये से 9 प्रतिशत अधिक है। रियल टाइम पेमेंट प्लेटफॉर्म चलाने वाली नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों से पता चला है कि मात्रा के संदर्भ में भी लेनदेन की संख्या रिकॉर्ड 11.41 बिलियन तक पहुंच गई, जो सितंबर में 10.56 बिलियन की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक है। एनपीसीआई के अनुसार, नवीनतम आंकड़ों के आधार पर, यूपीआई ने लेनदेन की मात्रा के मामले में साल-दर-साल 55 प्रतिशत और मूल्य के मामले में 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। यूपीआई ने सितंबर में 10.56 बिलियन का लेनदेन वॉल्यूम दर्ज किया और अगस्त में 10 बिलियन का आंकड़ा पार कर लिया था। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया, अक्टूबर 2023 में 11 बिलियन से अधिक यूपीआई लेनदेन किए गए। लोग यूपीआई के साथ रियल टाइम में मोबाइल से निर्बाध भुगतान कर रहे हैं।

एड फ्री होंगे फेसबुक और इंस्टाग्राम मेटा ने लॉन्च किए सब्सक्रिप्शन प्लान

नई दिल्ली। मेटा ने अपने इंस्टाग्राम और फेसबुक यूजर्स को जोरजदार झटका दिया है। अब इन दोनों ही प्लेटफॉर्म में यूजर्स को यूजर्स को पैसे देने पड़ सकते हैं। दरअसल मेटा ने इंस्टाग्राम और फेसबुक के लिए ऐड फ्री सब्सक्रिप्शन प्लान पेश किया है। मेटा के इन पेड सब्सक्रिप्शन प्लान की चर्चा सोशल मीडिया में पिछले काफी दिनों से चल रही थी। आपको बता दें कि फेसबुक और इंस्टाग्राम पहले ऐड फ्री प्लान्स का विरोध करते रहे हैं। कंपनी यूजर्स को फ्री सर्विस देने पर भरोसा करती रही है। लेकिन यूरोपीय संघ के प्रेशर के बाद अब कंपनी ने को्स्र स्नह्दद्द प्लान्स पेश करना पड़ा है। हालांकि राहत की बात यह है कि मेटा ने ये प्लान्स सिर्फ यूरोपीय यूजर्स के लिए जारी किए हैं।

मेटा ने अपने ऐड फ्री सब्सक्रिप्शन प्लान यूरोपीयन यूनियन, यूरोपियन इकोनॉमिक एरिया और स्विट्जरलैंड में रहने वाले यूजर्स के लिए पेश किया है। कंपनी अब अपने ग्राहकों को इस सब्सक्रिप्शन प्लान के जरिए ऐड फ्री सर्विस देगी। जो यूजर्स नहीं चाहते कि स्ट्रीमिंग करते समय या फिर दूसरे काम के बीच में ऐड आए प्लान खरीद सकते हैं। आपको बता दें कि मेटा ने स्मार्टफोन यूजर्स और वेब यूजर्स दोनो के लिए अलग अलग रिचार्ज प्लान लॉन्च किए हैं। एंड्रॉयड और आईओएस यूजर्स के लिए कंपनी ने 9.99 यूरो यानी लगभग 881 रुपये का प्लान लॉन्च किया है जबकि वहीं वेब यूजर्स के लिए 12.99 यूरो यानी लगभग 1145 रुपये का प्लान लॉन्च किया है।

एयरटेल ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में लॉन्च किया इनोवेटिव मार्केटिंग कम्युनिकेशंस प्लेटफॉर्म

छत्तीसगढ़। भारत की प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी तरह का पहला मार्केटिंग कम्युनिकेशन प्लैटफॉर्म - एयरटेल आइक?यू रीच लॉन्च करने की घोषणा की।

छोटे व मध्यम वर्ग के व्यवसाई (एसएमबी) को उनके ग्राहकों की आवश्यकतानुसार सहभागिता रणनीति के अनुरूप अपने वव्यवसाइक संदेशों को बेहतर बनाने की क्षमता प्रदान करने के लिए डिजाइन किये गए इस प्लैटफॉर्म से शहर में व्यवसाईयों को किफायती तरीके से अपने-अपने लक्षित ग्राहकों तक पहुँचने में आसानी होगी। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में पर्यटन, रियल एस्टेट, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा, ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल्स, रेस्तरां और आतिथ्य जैसे क्षेत्रों से जुड़े व्यवसाय अब बस https://www.airtel.in/business/bwb/airtel-iq/dashboard/#/ पर वन स्टॉप डेस्टिनेशन पर लॉग इन कर सकते हैं।

बिग बॉस 17 के घर से बाहर हुई सोनिया बंसल

एक्ट्रेस सोनिया बंसल बिग बॉस सीजन 17 के घर से बाहर होने वाली पहली कंटेस्टेंट बन गई हैं। और उन्होंने कहा कि वह वाइल्डकार्ड एंट्री के रूप में वापस आना चाहती है, क्योंकि कई चीजें हैं जो पीछे रह गई हैं, और वह और ज्यादा खेलना चाहती है।शो के मेगास्टार और होस्ट सलमान खान ने घर में हो रही लड़ाइयों पर घरवालों को समझाया और फिर एविक्शन को लेकर चर्चा की।नॉमिनेटेड कंटेस्टेंट्स में सनी आर्य, सोनिया, ऐश्वर्या शर्मा, नील भट्ट और सना रईस खान शामिल थे। दबंग होस्ट ने पब्लिक के वोटों के रिजल्ट का खुलासा किया और बताया कि सना और सोनिया को सबसे कम वोट मिले हैं। इन दोनों का भाग्य अधर में लटक गया, और यह तय करना घर के सदस्यों पर छोड़ दिया गया कि बिग बॉस के मोहल्ले में कौन रहेगा और कौन बाहर निकलने वाला पहला शख्स होगा। घर के सदस्यों से मिले कम वोटों के कारण, सोनिया बंसल का यह सफर खत्म हो गया। सोनिया, दोस्तों से धोखा खाने और बायस्ड सीजन की पहली शिकार हुई। घर के सदस्यों के अपर्याप्त वोटों के कारण, सोनिया के लिए यह रास्ता ख़त्म हो गया, जिससे वह अपने तथाकथित दोस्तों से धोखा खाने के बाद पक्षपात के सीज़न की पहली शिकार बन गई।शो में अपनी दो सप्ताह की लंबी यात्रा के दौरान, सोनिया ने अपने डांस मूव्स और ग्लैमरस से दर्शकों का एंटरटेन किया। उन्होंने फिरोजा खान उर्फ खानजादी, ऐश्वर्या शर्मा, नील, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, ईशा मालविया और अभिषेक पांडे से दोस्ती की।अपने एविक्शन पर सोनिया ने कहा, मैं जाहिर तौर पर वाइल्डकार्ड के रूप में वापस आना चाहूंगी। मैं और खेलना चाहती हूं, कई चीजें पीछे छूट गई हैं और मैं इस बात से काफी दुखी हूं।एक कंटेस्टेंट के रूप में मन्नारा के बारे में बात करते हुए, सोनिया ने कहा, वह लोगों को अपना दोस्त बनाती है, फिर उनसे बातें कहती है और उनके साथ मिसबिहेव करती है। मुझे लगता है कि फुटेज के लिए यह सब उनका प्लान है।सोनिया ने अंकिता और विक्की के बार में बात करते हुए कहा- मैं विक्की के करीब नहीं थी। मैं अंकिता के थोड़ी करीब थी।

न्यूज गैलरी

सिम्स में अव्यवस्था पर हाईकोर्ट सख्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने सिम्स की अव्यवस्था को लेकर सख्त आदेश दिए है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सिम्स में एक पूर्णकालिक IAS अफसर को तैनात करने के आदेश दिए है। कोर्ट ने महाधिवक्ता को निर्देशित करते हुए कहा है कि मुख्य सचिव से बात कर सिम्स में IAS अफसर की पोस्टिंग तुरंत कराएं। चीफ जस्टिस के बेंच में आज मामले की सुनवाई हुई, कोर्ट ने सिम्स प्रबंधन के जवाब से संतुष्ट नहीं हुए और गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि 15 दिन बाद कोर्ट कमिश्नर और हेल्थ सेक्रेटरी की टीम अलग अलग सिम्स की जांच करें कि उसमे कितना सुधार हुआ है। गौरतलब है कि सिम्स की खामियों पर मीडिया में प्रकाशित खबरों पर संज्ञान लेते हुए चीफ जस्टिस ने पीआईएल दर्ज किया है। सिम्स की व्यवस्था से मरीजों की लगातार हो रही मौत पर चिंता जाहिर की थी। प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने न्याय मित्र की टीम गठित कर सिम्स मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा था। न्यायामित्रों को रिपोर्ट में वीडियो ग्राफी और फोटोग्राफ्स भी देने के निर्देश दिए थे। जब निरीक्षण के बाद न्याय मित्रों ने रिपोर्ट सौंपी तो उसे देखकर हाईकोर्ट सकते में आ गया। कोर्ट ने वीडियो क्लिप और डीएम की रिपोर्ट में जमीन आसमान का अंतर होने पर नाराजगी व्यक्त की। कोर्ट ने कहा कि यंग आईएएस से बहुत उम्मीद रहता है किंतु यह कैज्यूवल रिपोर्ट है। हाईकोर्ट ने सिम्स मेडिकल कॉलेज में इलाज के नाम पर लापरवाही और अव्यवस्था को लेकर तल्ख टिप्पणी की है। कोर्ट ने सुनवाई में उपस्थित अधिकारियों और मेडिकल कॉलेज प्रबंधन पर नाराजगी जाहिर की थी। इस नाराजगी के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया था। विभाग के आला अधिकारी भी सिम्स पहुंचकर निरीक्षण किया था।

गोदाम पर छापा, 500 से अधिक क्रिकेट किट जप्त

सक्ती/नवप्रदेश। 7 नवंबर को राज्य मेंपहले चरण का मतदान होना है। अब तक राज्य में अलग-अलग जिलों में चेकिंग के दौरान करोड़ों के सोने-चांदी के जेवरात, कैश, साड़ी-कपड़े समेत अन्य सामग्रियां पुलिस ने जब्त की है। इसी कड़ी में बुधवार को सक्ती जिले में उड़नदस्ता (थ्ैज) ने कार्रवाई करते हुए एक गोदाम में छापा मार कर चुनाव में बांटने के लिए रखी गई क्रिकेट किट जप्त की गई। सक्ती जिले में उड़न दस्ता (एफएसटी) की टीम को एक गोदाम में चुनाव में मतदाताओं को बांटने के लिए खेल सामग्री रखने की सूचना मिली थी। इस पर एक्शन लेते हुए टीम ने गोदाम पर छापा मारा. इस दौरान टीम ने मौके से बरामद 500 क्रिकेट किट जप्त कर ली है। जप्त किट की कुल कीमत 3 लाख रुपए आंकी गई है.

युवक से तांबा तार और बाईक जप्त

कोरबा/नवप्रदेश। गश्त के दौरान मुखबीर से मिली सूचना पर कार्वाई करते हुए एक युवक से 30 किलो तांबा और एक एक बाइक जप्त की। थाना प्रभारी बांगो निरीक्षक मनीष चन्द्र नागर के नेतृत्व में बुधवार को बागों स्टाफ के देहात भ्रमण पर ग्राम मानिकपुर की ओर रवाना हुआ था कि ग्राम मानिकपुर में मुखबीर से सूचना मिली कि मानिकपुर गांव के पास खार में एक संदिग्ध व्यक्ति तांबे के केबल वायर को चोरी कर तांबा निकालने एवं बेचने के लिये जला रहा है. सूचना पर पुलिस टीम के द्वारा दबिश देकर घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम टीकम उर्फ मोनू गुप्ता पिता स्व. विजय कुमार गुप्ता उम्र 28 वर्ष साकिन इन्द्राचौक पथरीपारा कोरबा का निवासी होना बताया जिसके कब्जे से 30 किलोग्राम तांबा का तार एक प्लास्टिक बोरी में रखा हुआ कीमती 18000 रूपये एवं होण्डा कम्पनी का एक नग मोटर सायकल एसपी साईन 125 क्रमांक छ्त्र 12ङ्ग 1582 कीमती 35000 रूपये. जुमला कीमती 53000 रूपये मिला। चोरी के संदेह पर आरोपी टीकम गुप्ता उर्फ मोनू गुप्ता पिता स्व. विजय कुमार गुप्ता उम्र 28 वर्ष साकिन इन्द्राचौक पथरीपारा कोरबा थाना सिविल लाईन रामपुर कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) के कब्जे से 30 किलोग्राम तांबा का तार एवं एक नग मोटर सायकल एसपी साईन 125 क्रमांक छ्त्र 12ङ्ग 1582 को कब्जा पुलिस लिया गया। उक्त मशरुका एवं मोटर सायकल चोरी का होने के पूर्ण संदेह पर आरोपी को 41(1-4) जा फौ / 379 भादवि के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

नक्सलियों ने बांधा बैनर लिखा जिंदगी वोट से नहीं सघर्ष से मिलेगी

ग्राम के गायता व पटेल को चुनाव से दूर रहने की दी चेतावनी

कांकेर/नवप्रदेश। मतदान की तिथी जैसे जैसे करीब आती जा रही है नक्सलियों की सक्रियता भी बढ़ती जा रही है। पिछले कुछ दिनों से नक्सली लगातार बैनर पोस्टर बांध कर चुनाव बहिष्कार करने की चेतावनी दे रहे हैं। इस बार नक्सलियों ने क्षेत्र के ग्राम पटेल व गायता को बैनर के माध्यम से धमकी दी है कि वे चुनावी पार्टियों से दूर रहें। बांदे थाना क्षेत्र स्टेट हाईवे में ग्राम जनकपुर में नक्सलियों ने रात में बड़ी संख्या में बैनर बांधा है। नक्सलियों ने पहली बार दहशत फैलाने के लिए गुब्बारे का उपयोग किया है जिससे ग्रामीणों में दहशत बना हुआ है कि कहीं बैनर के आस पास नक्सलियों ने बम तो प्लांट नहीं किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 31 अक्टूबर को ग्राम जनकपुर के ग्रामीणों से सूचना मिली कि स्टेट हाईवे क्रमांक 25 में सड़क किनारे नक्सलियों ने बड़ी संख्या में बैनर बांधा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बैनर को जप्त कर लिया है। नक्सलियों ने पहली बार बैनर के साथ में गुब्बारा लगाया है जिससे लोगों में दहशत बना हुआ है। बैनर के माध्यम से नक्सलियों ने चुनाव बहिष्कार करने की चेतावनी दिया है। साथ ही गांव के ग्राम पटेल व गायता को भी धमकी दिया है कि वे लोग चुनावी पार्टियों से दूर रहें। नक्सलियों ने बैनर में लिखा है कि जिंदगी वोट से नहीं सघर्ष से मिलेगी। नक्सलियों ने भाजपा को ब्राम्हणवादी, हिन्दुत्व, फांसीवादी करार देते हुए उनको भगाने की अपील एवं दमनकारी कांग्रेस का विरोध करने का अपील किया है। अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में लगातार बैनर पोस्टर बांधे जाने से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। नक्सली बार बार वोटरों को चुनाव से दूर रहने की चेतावनी दे रहे हैं।

बैनर हटाने पर खतरे का जिक्र भाकपा माओवादी परतापुर एरिया कमेटी ने बैनर पोस्टर एवं बैलुन लगाकर छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी दिया है। नक्सलियों ने बैनर लगाने की जिम्मेदारी लेते हुए उसमें बैनर हटाने पर खतरे का जिक्र लिखा है जिससे लोगों में दहशत है कि कहीं ना कहीं नक्सलियों ने बैनर के आस पास आईडी बम प्लांट किया होगा जिसे हटाने पर ब्लास्ट भी हो सकता है। मौके पर पहुंची पुलिस ने बैनर जप्त कर इलाके में सर्चिंग अभियान तेज कर दिया है। चुनाव बिगाड़ने की तैयारी में नक्सली जब से विधानसभा चुनाव की तारीख का ऐलान हुआ है तब से नक्सलियों की सक्रियता भी बढ़ गई है। वे अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए जगह जगह पर बैनर पोस्टर व पर्चा फेंक रहे हैं। विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी उनके द्वारा लगातार दिया जा रहा है। कहीं ना कहीं वे चुनाव को बिगाड़ने की कोशिश में कोई बड़ी योजना बना रहे हैं। नक्सलियों से लोहा लेने के लिए शासन ने सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था किया है जिसके कारण नक्सल मोर्चे पर तैनात सुरक्षाबलों ने अब तक नक्सलियों को मुंह तोड़ जवाब दिया है जिससे कहीं ना कहीं नक्सली बौखलाहट में हैं।

खेत गई महिला पर भालू का हमला

- मरने का नाटक किया तो मरा समझकर भाग गया भालू
- महिला की सूझबूझ की जमकर हो रही सराहना माकडीखुना का मामला

कांकेर/नवप्रदेश। वन परीक्षेत्र कांकेर अंतर्गत ग्राम माकड़ी खूना में खेत गई एक महिला पर भालू ने हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल महिला अपनी जान बचाने के लिए खेत में ही सांस रोककर सो गई। महिला को मरा हुआ समझकर भालू उसे छोड़कर वहां से भाग गया। भालू के जाने के बाद घायल महिला किसी तरह से घर पहुंची जिसे परिजन अस्पताल पहुंचाए जहां पर उसका उपचार चल रहा है। ग्राम माकड़ी खूना निवासी मालती नरेटी उम्र 40 वर्ष पति रविन्द्र नरेटी ने बताई कि वह शनिवार को शाम करीब 4 बजे खेत की तरफ फसल को देखने के लिए अकेली गई थी। खेत में पहुंची ही थी कि एक भालू झाड़ियों में से बाहर निकला और उस पर हमला कर दिया। भालू के हमले से वह खेत में गिर गई जिसके बाद भालू झपट्टा मारकर उसके चेहरे को नोंचने की कोशिश किया लेकिन उसने अपने चेहरे को बचाने के लिए अपना हाथ आगे किया तो उसके हाथ और जंघा में पंजा मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वह खेत में पेट के बल लेटकर सांस रोककर सो गई। भालू उसके पास आया उसे सुंघा और वहां से थोड़ी दूर जाकर खेत के मेढ़ में बैठ गया। भालू करीब 1 घंटे तक खेत के मेढ़ में बैठा रहा वह बार बार महिला के पास हमला करने के लिए आता और उसे मरा हुआ समझ कर फिर से चला जाता था। महिला अपने आप को बचाते हुए भालू को देख रही थी करीब एक घंटे बाद जब भालू वहां से हटा तो घायल महिला खेत में से भागते हुए थोड़ी दूर आगे दूसरे खेत में काम कर रहे मजदूरों को मदद के लिए आवाज लगाई। मजदूरों ने गंभीर रूप से घायल महिला को उसके घर पहुंचाया, जहां से परिजनों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां पर उसका उपचार चल रहा है। महिला ने बताया कि यदि वह खेत में मरने का नाटक नहीं करती तो भालू उसे नोच नोच कर मार डालता।

नवविवाहिता ने फांसी लगाई

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में करवा चौथ के दिन एक 23 वर्षीय नवविवाहिता ने म्यार में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें लिखा है कि मृतका ने अपनी मर्जी से फांसी लगाने की बात कही है। मृतका ने इस मामले में अपने पति को परेशान न करने की बात कही।

मामला हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़ापार बस्ती का है, जहां दीपका निवासी अंजली रात्रे नाम की महिला ने डेढ़ साल पहले मुड़ापार निवासी मनोज रात्रे से लव मैरिज की थी। दोनों की दो साल की एक बेटी भी है।

जानकारी के मुताबिक बुधवार एक नवंबर को दोपहर में सास-ससुर खेत गए थे। पति काम पर गया था और बच्ची खेल रही थी। करवा चौथ के दिन ही अंजली ने फांसी लगाकर जान दे दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जब परिजन घर लौटे, तब अंजली फांसी पर लटकी मिली। वो यह दृश्य देखकर हैरान रह गए। अंजली की मौत के बाद से पूरे परिवार में मातम का माहौल है। सुसाइड नोट मिला है, लेकिन मौत की वजह स्पष्ट नहीं है।

हरदीबाजार थाना प्रभारी नितिन उपाध्याय ने बताया कि घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम करवाया गया। फिलहाल पुलिस मामले में बयानों के आधार पर आगे की तफ्तीश में जुट गई है।

शासकीय भूमि पर कब्जा किए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने अवैध कब्जा हटाने की मांग की

- नायब तहसीलदार ने पटवारी को मौके पर जाकर प्रतिवेदन भेजने दिए निर्देश

पाटन/नवप्रदेश। ग्राम मोतीपुर में पंचों और ग्रामीणों ने मनीषा अग्रवाल पति संतोष अग्रवाल पर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर मकान और दुकान बनाने की शिकायत की है। नायब तहसीलदार पाटन को सौपे ज्ञापन में मांग किया है की जल्द जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई की जाएं जानकारी मिली है की नायब तहसीलदार ने हल्का पटवारी को मौके पर जाकर प्रतिवेदन बनाकर तत्काल भेजने के निर्देश दिए है।

नायब तहसीलदार को सौपे ज्ञापन में बताया गया है की ग्राम मोतीपुर तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) के शासकीय भूमि खसरा नं. 321 रकबा 3.390 हे. मे लगभग 2000 वर्गफीट भूमि पर मनीषा अग्रवाल पति संतोष अग्रवाल द्वारा व्यवसायिक कॉम्पलेक्स एवं मकान बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया है। जिससे गांव के लोगो को नलकूप मे पानी भरने जाने का रास्ता अवरुद्ध हो गया है। आवेदन सौपने वालो ने बताया की उक्त रास्ते से आवागमन करते है। शासकीय भूमि मे अतिक्रमण कर लेने के कारण से ग्रामवासी का रास्ता अवरुद्ध हो गया है तथा वर्तमान मे और भी निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा नलकूप के पास ग्राम पंचायत द्वारा बनाये गये सोक्ता को तोड़कर भूमि पर मकान निर्माण कर लिया गया है। जिससे नलकूप से निकलने वाले व्यर्थ उक्त पानी गली मे बहकर कीचड़ हो जाता है। जिसके कारण से लोगो बहुत परेशानीयां। ज्ञापन सौंपने में बल्लू पाल, धर्मेंद्र पाल, पंच उमेश्वरि , पंच गुलाब बाई, पंच सविता कौशिक, दुलारी बाई, नदन कुमारी, पुरुषोत्तम, जनक राम, जीतेश सहित अन्य मौजूद थे।

दीपावली के लिए बाजार सजकर तैयार

अच्छी ग्राहकी से दुकानदार खुश

रायपुर/नवप्रदेश। दीपावली के पर्व के लिए राजधानी के बाजार पूरी तरह से सजकर तैयार हैं और बाजार में त्योहारी खुमारी चढ़ने लगी है। त्योहारी ग्राहकी की अच्छी शुरूआत होने से इस बार दुकानदार भी खुश नजर आ रहे हैं। वहीं शहर के सभी बाजारों में अब ग्राहकी बढ़ने लगी है।

10 नवंबर से दीपोत्सव का आगाज हो जाएगा। धनतेरस के लिए ऑटोमोबाइल और सराफा लाइन में जोरदार उत्साह देखा जा रहा है। ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े सूत्रों ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी धनतेरस के लिए हजारों ग्राहकों ने एडवांस बुकिंग कराई है। इसमें दोपहिया वाहनों और चार पहिया वाहन शामिल हैं। धनतेरस में अपनी-अपनी पसंद का वाहन लेने रंग, मॉडल के आधार पर ग्राहकों ने नवरात्रि के दौरान ही बुकिंग करानी शुरू कर दी थी। इसी तरह चार पहिया वाहन के लेटेस्ट मॉडल और कलर के लिए भी ग्राहकों ने बुकिंग कराई है। सराफा लाइन में भी धनतेरस के लिए ग्राहकों का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। पिछले सप्ताह सोने की कीमत में आई उछाल के बाद भी अधिकांश ग्राहकों की पहली पसंद सोना ही बना हुआ है। हालांकि चांदी के दाम में भी उछाल दर्ज की गई है। लेकिन इसकी डिमांड केवल धनतेरस के दिन ही देखने को मिलेगी। सराफा कारोबारियों के अनुसार धनतेरस में चांदी के सिक्कों की डिमांड सबसे ज्यादा रहती है। लिहाजा अभी चांदी की डिमांड काफी कम है, केवल सोने की पूछ-परख हो रही है।

दीपोत्सव के लिए इलेक्ट्रानिक और इलेक्ट्रिकल्स की दुकानों में अच्छी ग्राहकी की शुरूआत नवरात्रि से ही शुरू हो गई है। नवरात्रि में रंगीन लाईटों, डिजाइनर लाईट, वॉल लैंप, स्काई लैंप के साथ ही तरह-तरह के रंगीन झालरों की डिमांड बनी हुई है। शहर के फूल चौक के आसपास संचालित थोक दुकानों में इसकी मांग लगातार बनी हुई है।

सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु के लिए करवा चौथ का रखा व्रत

कांकेर/नवप्रदेश। पति की लंबी आयु के लिए सुहागिन महिलाओं ने उपवास रखकर सुहाग की रक्षा की कामना की गई। शास्त्रों के अनुसार यह व्रत कार्तिक मास के कृष्णपक्ष की चन्द्रोदय व्यापिनी चतुर्थी के दिन करना चाहिए। पति की दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की अर्चना की जाती है। करवाचौथ में भी संकष्टीगणेश चतुर्थी के जैसे दिन भर उपवास रखकर रात में चन्द्रमा को अर्घ्य देने के उपरांत ही भोजन करने का विधान है। वर्तमान समय में करवाचौथ व्रतोत्सव अधिकतर महिलाएं अपने परिवार में प्रचलित प्रथा के अनुसार ही मनाती हैं लेकिन अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं।कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को करकचतुर्थी (करवा-चौथ) व्रत करने का विधान है। इस व्रत की विशेषता यह है कि केवल सौभाग्यवती स्त्रियों को ही यह व्रत करने का अधिकार है। स्त्री किसी भी आयु जाति, वर्ण, संप्रदाय की हो सबको इस व्रत को करने का अधिकार है। जो सौभाग्यवती (सुहागिन) स्त्रियाँ अपने पति की आयु, स्वास्थ्य व सौभाग्य की कामना करती हैं वे यह व्रत रखती हैं।